मौसम
तापमान
दिन 25.0 अधिकतम
रात 15.0 न्यूनतम
पूर्वानुमान
राजस्थान के कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बादल छाए रहेंगे।

जागो इंडिया जागो

सच ■ साहस ■ संकल्प से...



एआई ने दिया...
पेज 11

वर्ष : 01 ■ अंक : 13 | jagoindiajago.news | जयपुर, गुरुवार, 27 नवंबर, 2025 | 02 राज्य ■ 02 संस्करण | पृष्ठ: 12 ■ मूल्य: 3.00

ब्रीफ खबरें

कॉमेडियन कुणाल कामरा की टी-शर्ट पर विवाद गहराया



नई दिल्ली। कॉमेडियन कुणाल कामरा एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। सोशल मीडिया पर उनकी एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें वह एक टी-शर्ट पहने नजर आ रहे हैं। टी-शर्ट में छपी तस्वीर में एक डॉग की फोटो और 'आरएसएस' जैसा दिखने वाला अक्षर नजर आ रहा है। पूरा 'आर' साफ नहीं दिख रहा, इसलिए कई लोगों ने इसे 'पीएसएस' भी बताया। कामरा ने ये तस्वीर सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी। फोटो अब वायरल हो रही है। कामरा ने पोस्ट में लिखा, 'यह फोटो किसी कॉमेडी क्लब की नहीं है। भाजपा ने इसकी निंदा की है।

क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा के साले ने किया सुसाइड

नई दिल्ली। क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा के साले जीत पाबारी



(28) ने बुधवार को राजकोट में सुसाइड कर लिया। जीत ने घर में फंदे पर लटककर जान दे दी। एक साल पहले पूर्व मंगेतर ने रेप का केस दर्ज कराया था। परिजन सुसाइड को इसी केस से जोड़कर देख रहे हैं। जीत के कमरे में अभी तक कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पहले से लागू ओल्ड पेंशन स्कीम बंद नहीं होगी

जयपुर। सरकारी विभागों के अलावा जिन बोर्ड, निगमों, यूनिवर्सिटी और स्वायत्तशासी संस्थाओं में पहले से ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) लागू हो चुकी है, सरकार उसे बंद नहीं करेगी। कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद ओपीएस का फायदा मिलता रहेगा। वित्त विभाग ने नया आदेश जारी किया है। 31 अक्टूबर 2023 तक ओपीएस लागू हो चुकी है, उनमें यह योजना जारी रहेगी।

जागो इंडिया जागो
हिन्दी दैनिक अखबार
जागो इंडिया जागो
अखबार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 9333333046
पर संपर्क कर आज ही अपनी प्रति बुक कराएं।

कार्टून कोना



दिल्ली के वायु प्रदूषण से हाल-बेहाल: वकील के बाद सीजेआई तक ने बताई पीड़ा, सीनियर वकीलों के वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग की तैयारी

ठीक ढंग से सुबह टहल भी नहीं पाया, सांस लेने में तकलीफ हो गई: सीजेआई

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . नई दिल्ली

वायु प्रदूषण का मुद्दा लगातार सुप्रीम कोर्ट में उठ रहा है। अब मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि प्रदूषण के चलते दिल्ली में मॉर्निंग वॉक पर जाना भी मुश्किल हो गया है। बीते दिन 55 मिनट टहलने के बाद उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने लगी। सीजेआई ने ये टिप्पणी एसआईआर पर हो रही सुनवाई के दौरान की। वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने खराब स्वास्थ्य के कारण सीजेआई सेकोर्ट में सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील द्विवेदी ने सुझाव दिया कि 60 साल से ज्यादा उम्र के वकीलों को वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम



से उपस्थित होने की अनुमति दी जानी चाहिए। इसके बाद सीजेआई ने कहा, मैं सिर्फ पैदल व्यायाम करता हूं, लेकिन अब वह भी मुश्किल हो रहा है। मैं 55 मिनट चला और सुबह तक परेशानी होती रही। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि उन्होंने सैर पर



जाना ही बंद कर दिया है। सुनवाई से छूट मांगी। उन्होंने सैर पर जाना ही बंद कर दिया है। सिब्बल ने कहा, इस उम्र में गंदी हवा में सांस लेना मुश्किल है। द्विवेदी ने बताया कि सैर के बाद उनकी स्वास्थ्य समस्याएं शुरू हुईं। फिर सीजेआई ने सुझाव दिया कि सैर पर शाम को जाना चाहिए, तो सिब्बल ने ऐसा न करने की सलाह दी।

बार एसोसिएशन से बात कर लेंगे निर्णय

द्विवेदी ने अनुरोध किया कि सुनवाई वर्चुअल मोड में की जाए। सिब्बल ने इसका समर्थन किया। इस पर सीजेआई ने कहा, अगर ऐसा कोई फैसला लिया जाता है, तो मैं बार को विश्वास में लेना चाहूंगा। अगर कुछ किया जाना है और बार ऐसा सोचता है, तो यह एक समान नियम होना चाहिए। बार एसोसिएशन प्रस्ताव दे, तो हम विचार के लिए तैयार हैं। पदाधिकारियों से मिलूंगा और सुझावों से अवगत कराऊंगा।

पहले भी उठ चुका है प्रदूषण का मुद्दा

हाल ही अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि गले में खराश के कारण वह मुश्किल से बोल पा रहे हैं। इसके जवाब में सीजेआई ने कहा कि दिल्ली में यह समस्या आम है। इससे पहले जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने कहा था, स्थिति बहुत गंभीर है, आप सभी यहां क्यों उपस्थित हो रहे हैं? हमारे पास वर्चुअल सुनवाई की सुविधा है। इसका लाभ उठाएं। इस प्रदूषण से स्थायी नुकसान होगा।

सुनवाई में आयोग बोला, डर फैला रहे हैं राजनीतिक दल

सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर के खिलाफ दायर तमिलनाडु, बंगाल और केरल की याचिका पर सुनवाई हुई। चुनाव आयोग ने कहा, एसआईआर प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक दल जानबूझकर डर का माहौल बना रही हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने केंद्र और राज्य चुनाव आयोग को एक दिसंबर तक जवाब दाखिल करने को कहा है। अगली सुनवाई 2 दिसंबर को होगी। वहीं पश्चिम बंगाल की याचिका पर 9 दिसंबर को सुनवाई होगी।

दिल्ली विस्फोट: सफेदपोश आतंकी डॉक्टरों की मदद करने में आगे रहता था

डॉक्टर उमर की मदद करने वाला अल-फलाह का कर्मचारी गिरफ्तार

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . नई दिल्ली

लाल किले के पास कार विस्फोट मामले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसे आत्मघाती हमलावार डॉक्टर उमर नबी का सहयोगी बताया जा रहा है। आरोपी की पहचान फरीदाबाद निवासी सोयब के रूप में हुई है, जो अल-फलाह विश्वविद्यालय में कर्मचारी है। आरोप है कि सोयब ने उमर का साथ दिया था। अधिकारियों ने बताया कि धौज में रहने वाले सोयब ने विस्फोट से ठीक पहले उमर को शरण और रसद सहायता प्रदान की थी। जांच एजेंसी ने पहले गिरफ्तार डॉक्टर मुजम्मिल शकील गनई के साथ सोयब के घर का दौरा कर संदिग्धों की गतिविधियों की जांच की थी। फिर, सबूत मिलने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया है। सोयब को साजिश की जानकारी थी तथा उसने जानबूझकर आतंकी उमर को शरण दी थी। बताया जाता है कि कई बार इसी के जरिए पैसे अथवा हथियार का लेन-देन करवाया जाता था। इसके कुछ और साथी भी फरार बताए गए हैं।



साली का घर दिलाया

शोएब ने ही नूंह में उमर को अपनी साली अफसाना के घर में कमरा किराए पर दिलाया था। 10 नवंबर को दिल्ली ब्लास्ट से पहले 10 दिन उमर इसी घर में रहा था। विस्फोट वाले दिन, वह नूंह से ही दिल्ली के लिए रवाना हुआ था। दिल्ली ब्लास्ट केस में यह सातवीं गिरफ्तारी है। शोएब को स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 10 दिन की हिरासत में भेज दिया गया। उधर, एक आरोपी आमिर की भी रिमांड खत्म हो रही थी। उसे भी कोर्ट में पेश किया और दस दिन की रिमांड की मांगी।

आरोपी डॉक्टर ने मांगा था एडवांस

प्रमुख आरोपियों में एक डॉक्टर अदील अहमद राथर ने अस्पताल से एडवांस तनख्वाह मांगी थी। यह खुलासा उसकी



व्हाट्सऐप चैट से हुआ है। आरोपी ने तनख्वाह विस्फोट से 2 महीने पहले मांगी थी। जांचकर्ताओं को शक है कि आरोपी डॉक्टर ने मांगी गई धनराशि का इस्तेमाल आतंकवादी हमले के लिए किया था। आरोपी अभी जेल में है। जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग के सरकारी मेडिकल कॉलेज में पूर्व सीनियर रेजिडेंट अदील मार्च 2025 में उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के एक अस्पताल में कार्यरत थे। दिल्ली विस्फोट से पहले 'सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल' के तहत 6 नवंबर को गिरफ्तार किया गाय था। हालांकि, उन्होंने फोन से सभी संदेश डिलीट कर दिए थे।

खुलासे के बाद मिला था विस्फोटक

दिल्ली विस्फोट मामले में पुलवामा के डॉक्टर मुजम्मिल शकील गनई, अनंतनाग के डॉक्टर राथर, लखनऊ की डॉक्टर शाहीन सईद और शोपियां के मुफ्ती इरफान अहमद वागे प्रमुख आरोपी हैं, जो हिरासत में हैं। राथर की गिरफ्तारी के बाद फरीदाबाद में किराए के मकानों से 9 नवंबर को 2,900 किलो विस्फोटक और हथियार बरामद हुआ था। इसके एक दिन बाद डॉक्टर उमर ने लाल किले के पास विस्फोट कर दिया। उमर और राथर दोनों अनंतनाग में मेडिकल कॉलेज में मिले थे।

आदिल-डॉ. शाहीन को यूनिवर्सिटी लाएंगे

उधर, आतंकी मॉड्यूल में शामिल डॉ. मुजम्मिल शकील की निशानदेही के बाद अब जांच एजेंसी एनआईए डॉ. आदिल अहमद और डॉ. शाहीन सईद को अल-फलाह यूनिवर्सिटी लाएगी। अभी तक की जांच में सामने आया है कि डॉ. आदिल और डॉ. उमर नबी के बीच कई साल से दोस्ती थी। आदिल कई बार उमर से मिलने के लिए यूनिवर्सिटी आया था। वह यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में उमर के फ्लैट में ही रुकता था। यहां उसकी मुलाकात मुजम्मिल शकील और शाहीन सईद से हुई।

आईएसआई के लिए जासूसी करने वाला वकील गिरफ्तार



नूंह। पाकिस्तान की आईएसआई के लिए जासूसी के आरोप में नूंह पुलिस ने वकील रिजवान को गिरफ्तार किया है। वकील रिजवान गुरुग्राम की कोर्ट में प्रैक्टिस करता है। पुलिस ने दो दिन पहले पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। अब पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है। वकील के एक साथी को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वकील पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी को गुप्त सूचना देने के आरोप है। केंद्रीय जांच एजेंसी और जिला पुलिस टीम बुधवार की सुबह गांव खरखड़ी पहुंची, जहां मौके पर मिले वकील रिजवान पुत्र जुबेर को दबोच लिया। यह कोई पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी राजाका गांव के अरमान और कांगरका गांव के तारीफ को भी बीते मई माह में केंद्रीय जांच एजेंसी और स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वहीं, पूछताछ के दौरान दोनों से पाकिस्तानी करेंसी के साथ कई संदिग्ध चीजें मिली थीं। अब वकील रिजवान की गिरफ्तारी से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

पाक ने उरी प्लांट पर किया था हमला

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . नई दिल्ली

'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारत ने कई पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों को बर्बाद कर दिया था। इससे बौखलाए पाकिस्तान ने भारतीय क्षेत्र में कई मिसाइल और ड्रोन दागे थे। अब जानकारी सामने आई है कि पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास स्थित भारत की उरी जलविद्युत परियोजना को निशाना बनाने की कोशिश की थी। हालांकि, इस प्लांट की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने हमले को नाकाम कर दिया। सीआईएसएफ ने न सिर्फ इस प्लांट की रक्षा की, बल्कि आसपास रह रहे करीब 250 आम नागरिकों को भी सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इस भारी गोलाबारी के बीच पाक के हर हमले का जवाब दिया गया।

अपील निस्तारण में रिश्वत, जज-समेत कई पर हुआ मामला दर्ज

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . नई दिल्ली

सीबीआई ने जयपुर में आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण से जुड़ा एक रिश्वतखोरी का रैकेट पकड़ा है। एक वकील, आयकर न्यायाधिकरण के जज, एक असिस्टेंट रजिस्ट्रार और कई अन्य लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप में केस दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार सीबीआई ने 25 नवंबर को मामला दर्ज किया। जांच के दौरान पता चला कि यह गिरोह अपीलों को मनचाहे तरीके से निपटाने के लिए रिश्वत लेता था। सीबीआई की टीम ने 25 नवंबर को आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण, जयपुर से जुड़े एक वकील को रंगे हाथों गिरफ्तार किया, उसके पास से 5.5 लाख रुपए की रिश्वत की रकम बरामद हुई, जो हवाला नेटवर्क के जरिए पहुंचाई गई थी। इसके बाद 26 नवंबर को आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण की ज्यूडिशियल मेंबर (जज) को भी गिरफ्तार किया गया।



तिलम संघ, कोटा का महाप्रबंधक तीस हजार की घूस लेते गिरफ्तार

जयपुर। एसीबी की बारां टीम ने तिलम संघ कोटा के महाप्रबंधक रमेश चंद बैरागी को तीस हजार की घूस लेते गिरफ्तार किया है। बैरागी ने परिवादी से पलायथा जिला बारां के समर्थन मूल्य खरीद केंद्र को आवंटन करने की एवज में 1 लाख 45 हजार की रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज करवाई थी। इस पर बैरागी को 30 हजार की रिश्वत लेने पर रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता ने बताया कि शिकायत सत्यापन के बाद ट्रेप की कार्रवाई की गई उनकी संपत्ति जांच रहे हैं।



हांगकांग की कई इमारतों में आग, 15 मरे

हांगकांग के ताई पो क्षेत्र में कई रिहायशी इमारतें आग की चपेट में आ गई है। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें एक अग्निशमन दल का सदस्य भी शामिल है। ये आग हांगकांग के वांग फुक कोर्ट नाम की सोसायटी में लगी है, जहां दो हजार से ज्यादा फ्लैट्स हैं। मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। वांग फुक कोर्ट में ये आग दोपहर में लगी थी। जो धीरे-धीरे बढ़ गई। 700 से ज्यादा फायरफाइटर आग बुझाने में जुटे हुए हैं। पुलिस ने आसपास की इमारतों को खाली करवाया है और एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। फायर ब्रिगेड के एक अधिकारी चाउ विंग-यिन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मरने वाले 15 लोगों में से 9 को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया था। वहीं, 6 अन्य को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।कई लोग अभी भी इमारतों में फंसे हैं और 28 लोग घायल बताए जा रहे हैं।

उलझन: एसआईआर को लेकर बीएलओ की मौत/आत्महत्या के मामले बढ़ते जा रहे, पिछले पंद्रह दिन में एक दर्जन से अधिक ने आत्महत्या कर ली

अब बरेली में बीएलओ की ड्यूटी के दौरान मौत, अनावश्यक दबाव का आरोप

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . लखनऊ

उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कर रहे एक और बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) की मौत हो गई है। मृतक की पहचान सर्वेश कुमार गंगवार के रूप में हुई है। गंगवार बरेली के इज्जतनगर थाना क्षेत्र में रह रहे थे। वे बुधवार को भोजीपुरा ब्लॉक के परधौली गांव में एसआईआर ड्यूटी पर मौजूद थे, तभी उनको हार्ट अटैक



आ गया। उनको आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शाहजहांपुर जिले के मीरानपुर कटरा निवासी गंगवार भोजीपुरा ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय परधौली में सहायक अध्यापक थे। उनके भाई योगेश कुमार ने बताया कि सर्वेश दिन-रात काम कर रहे थे। दिन में वेबसाइट डाउन होने से देर रात तक काम करते और सुबह जल्दी जाते थे। उन पर कई दिनों से अत्यधिक दबाव था और अधिकारियों से डांट पड़ रही थी। उनकी पत्नी की सितंबर में मौत हो चुकी थी। अब उनके दो बच्चे अनाथ हो गए हैं। उत्तर प्रदेश में एसआईआर के काम से जुड़े अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है। गोंडा में मंगलवार को बीएलओ बने सहायक अध्यापक विपिन यादव ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। फतेहपुर में एक लेखपाल ने अपनी जान दे दी। एक शिक्षामित्र ने भी ब्रेन हेमरेज की वजह से दम तोड़ दिया। उधर सरकार की तरफ से कहा जा रहा है कि यह मौत स्वाभाविक है।

ओबीसी वोट काटने का दबाव था, इसलिए गोंडा के विपिन ने जान दी

गोंडा जिले में एसआईआर में लगे बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) विपिन यादव की बुधवार को मौत हो गई। उन्होंने कल जहर खाया था। अब उनकी पत्नी के भाई प्रतीक यादव ने आरोप लगाया है कि उनके जीजा विपिन पर प्रशासन की ओर से लगातार दबाव बनाया जा रहा था, जिससे वह परेशान थे। उन्होंने बताया कि जीजा को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मतदाताओं के नाम



हटाने को कहा गया था। सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में प्रतीक ने बताया, "मेरी एक दिन पहले शाम को उनसे (विपिन से) बात हुई थी, तो उन्होंने बताया था कि एसडीएम, लेखपाल और बीडीओ उनको बुला-बुलाकर दबाव डाल रहे हैं। वे कह रहे कि ओबीसी का वोट काटें और अन्य वोट बढ़ाए। जितने उनको मिले हैं, वो सबका वोट बनाएंगे, लेकिन बार-बार सस्पेंड करने और पुलिस से उठवा लेने की धमकी दी जा रही थी। प्रतीक ने कहा, अधिकारी वोटर सूची से ओबीसी का नाम कटवाना चाह रहे थे। दबाव बनाने वालों में एसडीएम, लेखपाल और बीडीओ शामिल हैं।

ज्यों-ज्यों दवा दी, बढ़ता गया मर्ज : कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया गया, बड़े नेताओं और उनके परिवार को सौंपे गए पद

राजस्थान कांग्रेस में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति पर बगावत, इस्तीफों की धमकी

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस में हाल ही में नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। लेकिन इस नियुक्ति के बाद से कांग्रेस के अंदर बवाल मच गया है। राजस्थान में कांग्रेस पार्टी द्वारा नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में बगावत के सुर उठने लगे हैं। भरतपुर में कांग्रेस के पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता कर अपनी ही पार्टी के इस फैसले को गलत बताते हुए कहा की जिला अध्यक्षों की नियुक्ति में कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया गया है। सिर्फ उन लोगों को जिला अध्यक्ष बनाया गया है जो पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक या वर्तमान विधायक के परिजन हैं। अध्यक्षों की नियुक्ति पर नाराज भरतपुर के कार्यकर्ताओं ने अब पार्टी से इस्तीफा देने की धमकी दी है।

कांग्रेस पदाधिकारियों का कहना है कि हाल ही में कांग्रेस ने प्रदेश में नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की है। लेकिन इसमें उन लोगों को नियुक्ति दी है जो पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री के परिजन है। जबकि आम कार्यकर्ता को हमेशा ही नजरअंदाज किया गया है। हम इसका विरोध करते है। डीग से राजीव सिंह को कांग्रेस जिला



अध्यक्ष नियुक्त किया है, लेकिन वह दूसरे जिले के रहने वाले हैं।

भरतपुर कांग्रेस जिला अध्यक्ष ऐसे व्यक्ति को बनाया है जो लगातार दो बार से जिला अध्यक्ष है। जबकि नए चेहरे को तवज्जो दी जानी चाहिए थी। हम लोगों ने हमेशा पार्टी के लिए काम किया है लेकिन जब मौका आता है तो सिर्फ उन चुनिंदा लोगों को पदों पर तवज्जो दी जाती है जिनका परिवार राजनीतिक है। यदि जरूरत पड़ी तो हम लोग पार्टी से इस्तीफा भी दे देंगे। गौरतलब है की भरतपुर कांग्रेस जिला अध्यक्ष पर लगातार दो बार से दिनेश सूपा को नियुक्त किया है जिनके पिता कांग्रेस सरकार में राज्य मंत्री थे। जबकि यहां नए चेहरे की मांग थी। वहीं डीग से कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव सिंह को नियुक्त किया है जिनके पिता हरी सिंह कांग्रेस सरकार में मंत्री थे।

'कांग्रेस अब गोत्र की राजनीति पर उतर आई'

पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर जिले में सर्दी के साथ-साथ सियासी पारा भी चढ़ता जा रहा है। हाल ही में राजस्थान में कांग्रेस के 45 जिलाध्यक्षों की सूची घोषित होने के बाद बाड़मेर कांग्रेस में गुटबाजी भी देखने को मिली। जिले में कांग्रेस का एक गुट नए जिलाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह गोदारा के खिलाफ नजर आया तो एक गुट उनके नाम के ऐलान से खुश दिखा। इसी बीच शिव से निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कांग्रेस पर अल्पसंख्यक और दलित वर्ग को सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करने



का गंभीर आरोप लगाया। शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कहा कि कांग्रेस ने जारी सूची में एससी वर्ग के किसी भी पुरुष को जिला अध्यक्ष नहीं बनाया। पार्टी ने एससी समाज की महिलाओं को इसलिए जिला अध्यक्ष बनाया ताकि समाज को कमजोर किया जा सके, न कि महिलाओं को वास्तविक भागीदारी दी जा सके। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस धर्म की राजनीति करती थी, फिर जाति की और अब गोत्र की राजनीति पर उतर आई है। विधायक भाटी ने बाड़मेर जिला अध्यक्ष पद पर बायतू विधायक हरीश चौधरी के करीबी लक्ष्मण सिंह गोदारा की नियुक्ति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि बालोतरा जिले के व्यक्ति को बाड़मेर का जिला अध्यक्ष बना दिया गया, जबकि आज भी कांग्रेस की स्टीयरिंग दूसरे हाथों में है। पार्टी उन समाजों के साथ कुठाराघात कर रही है जो वर्षों से उसके साथ मजबूती से खड़े रहे हैं।

'सरदार@150 यूनिटी मार्च : जयपुर से 'यमुना प्रवाह पदयात्रा' को भजनलाल शर्मा ने दिखाई हरी झंडी

'आजादी में एक ही परिवार का गुणगान होता रहा'

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा देश के चार कोनों से शुरू की गई 'सरदार@150 यूनिटी मार्च' के तहत बुधवार को जयपुर से 'यमुना प्रवाह पदयात्रा' को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अमर जवान ज्योति शहीद स्मारक से शुरू हुई इस यात्रा में राजस्थान सहित आठ राज्यों के यात्री शामिल हैं।

कार्यक्रम में सांसद मंजू शर्मा, विधायक कालीचरण सराफ, बाल मुकुंदाचार्य, गोपाल शर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने यात्रियों को संबोधित करते हुए सरदार पटेल के राष्ट्र एकीकरण में योगदान को याद किया और कहा कि ये यात्राएं देश में एकता और अखंडता का संदेश लेकर जा रही हैं।

प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- सरदार पटेल ने भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए जो लक्ष्य बनाया, उसे पूरा किया। लेकिन देश का दुर्भाग्य है कि जिस महापुरुष ने देश के लिए इतना कुछ किया, उसे भुला दिया गया। मुख्यमंत्री ने आगे कहा- आजाद भारत के इतिहास के पन्नों में उनके इतिहास को मिटाने का काम किया गया। वह जिस सम्मान के हकदार थे, उन्हें वो सम्मान नहीं दिया गया। भजनलाल ने कहा- अभी तक किन लोगों को महिमामंडित किया जाता रहा है, यह आप सभी जानते हैं। इतना ही नहीं, उनके योगदान को भी जानते हैं। लेकिन देश की आजादी में केवल एक ही परिवार का योगदान और उसका गुणगान किया जाता रहा है। लेकिन आज समय बदल गया है। आप देख रहे है कि लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरदार पटेल की विरासत को आगे बढ़ाया जा रहा है। उनके नेतृत्व में बीजेपी सरकार आज उन्हें उचित सम्मान दे रही है। आज सरदार पटेल की प्रतिमा, विश्व की सबसे बड़ी प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के रूप में जानी जाती है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में अमर जवान ज्योति से सरदार@150 यूनिटी मार्च के तहत यमुना प्रवाह यात्रा के तहत आयोजित एक समारोह में यह बात कही।



यात्रा का स्थानीय परंपराओं से किया जा रहा स्वागत

यात्रा का सबसे खास पहलू रहा राजस्थानी संस्कृति का भव्य प्रदर्शन। जहां-जहां यात्रा पहुंची, वहां स्थानीय परंपराओं से स्वागत हुआ। अलवर में यात्रियों का स्वागत भृतहरि नाटक से किया गया। सवाईमाधोपुर में कन्हैया दंगल का आयोजन हुआ। कोटा में रिवर फ्रंट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। चित्तौड़गढ़ में यात्रियों को सांवरिया सेठ के दर्शन कराए जाएंगे, जबकि उदयपुर में प्रताप गौरव केंद्र में महाराणा प्रताप पर बनी डॉक्यूमेंट्री दिखाई जाएगी। पुष्कर में विश्व प्रसिद्ध ब्रह्मा मंदिर के दर्शन और सरोवर आरती का आयोजन रखा गया है। अजमेर में बाजार संपर्क अभियान और एमडीएस यूनिवर्सिटी में छात्र संवाद होगा। जोधपुर पहुंचते ही यात्रियों के लिए पारंपरिक घूमर नृत्य और मेहरानगढ़ किले का भ्रमण कराया जाएगा। यात्रा के दौरान हर जिले में बाजार संपर्क अभियान, युवा संवाद और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि सरदार पटेल के जीवन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को आमजन तक पहुंचाया जा सके। सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर निकली ये चारों यात्राएं अंततः गुजरात के करमसद में एकत्रित होंगी, जहां विशाल समारोह का आयोजन होगा। भाजपा का दावा है कि इन यात्राओं से देश में एकता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव का संदेश मजबूत होगा।

चार नदियों के नाम पर चार पदयात्राएं

सरदार@150 यूनिटी मार्च के तहत देश की चार प्रमुख नदियों के नाम पर चार पदयात्राएं निकाली जा रही हैं। इनमें दो यात्राएं राजस्थान से होकर गुजर रही हैं। गंगा प्रवाह यात्रा अलवर, सवाईमाधोपुर, कोटा, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर होते हुए गुजरात के करमसद (सरदार पटेल के जन्मस्थान) पहुंचेगी। यमुना प्रवाह यात्रा जयपुर से शुरू होकर अजमेर, पाली, जोधपुर और सिरोही से गुजरते हुए गुजरात पहुंचेगी।

पैरा-एथलीट की याचिका पर सुनवाई : राज्य सरकार की अनुशंसा बाद भी नियुक्ति नहीं दी

हाईकोर्ट में पेश हुए वित्त सचिव, आदेश की पालना के लिए मांगा समय

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

राज्य सरकार की ओर से सरकारी नौकरी की अनुशंसा किए जाने के बाद भी पैरा-एथलीट खिलाड़ी को करीब दो साल तक नियुक्ति नहीं देने के मामले में आज वित्त सचिव (रेवेन्यू) कुमार पाल गौत्तम हाईकोर्ट में पेश हुए। जस्टिस अशोक कुमार जैन की अदालत ने वित्त सचिव से कहा कि अगर आपने कोर्ट को किसी काम के लिए आश्वस्त किया है तो वह काम होना चाहिए। लेकिन यहां उलटा हो रहा है। कोर्ट को आश्वस्त करने के बाद भी याचिकाकर्ता को नियुक्ति नहीं दी गई। वित्त सचिव ने याचिकाकर्ता को नियुक्ति देने की प्रक्रिया को पूरी करने के लिए कुछ समय मांगा। इस पर अदालत ने समय देते हुए 15 दिसम्बर तक सुनवाई टाल दी।

अधिवक्ता तनवीर अहमद ने बताया कि हाईकोर्ट ने पैरा-एथलीट खिलाड़ी निहाल सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए वित्त सचिव और आबकारी आयुक्त को पिछली सुनवाई पर तलब किया था। बुधवार को वित्त सचिव पेश हुए। वहीं आबकारी आयुक्त की ओर से हाजिरी माफी पेश की गई। याचिका में कहा गया था कि याचिकाकर्ता की तरह की स्थिति वाले अन्य पैरा-एथलीट अवनि लेखरा, सुंदर गुर्जर और देवेंद्र झाझड़िया को 2017 के नियमों के तहत एसीएफ के पद पर नियुक्ति की अनुशंसा की गई थी। जिन्हें पहले ही नियुक्ति मिल चुकी है। जबकि उस समय वह पद दिव्यांगजनों के लिए निर्धारित भी नहीं था। लेकिन याचिकाकर्ता के विरुद्ध भेदभावपूर्ण निष्क्रियता समानता के अधिकार का उल्लंघन हैं।

पोस्टर विवाद में भाजपा नेता के परिवार पर जानलेवा हमला

जयपुर। बूंदी जिले के केशवरायपाटन कस्बे में एक शादी समारोह उस समय राजनीतिक रणभूमि में बदल गया, जब पोस्टर विवाद को लेकर दो प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच शुरू हुआ तनाव अचानक झगड़े में बदल गया। इस हमले में भाजपा नेता सागर सैनी सहित परिवार के लगभग 10 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को कोटा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई। घायलों में चार लोगों के हाथ-पैर में फ्रैक्चर हुए। कई के सिर और चेहरे पर गहरी चोटें आईं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शादी समारोह के बीच अचानक हालात तब बिगड़ गए, जब कांग्रेस पार्षद पति इंद्रजीत मेघवाल अपने साले सहित अन्य युवकों के साथ वहां पहुंचे। आरोप है कि समूह ने भाजपा नेता सागर सैनी और उनके परिजनों पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

यह हमला पूरी तरह सियासी वर्चस्व की लड़ाई के रूप में सामने आया है। जानकारी के अनुसार, पिछले कई महीनों से क्षेत्र में पोस्टर और बैनर को लेकर भाजपा और कांग्रेस समर्थित दो गुटों के बीच खींचतान लगातार बढ़ रही थी। बताया जा रहा है कि दोनों राजनीतिक गुटों के बीच इस बात पर प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही थी कि किसका पोस्टर कहां लगेगा, किसका होर्डिंग बड़ा है, किसके पोस्टर हटाए गए। कार्तिक मेले में भी यह खींचतान खुलकर सामने आई थी, जहां नाराजगी के चलते कई पार्षद आयोजन से दूर रहे थे।

2 वर्षों में हर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की दी सौगातें : भजनलाल शर्मा

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की भरतपुर संभाग के भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक से पहले संविधान दिवस मनाकर संविधान की पुस्तक को मस्तक से लगाकर सम्मान किया। इस अवसर पर सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित राजस्थान का संकल्प पूरा हो रहा है। कार्यकर्ता और पदाधिकारी निकाय और पंचायतीराज चुनाव की तैयारी करें। 2 वर्षों में हर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की सौगातें दी हैं। महिला, युवा, मजदूर और किसान तक जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंची हैं। फील्ड में मेहनत करने वाले कार्यकर्ता का सम्मान होगा। पार्टी की ओर से मिली हर जिम्मेदारी को निभाएं। सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं। पार्टी और संगठन को मजबूत बनाने के लिए टीम भावना से कार्य करें। भरतपुर संभाग की बैठक में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ उप मुख्यमंत्री डॉ। प्रेमचंद बैरवा, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी मौजूद रहे।

यूथ कांग्रेस के 18 जिला अध्यक्षों को कारण बताओ नोटिस किए गए जारी, पूनिया ने दिया अल्टीमेटम

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

राजस्थान यूथ कांग्रेस संगठन में अनुशासन और सक्रियता बनाए रखने के लिए प्रदेश नेतृत्व ने बड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है। यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया ने बताया कि संगठन विरोधी गतिविधियों और निष्क्रियता के चलते 18 जिला अध्यक्षों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।



इसके अलावा, चार ऐसे पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है, जिन्होंने भाजपा के कार्यक्रमों में भाग लिया था और संगठनात्मक गतिविधियों से दूरी बना रखी थी। प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया ने स्पष्ट किया कि पार्टी की तरफ से यह कदम संगठन को मजबूत करने के लिए उठाया गया है। उन्होंने कहा कि यूथ कांग्रेस ऐसे किसी भी व्यक्ति को पद पर नहीं रखेगी, जो संगठन की गतिविधियों में सक्रिय रूप से हिस्सा नहीं लेता है। जल्द ही संगठन इन निष्क्रिय सदस्यों की जांच करेगा और उन्हें तुरंत प्रभाव से पदों से मुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि 18 जिला अध्यक्षों को नोटिस दिया गया है और ऐसे चेहरों पर कार्रवाई होगी जो या तो कार्यक्रम में नहीं पहुंच रहे हैं या अपने जिलों में कोई कार्यक्रम नहीं कर पा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, 40 से अधिक लोगों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

राजनीतिक बवाल : कांग्रेस सांसद ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा, शिकायत लोकसभा अध्यक्ष और मुख्य सचिव तक पहुंची

उद्घाटन कार्यक्रमों से सांसद और विधायक को रखा जा रहा दूर

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

राजस्थान की राजनीति में इन दिनों बड़ा बवाल मचा हुआ है। कांग्रेस के सांसद और विधायक आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा सरकार उन्हें सरकारी योजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रमों से जानबूझकर अलग रख रही है। यह मुद्दा अब लोकसभा तक पहुंच गया है जहां कांग्रेस नेता सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। दौसा से सांसद मुरारीलाल मीणा ने इस पर खुलकर नाराजगी जताई और सरकार पर जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाया।

बुधवार को दौसा सांसद मुरारीलाल मीणा ने जिला कलेक्टर



को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के कार्यक्रमों में स्थानीय सांसद और विधायकों को शामिल करना जरूरी है। लेकिन भाजपा सरकार के आने के बाद से ऐसा नहीं हो रहा। मीणा ने बताया कि केंद्र की वित्तपोषित योजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास सांसद की मौजूदगी के बिना नहीं किया जा सकता। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रमों में विधायक की भागीदारी अनिवार्य होती है। फिर भी कांग्रेस के प्रतिनिधियों को बार-बार नजरअंदाज किया जा रहा है जो लोकतंत्र की परंपराओं के खिलाफ है। सांसद मीणा ने इस मामले की शिकायत लोकसभा अध्यक्ष और राज्य के मुख्य सचिव को भी भेजी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर अधिकारियों ने अपनी कार्यशैली में बदलाव नहीं किया तो यह मुद्दा लोकसभा की विशेषाधिकार समिति यानी प्रिविलेज कमेटी में उठाया जाएगा। वहां दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की जाएगी। मीणा ने कहा कि यह सिर्फ राजनीतिक खेल नहीं बल्कि चुने हुए प्रतिनिधियों के संवैधानिक अधिकारों पर हमला है।

उदाहरण देकर भी समझाया

सांसद ने कुछ हालिया घटनाओं का जिक्र किया। जैसे समग्र शिक्षा अभियान के तहत बांदीकुई क्षेत्र में हुए उद्घाटन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को बुलाया ही नहीं गया। कई अन्य कार्यक्रमों में भी सांसद और विधायकों को मंच से दूर रखा गया। मीणा ने कहा कि यह प्रवृत्ति जारी रही तो कांग्रेस बड़े स्तर पर आंदोलन शुरू कर देगी। यह विवाद राजस्थान की राजनीति को और गर्मा रहा है। कांग्रेस का कहना है कि भाजपा सरकार विरोधी दलों को कमजोर करने की साजिश रच रही है। वहीं भाजपा की ओर से अभी कोई आधिकारिक जवाब नहीं आया है।

थार स्टंटबाजों पर शिकंजा, विशेष अभियान में 157 चालान काटे

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

राजस्थान की राजधानी जयपुर में सड़कों पर थार गाड़ियों से स्टंटबाजी और नियम तोड़ने वालों की शामत आ गई। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने यातायात उल्लंघन रोकने के लिए सख्त कदम उठाए। शहरवासियों की शिकायतों पर ध्यान देते हुए पुलिस ने थार और अन्य वाहनों से फैलाई जा रही दहशत को खत्म करने का बीड़ा उठाया। आए दिन मोडिफाइड गाड़ियों से लोग डरते थे और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं बढ़ रही थीं, अब पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई से सड़कें सुरक्षित होने लगी हैं।

आज जयपुर में एक बड़ा विशेष अभियान चलाया गया। दोपहर 2:30 बजे से शाम 5 बजे तक पुलिस ने शहर की मुख्य सड़कों पर कड़ी नाकाबंदी की। इस दौरान थाना प्रभारी खुद



मौके पर मौजूद रहे और टीम को निर्देश देते रहे। अभियान का मुख्य निशाना ब्लैक फिल्म लगी थार गाड़ियां थीं जो स्टंट दिखाकर लोगों को परेशान करती थीं। पुलिस ने बिना देर किए ऐसे वाहनों पर शिकंजा कसा। इस अभियान में पुलिस ने कुल 157 से ज्यादा चालान काटे। थार और ब्लैक स्कॉर्पियो जैसी करीब 68 गाड़ियां जप्त की गईं। इसके अलावा 77 ब्लैक फिल्म वाली गाड़ियों के खिलाफ सख्ती बरती गई। मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज आवाज निकालने वाले 21 वाहनों पर भी जुर्माना लगाया। पुलिस ने 68 पावर बाइक्स और 68 थार गाड़ियां सीधे जब्त कर लीं।

जयपुर में फिर दहशत : शास्त्री नगर, विद्याधर नगर और नेहरू नगर इलाके में तेंदुआ दिखाई दिया, सीसीटीवी में कई जगह कैद हुआ

लेपर्ड की राजधानी में धमक जारी, दो माह में सातवीं बार 'विजिट'











जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

राजधानी जयपुर में पिछले कुछ समय से आए दिन तेंदुए के मूवमेंट की घटनाएं सामने आ रही हैं। जानकारी के अनुसार, शास्त्री नगर, विद्याधर नगर और नेहरू नगर इलाके में तेंदुए दिखाई दिया। पानीपेच इलाके के नेहरू नगर में बुधवार को लेपर्ड दिखने की सूचना से हड़कंप मच गया। जानकारी मिलने पर शास्त्री नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने करीब तीन घंटे तक सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन तेंदुए का सुराग नहीं मिला। इलाके में तेंदुए के मूवमेंट के अलग-अलग सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं। इसमें एक लेपर्ड सड़क पर चहलकदमी करता नजर आ रहा है। एक सीसीटीवी फुटेज में तेंदुआ एक घर के गेट पर चढ़ता हुआ नजर आ रहा है। साथ ही एक घर के लॉन में भी तेंदुआ घूमता दिख रहा है। कॉलोनी में लेपर्ड दिखने की सूचना पर लोग घरों की छत पर और सड़क पर इकठ्ठा हो गए। रिहायशी इलाके में तेंदुए के मूवमेंट के चलते कई इलाकों में लोग दहशत में हैं। खास तौर पर सुबह की सैर के लिए अलसुबह घर से निकलने लोक मॉर्निंग वाकर अब अपने आपको असुरक्षित समझ रहे हैं। कई लोगों ने तो मॉर्निंग वाक पर सुबह जल्दी जाने का समय ही बदल लिया है।

पानीपेच इलाके के नेहरू नगर में बुधवार को लेपर्ड दिखने की सूचना मिली। जानकारी मिलने पर शास्त्री नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने करीब तीन घंटे तक सर्च ऑपरेशन चलाया, शास्त्री नगर और नेहरू नगर में तेंदुए को ट्रैंकुलाइज और रेस्क्यू करने के लिए पद चिन्हों के आधार पर वन विभाग की टीम ढूंढ़ती रही। लेकिन शाम तक तेंदुए का सुराग नहीं मिला। अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की। नेहरू कॉलोनी का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

शास्त्री नगर और नेहरू नगर इलाके में लोगों को तेंदुए के मूवमेंट के बारे में पता चलने पर आसपास के स्कूलों में जल्दी छुट्टी करवा दी गई। नेहरू नगर में राजस्थान पुलिस अकादमी के पास रिहायशी बस्ती में तेंदुए के पहुंचने पर आस-पास के स्कूलों की जल्दी छुट्टी कराई गई। एक स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षा चल रही थी। जिसके बाद स्कूल में स्टूडेंट को एक ही जगह पर रोक चैनल गेट बंद किया गया और वहां पर तेंदुए को वन विभाग की टीम ने सर्च किया। वन विभाग की टीम तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने के लिए लगातार रेस्क्यू अभियान चला रही है।

बंधे हुए बछड़े का किया शिकार

विद्याधर नगर के सेक्टर-10 में मंगलवार रात दो बजे लेपर्ड ने एक बछड़े का शिकार किया। लेपर्ड सीसीटीवी में भी कैद हो गया। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। विद्याधर नगर सेक्टर-10 स्थित शिव मंदिर के पुजारी सुधांशु ने बताया- मंगलवार देर रात करीब 2 बजे कुत्तों के भौंकने की तेज आवाज आई थी। लगातार आवाज आने पर बाहर जाकर देखा था। आस-पास सब ठीक लगने पर वापस आकर सो गया था। इसके बाद भी कुत्ते लगातार भौंकते रहे। बुधवार सुबह उठकर देखा तो मंदिर के गार्डन एरिया में बंधा बछड़ा मरा मिला। उसका लेपर्ड ने शिकार किया था। स्वप्निल ने बताया- बछड़े के शिकार की जानकारी मिलते ही फौरन वन विभाग की टीम को सूचना दी गई। टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। इसके बाद दोपहर में पानीपेच में लेपर्ड का मूवमेंट नजर आया। विद्याधर नगर क्षेत्र में पहले भी लेपर्ड कई बार आ चुका है। जून में लेपर्ड विद्याधर नगर के सेक्टर 8 इलाके के घरों की छत पर पहुंच गया था। पिछले साल दिसंबर में लेपर्ड सेंट्रल गवर्नमेंट के गेस्ट हाउस में घुस गया था। इसके बाद 4 घंटे तक लेपर्ड कॉलोनी में भागता रहा था। काफी मशक्कत के बाद उसे रेस्क्यू किया गया था।

पिछले हफ्ते मंत्री के बंगले, फिर स्कूल में घुस गया था लेपर्ड

अगर बीते दो महीने की बात करें तो लेपर्ड के आबादी क्षेत्र में मूवमेंट की सात घटनाएं सामने आ चुकी हैं। 6 दिन पहले यानी 20 नवंबर को लेपर्ड जयपुर के वीआईपी क्षेत्र सिविल लाइंस में पहुंच गया था। यहां लेपर्ड राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के घर के सामने से होते हुए कैबिनेट मंत्री सुरेश रावत के घर में, फिर एक स्कूल में पहुंच गया था। काफी मशक्कत के बाद उसे ट्रैंकुलाइज किया गया था। जयपुर के विभिन्न इलाकों जैसे सिविल लाइंस, विद्याधर नगर, दुर्गापुरा, गोपालपुरा, जयसिंहपुरा, जगतपुरा, मालवीय नगर इंडस्ट्रियल एरिया और खो-नागोरियान में पिछले कुछ महीनों से लेपर्ड की सक्रियता बढ़ी है। वन अधिकारियों का मानना है कि जंगलों में भोजन की कमी और इंसानी आबादी के बढ़ते विस्तार की वजह से लेपर्ड शहर की ओर आ रहे हैं। वन विभाग और पुलिस दोनों के लिए यह स्थिति चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि हाई-सिक्योरिटी जोन में भी इन जंगली जानवरों का मूवमेंट लगातार देखा जा रहा है।

आखिरी समय पर दो फ्लाइट रद्द की

जयपुर। एयरक्राफ्ट की कमी के चलते इंडिगो एयरलाइन ने आखिरी वक्त पर जयपुर से उदयपुर और अहमदाबाद जाने वाली दो महत्वपूर्ण फ्लाइटें रद्द कर दीं। इससे पैसेंजर्स को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अचानक हुए इस फैसले के बाद जयपुर एयरपोर्ट पर पैसेंजर्स ने इंडिगो एयरलाइंस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ई-7217 को जयपुर से अहमदाबाद व 6ई-7465 को सुबह जयपुर से उदयपुर के लिए उड़ान भरनी थी, दोनों को तकनीकी कारण बताकर रद्द कर दिया गया।

आज ही हमसे जुड़ें और दें फीडबैक

जागो इंडिया जागो

आपकी कसौटी पर खरा उतरने के लिए हमारा आपके पास नियमित पहुंचना आवश्यक है।

ऐसे में समाचार पत्र को पढ़ने के बाद आप नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें या क्यूआर कोड स्कैन करके अपना फीडबैक जरूर दें।

+91 98888 88130

गतिरोध टूटा : चालकों की हर साल ₹1000 बढ़ेगी सैलरी, सामूहिक दुर्घटना बीमा होगा

जयपुर में लो-फ्लोर बस ड्राइवरों की हड़ताल खत्म

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

शहर में पिछले दो दिनों से चल रही लो-फ्लोर बस ड्राइवरों की हड़ताल आखिरकार बुधवार को समाप्त हो गई। ड्राइवर संघ के पदाधिकारियों और लो-फ्लोर बसों के संचालन का जिम्मा संभाल रही पारस ट्रैवल कंपनी के बीच 25 नवंबर 2025 को एक समझौता पत्र साइन हुआ, जिसके तुरंत बाद हड़ताल खत्म करने का ऐलान कर दिया गया। कुछ ही देर में सभी ड्राइवर्स ने लो-फ्लोर बसों का संचालन फिर से शुरू कर दिया। ड्राइवरों के कार्य बहिष्कार के कारण जयपुर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई थी। शहर में चलने वाली कुल 200 लो-फ्लोर बसों में से बड़ी संख्या में बसें खड़ी थीं। खासकर बगराना डिपो की 100 बसें पूरी तरह ठप थीं, जिससे शहर के लगभग 15 रूटों पर यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ था। रोजाना काम पर जाने वाले लोग, स्कूल-कॉलेज के छात्र और आम शहरवासी पिछले दिनों महंगे ऑटो और कैब का सहारा लेने को मजबूर थे।



हड़ताल के कारण शहर प्रशासन को मजबूरन टोडी डिपो की पुरानी और कंडम हो चुकी बसें चलानी पड़ रही थीं, जिससे यात्रियों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा था। समझौते के बाद लो-फ्लोर बसों का संचालन तत्काल शुरू होने से शहरवासियों को बड़ी राहत मिली और जयपुर की ट्रैफिक व्यवस्था के चरमराने का खतरा फिलहाल टल गया। ड्राइवरों की इस हड़ताल और सफल समझौते को कर्मचारियों की एकता की जीत के रूप में देखा जा रहा है।

समझौते की मुख्य शर्तें

- ड्राइवर्स के वर्तमान वेतन में ₹1000 की बढ़ोतरी अगले महीने से लागू कर दी जाएगी। इसके अलावा, यह भी तय हुआ है कि हर साल सैलरी में ₹1000 की बढ़ोतरी की जाएगी।
- दिवंगत कर्मचारी कुलदीप मीणा के परिवार को कंपनी द्वारा ₹1,00,000 (एक लाख रुपये) की आर्थिक सहायता दी जाएगी। साथ ही संबंधित विभाग से पीएफ (भविष्य निधि) के परिलाभ दिलवाने के लिए पत्र व्यवहार किया जाएगा।
- बीमार चल रहे कर्मचारी रामजीलाल शर्मा के प्रति कंपनी ने सहानुभूति दिखाते हुए उनका इलाज ईएसआई अस्पताल से कराने और ₹1,00,000 (एक लाख रुपए) की आर्थिक मदद देने पर सहमति जताई।
- सभी ड्राइवरों का सामूहिक दुर्घटना बीमा किए जाने की प्रक्रिया 1 दिसंबर 2025 से शुरू कर दी जाएगी, जो उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान करेगा।
- यह तय हुआ कि भविष्य में किसी भी ड्राइवर के खिलाफ कोई आरोप लगाने या कार्रवाई करने से पहले, यूनियन के प्रतिनिधि योगेश शर्मा के साथ बैठकर मामले की समीक्षा की जाएगी।
- योगेश शर्मा को पारस ट्रैवल द्वारा सेवा मुक्त कर दिया जाएगा।
- हड़ताल के कारण किसी भी चालक के विरुद्ध द्वेष भावना से कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

घर के बाहर खड़ी कार पर फायरिंग

जयपुर। झोटवाड़ा थाना इलाके में मंगलवार की देर रात को एक घर के बाहर खड़ी कार पर फायरिंग करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार गोली कार की चालक साइड के शीशे को तेज़ी से पार करते हुए अंदर जा घुसी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार से कारतूस का खोल बरामद कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

थानाधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि यह घटना श्रीराम कॉलोनी नानू पूरी झोटवाड़ा निवासी सत्यनारायण सैनी के घर के बाहर हुई। थी। जहां मंगलवार की देर रात को अचानक तेज धमाके की आवाज सून कर सत्यनारायण सैनी का बेटा भव और पत्नी बाहर आए। जहां उन्होंने अपनी कार के चालक साइड के शीशे में छेद देखा। कार की जांच करने पर उसके पायदान पर एक कारतूस का खोल पड़ा मिला।

आरसीए : सिलेक्शन कमेटी पर पक्षपात के आरोप, अच्छा प्रदर्शन करने वालीं खिलाड़ी की गई बाहर

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

महिला खिलाड़ियों के सिलेक्शन को लेकर राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) में गहरा विवाद खड़ा हो गया। विमेंस अंडर-23 और अंडर-19 टीम के चयन पर कई खिलाड़ियों ने सिलेक्शन कमेटी पर पक्षपात और नियमों के उल्लंघन के आरोप लगाए। खिलाड़ियों का कहना है कि जिनका प्रदर्शन कमजोर रहा है, उन्हें टीम में शामिल कर लिया गया, जबकि निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मनमाने कारण बताकर बाहर कर दिया गया।

खिलाड़ियों के अनुसार, सिलेक्शन कमेटी की चेयरपर्सन पूनम यादव सिलेक्शन प्रक्रिया में भेदभाव कर रही हैं। आरोप है कि पूनम यादव अलवर की एक क्रिकेट अकादमी से जुड़ी हुई हैं और वहां से आने वाली खिलाड़ियों को नियमों के विपरीत तरजीह दी जा रही है। खिलाड़ियों ने दावा किया कि बीसीसीआई अंडर-23 टूर्नामेंट के मैचों में भी कमजोर प्रदर्शन करने वाली इन्हीं खिलाड़ियों के कारण टीम को हार झेलनी पड़ी, जबकि बेहतर रिकॉर्ड रखने वाली खिलाड़ियों को सिलेक्शन का मौका नहीं मिला। यहां तक कि जब सिलेक्शन के मैच हुए तो बैटिंग लाइनअप को चेंज कर यादव ने खिलाड़ियों की परफॉर्मेंस को प्रभावित किया।

विवाद सिर्फ प्रदर्शन तक सीमित नहीं है। खिलाड़ियों का कहना है कि सिलेक्शन कमेटी की सदस्य माया जाट, रितिका जैन और हर्षिता मकवाना लोढ़ा कमेटी की सिफारिशों का उल्लंघन करते हुए सिलेक्टर बनी हैं। नियमों के अनुसार, जिन पदों पर वे काबिज हैं, वे अनुमत नहीं हैं, फिर भी उन्हें सिलेक्टर बनाकर चयन प्रक्रिया में शामिल किया गया है।

एक महिला खिलाड़ी ने बताया कि अंडर-19 कैंप के लिए 30 खिलाड़ियों को चुना गया है, लेकिन इनमें कई ऐसी खिलाड़ी शामिल हैं, जिनका हालिया प्रदर्शन बेहद कमजोर रहा है। वहीं लीडरबोर्ड पर शीर्ष 5 में रहने वाली खिलाड़ी को सिर्फ फील्डिंग ठीक नहीं है ,जैसे तर्क देकर बाहर कर दिया गया। दूसरी ओर, कुछ खिलाड़ी जिन्होंने मात्र 39 रन बनाए, उन्हें कैंप में स्थान दे दिया गया।

एसएमएस हॉस्पिटल से 30 डॉक्टर्स का ट्रांसफर, आरयूएचएस हॉस्पिटल में लगाया

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

सवाई मानसिंह (एसएमएस) मेडिकल कॉलेज के अधीन एसएमएस हॉस्पिटल में कार्यरत 30 डॉक्टरों का ट्रांसफर कर सरकार ने उनको प्रतिनियुक्ति पर आरयूएचएस हॉस्पिटल में लगाया है। इन डॉक्टरों के साथ उनकी 7 अलग-अलग डिपार्टमेंट की यूनिट भी ट्रांसफर होगी। इसमें ईएनटी, स्त्री रोग, जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी और नेत्र रोग से जुड़े डॉक्टर्स शामिल हैं। मेडिकल एज्युकेशन डिपार्टमेंट से जारी आदेशों के मुताबिक ईएनटी के सीनियर प्रोफेसर डॉक्टर मोहनीश ग्रोवर, एसोसिएट प्रोफेसर रामलखन मीना, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. तन्मय कटारिया और इनकी एक यूनिट को आरयूएचएस ट्रांसफर किया गया।

इसी तरह जनरल मेडिसिन के प्रोफेसर डॉ. राधेश्याम चेजारा,



असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मुकेश चौपड़ा और सीनियर स्पेशलिस्ट डॉ. अजीत सिंह शेखावत को यूनिट सहित, जनरल सर्जरी के सीनियर प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मी नारायण मीना, डॉ. जगराम मीना, डॉ. सादतउल्ला खां, अस्थि रोग डिपार्टमेंट से डॉ. शिव कुमार गोयल, डॉ. ओम सिंह मील, जयसिंह राठौड़, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग से डॉ. इंदु गौतम, डॉ. अदिति बंसल, डॉ. लता रतनू, डॉ. सुधा सजुला, डॉ. हिमांशी गंगवाल, डॉ. रूचि चांदत का यूनिट सहित ट्रांसफर किया है।

नेत्र रोग विभाग से डॉ. महिमा पंवार, डॉ. शिवांगिनी कुमारी, एनिस्थिसिया डिपार्टमेंट से डॉ. सतवीर गुर्जर, डॉ. प्रतिमा यादव, डॉ. सविता मीना, शिशु औषध से डॉ. रमेश चौधरी, डॉ. शैलजा वाजपेयी, डॉ. प्रीति विजय, मनोरोग से डॉ. धर्मदीप सिंह, रेडियोडायग्नोसिस से डॉ. नौरतमल कुमावत, कार्डियोलॉजी से बलवीर सिंह पचार और न्यूरोसर्जरी से डॉ. मधुर को ट्रांसफर किया गया।

जागो इंडिया जागो
सच ■ साहस ■ संकल्प से...

हिन्दी दैनिक अखबार में तीये की बैठक, पुण्यतिथि, श्रद्धांजलि और शोक संदेश नि:शुल्क छपवाएं।



मुख्यालय, जागो इंडिया जागो, प्लाट नं. 23 कृष्णा एन्कलेव, पत्रकार कॉलोनी, धौलाई, मानसरोवर, जयपुर - 302020

9333333046

मौसम में बदलाव की संभावना : सर्द हवा ने बढ़ाई ठंडक, शेखावाटी ठिठुरा, सीजन में पहली बार 30 से नीचे आया तापमान

जयपुर सहित कई जिलों में आज से बारिश का अलर्ट जारी

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश का मौसम गुरुवार से एक बार फिर बदलने वाला है। इससे बूंदाबांदी के बाद सर्दी बढ़ने की संभावना है।

मौसम विभाग का कहना है कि भरतपुर, जयपुर और अजमेर संभाग के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने का आसार हैं। गुरुवार व शुक्रवार को एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान जोधपुर, उदयपुर और अजमेर में हल्की बारिश और गरज के साथ बादल छाने की संभावना है। इसके अलावा, राज्य के अधिकांश हिस्सों में ठंड बढ़ने की संभावना है।



मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के श्रीगंगानगर और आसपास के जिलों में सर्दी के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि गुरुवार को एक हल्के असर वाले पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने का आसार हैं। इसके प्रभाव से अजमेर, उदयपुर और जोधपुर में कहीं-कहीं बादल छा सकते हैं और हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। शुक्रवार को इस सिस्टम का असर अजमेर, जयपुर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बादल छा सकते है और हल्की बारिश हो सकती है।

सीकर में बीती रात का तापमान 2.5 डिग्री दर्ज किया गया। बुधवार सुबह कई इलाकों में हलका कोहरा छाया रहा। इसके अलावा सुबह फसलों पर ओस बिल्कुल बर्फ की तरह जमी हुई नजर आई। कल सीजन में पहली बार ऐसा रहा जब सभी शहरों का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। सबसे ठंडा दिन कल सिरोही में रहा, जहां का अधिकतम तापमान 21.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

सर्द हवा से दिन के तापमान में गिरावट

राजस्थान में उत्तर-पश्चिमी हवा के प्रभाव से मंगलवार को तापमान में उतार-चढ़ाव रहा। सर्द हवा से दिन के अधिकतम तापमान में गिरावट हुई। जो सभी शहरों का 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। वहीं, शेखावाटी और बीकानेर संभाग के जिलों में न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई। सीकर के फतेहपुर में बुधवार को न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई। बुधवार को तापमान 4.5 डिग्री से गिरकर 2.5 डिग्री पर पहुंच गया। पिछले 24 घंटे के दौरान मंगलवार को बीकानेर, जयपुर संभाग के जिलों में उत्तरी हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई और यहां सुबह-शाम के साथ दिन में सर्दी तेज हो गई। सबसे कम न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस सीकर में दर्ज हुआ। नागौर में न्यूनतम तापमान 6.9, चूरू में 6.8, करौली में 8.4, झुंझुनूं में 8.7, अलवर में 8.5 और पिलानी में 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सर्द हवाओं का असर मंगलवार दिन में भी रहा। जयपुर, दौसा, सीकर, नागौर, बाड़मेर, जैसलमेर, अलवर समेत बीकानेर संभाग के तमाम शहरों में दिन के अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री तक गिरावट हुई।

व्यंजन द्वादशी : इस मौके पर गोविंद देव मंदिर में होगी विशेष झांकी, दस्ताने-मोजे-मफलर भी धारण करेंगे श्रीजी

जीमेंगे गर्म तासीर के व्यंजन, पोशाक भी बदलेगी

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

व्यंजन द्वादशी पर ठाकुरजी को गर्म तासीर वाले व्यंजनों का भोग लगाया जाता है और उनकी पोशाक में भी बदलाव किया जाता है ताकि उन्हें सर्दी से बचाया जा सके। इसमें बाजरे का खीचड़ा, कढ़ी, गट्टे की सब्जी, मूंग, रेवड़ी और गजक जैसी चीजें शामिल होती हैं। पोशाक में मफलर, दस्ताने और जुराब के साथ-साथ गर्म कपड़े पहनाए जाते हैं, और गर्भगृह में हीटर या अंगीठी भी जलाई जाती है।

इसी कड़ी में आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर गोविंदधाम में मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष द्वादशी दो दिसंबर को व्यंजन द्वादशी उत्सव बड़े ही श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। शीत ऋतु में ठाकुर श्रीजी के भोग परिवर्तन के विशेष पर्व के अंतर्गत ठाकुरजी को ऊष्मा प्रदान करने वाले विविध पारंपरिक व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। श्रीमन्माध्व गौड़ेश्वराचार्य महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सान्निध्य में दोपहर 12 से 12:30 बजे तक ठाकुर श्रीजी की उत्सव व्यंजन द्वादशी झांकी के विशेष दर्शन होंगे। इस अवसर पर ठाकुर श्रीगोविन्द देवजी महाराज को 101 प्रकार के व्यंजन समर्पित



किए जाएंगे।

इनमें छप्पन भोग तथा 25 प्रकार के कच्चे भोग के विशेष व्यंजन शामिल होंगे। भोग में मुख्य रूप से मेवा मिश्रित खीचड़ा, दाल के बड़े, राधा रानी जी का प्रिय अरबी भोग प्रमुख रहेंगे। दर्शनार्थियों को खीचड़ा प्रसाद का वितरण किया जाएगा। उत्सव से पूर्व मंगला झांकी के बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ठाकुर श्रीजी का पंचामृत अभिषेक कर नवीन पीली केसरिया पोशाक एवं अंगरखी परिधान धारण कराए जाएंगे। विशेष अलंकारों से मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा।

मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि व्यंजन द्वादशी से ठाकुरजी की दैनिक सेवा विधान में भी शीत ऋतु के अनुसार परिवर्तन किया जाएगा। ठाकुर श्रीजी को हाथों में दस्ताने, श्रीचरणों में मोजे तथा गुलीबंद (मफलर) धारण कराया जाएगा।

देवस्थान विभाग की ओर से प्रदेश के पांच मंदिरों में व्यंजन द्वादशी के उपलक्ष्य में 56 भोग का आयोजन किया जाएगा। ठाकुरजी को विभिन्न प्रकार के शारदीय व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। जानकारी के अनुसार चांदनी चौक स्थित देवस्थान विभाग के मंदिर श्री ब्रजनिधिजी में व्यंजन द्वादशी पर 56 भोग की झांकी सजाई जाएगी। पुजारी ने बताया कि इस मौके पर ठाकुरजी का अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण करवाई जाएगी। इसी प्रकार देवस्थान विभाग ने छोटी काशी में परकोटे के चांदनी चौक स्थित मंदिर, जोधपुर स्थित प्रसिद्ध रसिक बिहारी मंदिर नैयनी बाई, अलवर स्थित भगवान मथुराधीश मंदिर, उदयपुर स्थित जगदीश चौक जगदीशजी महाराज का मंदिर और भरतपुर स्थित बिहारीजी मंदिर किला में उत्सव मनाना तय किया है। इसके लिए विशेष बजट जारी किया जाता है।

ये हैं भगवान को लगने वाले 56 भोग

पं. अनिल कुमार विद्रोही के अनुसार कई बड़े त्योहारों और पूजा-पाठ में 56 भोग का जिक्र कई बार आता है। खासतौर पर दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा पर भी भगवान श्रीकृष्ण को 56 व्यंजनों का भोग लगाया जाता है। भगवान के 56 भोग में विशेष रूप से भात, सूप (दाल), चटनी, कढ़ी (सदिका), दही शाक की कढ़ी, शरबत, बाटी, सिखरन, बड़ा, मठरी, फेनी, मुरब्बा, त्रिकोण, पूरी, घेवर, मालपुआ, चोला, शतपत्र, जलेबी, मेसू, चंद्रकला, रसगुल्ला, महारायता, लौंगपूरी, थूली, दलिया, खुरमा, सुफलाढया, परिखा, लड्डू, दधिरूप, साग, मंडका, सौधान, दही, खीर, मक्खन, गोघृत, मलाई, कूपिका, पापड़, सीरा, सुवत, लस्सी, संघाय (मोहन), इलायची, फल, सुपारी, अम्ल, कटु, तिक्त, मधुर, कषाय, मोहन भोग, लवण और तांबूल प्रसादी को शामिल किया जाता है।

चांदी की थाली और कटोरी में कच्चा भोग, दाल और खीर भी परोसी जाएगी

ठिकाना मंदिर श्री गोविंददेवजी में व्यंजन द्वादशी उत्सव दोपहर 12 से 12.30 बजे तक उत्सव की विशेष झांकी के दर्शन होंगे। इस दिन सुबह की राजभोग झांकी के दर्शन नहीं हो सकेंगे। शेष झांकियों का समय यथावत रहेगा। इस दिन ठाकुरजी को पीली केसरिया द्वादशी व अंगरखी पोशाक धारण करवाई जाएगी। इसके साथ ही विशेष अलंकार धारण करवाए जाएंगे। ठाकुरजी के समक्ष विशेष भोग की झांकी सजाई जाएगी। इसके साथ ही पारंपरिक चांदी की थाली और कटोरी में कच्चा भोग, दाल और खीर का भोग भी लगाया जाएगा। अधिक ठंड के कारण को शयन के समय गुलीबंद और रजाई ओढ़ाना शुरू किया जाएगा। सरस निकुंज में अलबेली माधुरी शरण के सान्निध्य में सकरी और अनसकरी भोग लगाया जाएगा। आयोजन में बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के बाद भगवान के पदों का गायन करेंगे।

अथः धर्म-वीथिका

।। यतो धर्मः ततो जयः धर्मो रक्षति रक्षितः ।।
।। अथैकादशोऽध्यायः ।।



संजय उवाच - द्रोणं च भीष्मं च जयद्रथं च
कर्णं तथान्यानपि योधवीरान्। मया हतांस्त्वं जहि मा व्यथिष्ठायुध्यस्व जेतासि रणे सपत्नान् ॥
भावार्थ : द्रोण, भीष्म,जयद्रथ, कर्ण और भी अन्य अनेक मेरे द्वारा मारे हुए योद्धाओं से तू बिना किसी भय से विचलित हुए युद्ध कर, युद्ध में तू ही शत्रुओं को जीतेगा।

आज का विचार



दश धर्मं न जानन्ति धृतराष्ट्र निबोध तान्। मत्तः प्रमत्तः उन्मत्तः श्रान्तः क्रुद्धो बुभुक्षितः॥ त्वरमाणश्च लुब्धश्च भीतः कामी च ते दश। तस्मादेतेषु सर्वेषु न प्रसज्जेत पण्डितः॥
अर्थात - जो व्यक्ति सभी लोगों के काम को तत्पर, सच्चा, दयालु, सभी का आदर करने वाला तथा सात्विक स्वभाव का होता है, वह संसार में श्रेष्ठ रत्न की भांति पूजा जाता है।

अथः पंचांगम्

दिनांक 27 नवंबर, 2025, गुरुवार
मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष सप्तमी, कालयुक्त संवत्सर विक्रम संवत 2082, शक संवत 1947 (विश्वावसु संवत्सर), मार्गशीर्ष। सप्तमी तिथि 12:30 तक उपरांत अष्टमी। नक्षत्र धनिष्ठा 02:32 तक उपरांत शतभिषा। ध्रुव योग 12:09 तक। **राहु कालः** 01:34 से 02:55 पूर्वाह्न तक, **सूर्योदय 6:52 सूर्यास्त 5:36** (राहुकाल में शुभ कार्य नहीं करना चाहिए), मानक स्थलः **जयपुर**

राशिफल

मेष
आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। अभी आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-2-6-8

वृषभ
सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। शुभांक-4-6-8

मिथुन
नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8

कर्क
ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। राजकीय कार्यों से लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। मेहमानों का आगमन होगा। छात्रों को लाभ। शुभांक-4-6-7

सिंह
आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। इच्छित स्थान की यात्रा का योग हैं। शुभांक-2-5-6

कन्या
मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। नवीन तालमेल व समन्वय बनाय। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-5-7

तुला
जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-7

वृश्चिक
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय समान रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। शुभांक-2-4-6

धनु
जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-4-6-7

मकर
कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-1-3-5

कुंभ
कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। कारोबारी यात्रा को टालें। हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। शुभांक-3-4-6

मीन
कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-4-6

उक्त राशिफल सूर्य, चंद्र व ग्रहों की संस्थितियों पर आधारित है। कोई विशेष प्रयोजन हो तो जातक की जन्मकुंडली के आधार पर निर्णय लेना चाहिए
- व्यवस्थापक

ब्रीफ खबरें

प्रभुपाद बुक मैराथन का शुभारम्भ



जयपुर। जगतपुरा स्थित कृष्ण बलराम मंदिर में स्थित गुप्त वृंदावन धाम में पूरे विश्व को श्रील प्रभुपाद के वैदिक साहित्य से जोड़ने के लिए वैश्विक अभियान श्रील प्रभुपाद बुक मैराथन 2025 का भव्य शुभारम्भ हुआ। यह अभियान 23 नवम्बर को शुरू हुआ, जिसके अंतर्गत मंदिर के भक्त पूरे विश्व में आध्यात्मिक ग्रन्थ जैसे श्रीमद्भगवद गीता, श्रीमद्भागवतम और अन्य वैदिक पुस्तकों का वितरण करेंगे। श्रील प्रभुपाद बुक मैराथन की अवधि दो माह रहेगी, इसकी प्रेरणा गीता जयंती से ली गई है जो की 1 दिसंबर को है। गीता जयंती के दिन गुप्त वृन्दावन धाम में अन्तराष्ट्रीय गीता ओलिंपियाड का शुभारम्भ भी होगा। मान्यता है की गीता जयंती के दिन भगवान् कृष्ण ने अर्जुन को कुरुक्षेत्र में गीता का उपदेश दिया, श्रील प्रभुपाद बुक मैराथन द्वारा भक्तों का यह प्रयास रहता की विश्व के अधिक से अधिक लोग भगवद गीता को पढ़ सकें और भगवान् कृष्ण के उपदेशों को जीवन में शामिल कर सकें।

सीएम कैम्प कार्यालय में आचार्य सुंदर सागर के प्रवचन आज होंगे

जयपुर। दिगम्बर जैन आचार्य सुन्दर सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में गुरुवार को मानसरोवर के बीटू पास स्थित मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय पर धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर आचार्य श्री के विशेष मंगल प्रवचन होगे। प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा गुरुवार को प्रात साढ़े 8 बजे एस एफ एस के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जैन पहुंचेंगे जहां मंदिर दर्शन के बाद आचार्य श्री को श्रीफल भेंट कर मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में पधारने एवं मंगल आशीर्वचन देने के लिए निवेदन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। समिति अध्यक्ष कमलेश चन्द के अनुसार मुख्यमंत्री आचार्य संघ के साथ पैदल विहार करते हुए जुलूस के रुप में मुख्य मंत्री कैम्प कार्यालय पहुंचेगे, जहां मुख्यमंत्री परिवार की ओर से पाद पक्षालन एवं मंगल आरती कर आचार्य श्री ससंघ की भव्य अगवानी की जाएगी।

देशभर के दिव्यांगों का राष्ट्रीय कार्यक्रम 3 दिसंबर को जेकेके में

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

विश्व दिव्यांग दिवस 3 दिसंबर को भारतीय दिव्यांग संघ की ओर से जवाहर कला केन्द्र स्थित रंगायन सभागार में दिव्यांगों से जुड़ा राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में देशभर से दिव्यांगजन अपनी कला, प्रतिभा और दक्षता को दुनिया के सामने प्रस्तुत करेंगे। मुख्य अतिथि राज्यपाल हरीभाऊ किशनराव बागड़े होंगे।



भारतीय दिव्यांग संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद नारायण और राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार देवेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजन की प्रतिभा, आत्मविश्वास और सामाजिक योगदान को राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है, ताकि समाज में समावेशन और संवेदनशीलता का संदेश मजबूती से स्थापित हो सके। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें दिव्यांग क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए राजस्थान की व्हील चेयर क्रिकेट टीम को सर्वोच्च सम्मान भारतीय दिव्यांग संघ रत्न प्रदान किया जाएगा। गोपालपुरा बाइपास स्थित एक होटल में अखिल भारतीय गोशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता, गोपालपुरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष पवन गोयल, राहुल द्विवेदी, ने आयोजन के पोस्टर का विमोचन किया।


गोविंद देवजी के पोथी पूजन कर रामेश्वरम को रवाना हुए श्रद्धालु



जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

रामेश्वरम् के बप्पा आश्रम में 2 से 9 दिसंबर तक राम कथा का आयोजन किया जाएगा। व्यासपीठ से आचार्य राजेश्वर कथा का रसास्वादन कराएंगे। बुधवार को गोविंद देवजी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में पोथी पूजन किया गया। सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने पूजा-अर्चना की। गीता गायत्री मंदिर के पं. राजकुमार चतुर्वेदी ने बताया कि इस मौके पर कलश यात्रा भी निकाली गई। पोथी पूजन हुआ। सभी को माला, प्रसाद देकर सम्मानित किया गया। पोथी पूजन के बाद कलश यात्रा निकाली गई। इस मौके पर घाट के बालाजी के महंत सुदर्शनाचार्य महाराज, परकोटा गणेश मंदिर के महंत पं. अमित शर्मा, नहर के गणेश जी मंदिर के मानव शर्मा मौजूद रहे।

अन्नकूट प्रसादी गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज



जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

दिल्ली रोड स्थित खोले के हनुमान मंदिर में 9 नवम्बर को आयोजित किए गए 65 वें लक्खी अन्नकूट को ऑक्सफर्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से विश्व का सबसे बड़ा 87.5 टन प्रसादी का हनुमान भोग लगाने तथा एक ही दिन में 2,22,030 से भी अधिक लोगों को बैठाकर प्रसादी खिलाने के ऐतिहासिक आध्यात्मिक आयोजन के लिए प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। ऑक्सफर्ड बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डस की स्थानीय टीम ने नरवर सेवा समिति खोले के हनुमान जी के महामंत्री बृज मोहन शर्मा को यह प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस प्रमाण पत्र पर ऑक्सफर्ड बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डस, बर्घिगम यूनाइटेड किंगडम के अध्यक्ष और चेयरमैन के हस्ताक्षर है।

ताड़केश्वर महादेव मंदिर में अलौकिक झांकी, बोल बम ताड़क बम, हर हर महादेव और जय भोले का उद्घोष गुंजायमान रहा

पहले किए दर्शन फिर श्रद्धालुओं ने लिया भोले के दरबार में प्रसादी का आनंद

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

छोटी काशी के चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को आयोजन में विशेष फूलों की अलौकिक झांकी सजाई गई। जिसने भक्तों का मन मोह लिया। यह आयोजन बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों की उपस्थिती में हुआ। इसमें महादेव के प्रति भक्तों की आस्था और रचनात्मकता का संगम देखा गया। शाम से शयन झांकी तक भक्तों ने दर्शन किए। यहां बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसादी का आनंद लिया।

मंदिर पुजारी के अनुसार ताड़केश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव के दर्शनों के लिए शहर भर से लोग पहुंचते हैं। इतिहासकारों की मानें तो जयपुर स्थापना से पहले का यह





शिवलिंग है। पहले यहां पर श्मशान घाट हुआ करता था। मान्यता तो यह भी है कि एक बार अम्बिकेश्वर महादेव मंदिर के महंत पंचम लाल व्यास सांगानेर जाते वक्त यहां रुके थे। तब उन्होंने शिवजी को देखा था। जयपुर स्थापना के समय मंदिर के दोनों ओर से रास्ता निकालने की योजना थी, लेकिन रियासत के वास्तुविद विद्याधर, राजगुरु रत्नाकर पौंड्रिक और प्रधानमंत्री राजामल खत्री ने दूसरा रास्ता बनाने की योजना बनाई थी। बाद में विद्याधर की बेटी माया देवी ने मंदिर का निर्माण कराया। ताड़ के अधिक वृक्ष होने की वजह से शिव जी को ताडकेश्वर महादेव के नाम से भी जाना जाने लगा।

सावन के दिनों में यहां भक्तों का सुबह से शाम तक सैलाब उमड़ता है। शहर के प्रमुख शिवालयों में इसका नाम आता है। हर सोमवार को यहां प्रभु का विशेष श्रृंगार किया जाता है। यहां हर समय बोल बम ताड़क बम, हर हर महादेव और जय भोले का उद्घोष करते हुए भक्तों का रैला दर्शन के बाद निकलता है।

नगर निगम हेरिटेज : इस बार अधिकारियों ने दिखाई दृढ़ता, पूरे जाब्ते के साथ जाकर की कार्रवाई

अवैध डेयरी संचालक का आतंक खत्म कर हटाया कब्जा

जागो इंडिया जागो

सिटी रिपोर्टर . जयपुर

नगर निगम हेरिटेज ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए हवामहल-आमेर क्षेत्र में कई जगहों पर अतिक्रमण हटाए। इस कार्रवाई में नगर निगम हेरिटेज ने सालों से चल रहीं अवैध डेयरी को अतिक्रमण मुक्त करवाया। उपायुक्त हवामहल जोन सीमा चौधरी एवं उपायुक्त सतर्कता, द्वितीय पुष्पेंद्र सिंह राठौड, उपायुक्त पशु प्रबंधक सीमा शर्मा के नेतृत्व में सतर्कता शाखा स्टॉफ व संबंधित थाना कोतवाली के सहयोग से सालों से चल रहीं अवैध डेयरी को कब्जा मुक्त कर दिया। बताया जा रहा है कि सन्नी उर्फ जावेद घोसी उर्फ पहलवान का इलाके में काफी खौफ था। पूर्व में कई बार कार्रवाई करने पहुंच नगर निगम हेरिटेज की टीम के साथ आरोपी हाथापाई, मारपीट जैसी घटना कर चुका है। जिसके चलते नगर निगम कर्मचारियों में भी पहलवान काफी भय था। लेकिन बुधवार को उपायुक्त हवामहल जोन सीमा चौधरी व उपायुक्त सर्तकर्ता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने टीम की मदद से पहलवान का इलाके से खौफ खत्म करते हुए अवैध डेयरी का ध्वस्त कर दिया।

उपायुक्त सतर्कता द्वितीय पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि चौगान स्टेडियम के पास गोविंद देव जी मंदिर रोड पर स्थित चौकड़ी सरहद पर काफी सालों से अवैध डेयरी का संचालन किया जा रहा था। जिसके कारण यहां पर गायों का जमावड़ा रहता था और दुर्घटनाओं का डर बना रहता था। इसी के साथ सड़क पर गोबर आदि की गन्दगी पड़ी रहती थी। कई बार वृद्धजन गायों की चपेट में आकर घायल हो गए। डेयरी संचालक सन्नी उर्फ जावेद घोसी को नगर निगम हेरिटेज ने कई बार नोटिस देकर समझाईश भी की। लेकिन सन्नी हमेशा अपने साथ आठ-दस लठैतों को भी यहीं बैठा कर रखता और दिखावे के लिए व्यायाम शाला चलाता था।









कार्रवाई के दौरान 6 ट्रक सामान जब्त किया

नगर निगम हेरिटेज की टीम ने बुधवार को बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार, सरकारी भूमि चौगान स्टेडियम, नाहरगढ़ रोड़, ब्रह्मपुरी, चौड़ा रास्ता, किशनपोल बाजार, इन्दिरा बाजार, खजाने वालों का रास्ता, नेहरु बाजार, अजमेरी गेट, चांदपोल बाजार, तक कार्रवाई करते हुए 40 जगहों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान नगर निगम ग्रेटर ने अतिक्रमण करने वालों का 6 ट्रक सामान जब्त किया। वहीं परिवहन शुल्क 58 हजार 6 सौ रुपए के चालान काटे। वहीं गणगौर बाजार, नाहरगढ़ रोड सरकारी भूमि से अवैध डेयरी का अतिक्रमण तोड़ 11 ट्रक सामान जब्त करते हुए दो ट्रैक्टर ट्रॉली मलबा हटाया।

दस हजार रुपए का इनामी आरोपी गिरफ्तार



जागो इंडिया जागो

सिटी रिपोर्टर . जयपुर

मालपुरा गेट थाना पुलिस ने काफी समय से वांछित चल रहे एससी एसटी एक्ट के दस हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से फरारी काटने व सहयोग करने वालों के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

थानाधिकारी उदयभान यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी त्रिलोक जांगिड़, घाड, जिला टोंक हाल मालपुरा गेट निवासी एससी एसटी एक्ट के मामले में काफी समय से वांछित चल रहा था। जिस पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता व मुखिबर की सूचना पर इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

स्वच्छता का गहराता संकट : लिखित आदेश जारी नहीं होने तक हड़ताल का लिया संकल्प

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी, मार्केट के साथ गलियों में भी सफाई व्यवस्था ठप

जागो इंडिया जागो

सिटी रिपोर्टर . जयपुर

नगर निगम प्रशासन और सफाई कर्मचारियों के बीच मंगलवार को हुई वार्ता बेनतीजा रहने के बाद वाल्मीकि सफाई श्रमिक संघ की हड़ताल बुधवार को भी जारी रही। संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर डंडोरिया का आमरण अनशन भी चलता रहा। हड़ताल के चलते राजधानी के अधिकांश वार्डों में बुधवार को झाड़ू नहीं लगी। प्राइवेट एजेंसियों से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण तो हुआ, लेकिन सड़कों, गलियों और बाजारों की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप रही। वाल्मीकि समाज सफाई श्रमिक संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर डंडोरिया ने साफ कहा कि जब तक सभी मांगों पर लिखित आदेश नहीं जारी होंगे, तब तक न तो आमरण अनशन समाप्त होगा और न ही हड़ताल वापस ली जाएगी।

बुधवार सुबह से ही हड़ताल का असर साफ दिखाई देने लगा और गलियों में कचरे के ढेर जमा होने शुरू हो गए। सार्वजनिक शौचालयों की सफाई नहीं हुई। सीवर और नालों की सफाई संबंधी शिकायतें अनसुलझी रहने से कई इलाकों में जलभराव व दुर्गंध की समस्या बढ़ गई। नगर निगम ने भले ही डोर-टू-डोर कचरा उठाव प्राइवेट एजेंसियों को सौंप रखा हो, लेकिन सड़क सफाई, नाली सफाई और रात्रिकालीन सफाई के लिए कोई वैकल्पिक इंतजाम नहीं होने से शहर की स्वच्छता व्यवस्था फिलहाल आधी क्षमता पर भी नहीं चल पा रही है।





प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

सफाई कर्मचारियों ने हाजरीगाह पर इकट्ठा होकर विरोध दर्ज कराया। कुछ कर्मचारी आंदोलन की ओर ध्यान आकर्षित कराने के लिए जयपुर के प्रमुख छोटी चौपड़ पर इकट्ठा हुए और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कर्मचारियों ने मोबाइल ऐप आधारित हाजिरी प्रणाली खत्म करने, ठेकेदारी प्रथा समाप्त करने, लंबित भर्ती शुरू करने, आश्रितों को नियुक्ति, 4 अगस्त 2024 कोर्ट समझौते के पात्र कर्मचारियों को नियुक्ति-पत्र, पदोन्नति, जोखिम भत्ता बढ़ाने और दफ्तरों में बैठे कर्मचारियों को मूल सफाई कार्य में लगाने जैसी मांगें दोहराईं।

सरकारी सहायता पाने वाली हर संस्था पर ऑडिट कराने की सिफारिश

जागो इंडिया जागो

सिटी रिपोर्टर . जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए), दूसरे जिलों में संचालित विकास प्राधिकरण या नगरीय निकाय (नगर निगम या परिषद) के खर्चों की ऑडिट प्रधान महालेखाकार (सीएजी) से करवाने की सिफारिश राज्य सरकार से की गई है। पिछले दिनों सीएजी ने इस संबंध में एक पत्र राज्य सरकार को लिखा है। सीएजी की तरफ से लिखे पत्र में बताया- ऐसी लोकल बॉडी या ऑथोरिटी जो केन्द्र और राज्य सरकार से ग्रांट लेती है या लोन लेती है। उनकी ऑडिट सीएजी से करवाने का प्रावधान है। सीएजी ने अपने पत्र में लिखा- अगर राज्य सरकार या केन्द्र सरकार किसी ऑथोरिटी या लोकल बॉडी को 25 लाख रुपए से ज्यादा की ग्रांट और उक्त ऑथोरिटी या बॉडी के कुल खर्चे के 75 फीसदी के बराबर लोन (ऋण) देती है तो वह सीएजी ऑडिट के दायरे में आता है। सीएजी ने अपने इस पत्र में जयपुर जेडीए के पांच सालों के बजट की रिपोर्ट पेश की। इसमें बताया कि जेडीए ने साल 2019-20 में जितनी सरकारी जमीन बेची, उस जमीन से मिली आय में से सरकार को कुल 260.47 करोड़ रुपए देने थे। इसके अलावा अरबन असेसमेंट रेवेन्यू, फायर सेस और नियमन चार्ज के पेटे भी राज्य सरकार को 68.83 करोड़ रुपए का भुगतान करना था, जो नहीं किया गया।

इस तरह सरकार से अप्रत्यक्ष तौर पर जेडीए को कुल 329.30 करोड़ रुपए मिले। जबकि इस वित्तवर्ष में जेडीए का कुल खर्चा 646.97 करोड़ रुपए हुआ था। इस तरह सरकार की तरफ से मिली अप्रत्यक्ष राशि कुल खर्चे का 50.66 फीसदी रहा।

हाईकोर्ट ने अपनाया कठोर रुख : राजस्व अर्जित करने के लिए जनसुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता

नेशनल और स्टेट हाईवे पर से हटाए जाएं शराब के ठेके

जागो इंडिया जागो

सिटी रिपोर्टर . जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने नेशनल तथा स्टेट हाइवे पर संचालित शराब ठेकों को लेकर कठोर रुख अपनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को स्पष्ट निर्देश दिया है कि हाइवे की मध्य रेखा से 500 मीटर की परिधि में स्थित सभी शराब दुकानों को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। न्यायमूर्ति डॉ पुष्पेंद्र सिंह भाटी एवं न्यायमूर्ति संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने आदेश दिया कि सरकार इन 1102 दुकानों को अधिकतम दो माह की अवधि में हटाकर अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत करे। राज्य सरकार ने अदालत के समक्ष यह तर्क रखा कि उक्त दुकानें नगर एवं नगरपालिका सीमा में स्थित हैं। जिससे राज्य को लगभग 2221.78 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित होता है। खंडपीठ ने इस दलील को अस्वीकार करते हुए कहा कि 'म्युनिसिपल एरिया' के वर्गीकरण का दुरुपयोग कर हाइवे को 'शराब-फ्रेंडली कॉरिडोर' बनाना न्यायसंगत नहीं है तथा सुप्रीम कोर्ट के 'के.बालू प्रकरण' के आदेशों की अवहेलना किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी।



अदालत ने हाल में हरमाड़ा (जयपुर) एवं फलोदी में हुए घातक सड़क हादसों का संज्ञान लेते हुए कहा कि महज दो दिनों में 28 लोगों की मृत्यु होना गंभीर चिंता का विषय है। ड्रंक एंड ड्राइव तथा ओवरस्पीडिंग को इन दुर्घटनाओं की प्रमुख वजह बताते हुए अदालत ने टिप्पणी की कि वर्ष 2025 में मद्यपान कर वाहन चलाने के मामलों में लगभग 8 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है, जो स्थिति की गंभीरता को दर्शाती है।

खंडपीठ ने यह भी निर्देश दिया कि हाइवे से दृष्टिगोचर होने वाले शराब के सभी विज्ञापन, होर्डिंग तथा साइनबोर्ड पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। अदालत ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन का अधिकार सर्वोपरि है तथा राजस्व अर्जित करने की मंशा से जनसुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता एम.एम. ढेरा ने तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद आबकारी विभाग ने नियमों को मोड़कर ठेकों का आवंटन किया।

यातायात नियम की अवहेलना करने वालों पर मोबाइल कोर्ट ने की सख्ती

जयपुर। न्यायालय अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-13 जयपुर महानगर द्वितीय (मोबाइल कोर्ट) के पीठासीन अधिकारी गुरजोत सिंह (आरजेएस) ने यातायात नियम की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए अधिकतम जुर्माना लगाया जा रहा है। न्यायालय के सहायक अभियोजन अधिकारी दिनेश लोहिया ने बताया कि यातायात नियम की पालना नहीं करने वाले वाहन चालकों पर दोषसिद्धि उपरान्त अधिकतम



जुर्माना लगाकर सख्त रुख अपनाया जा रहा है। जिससे समाज में यातायात नियम की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों को एक संदेश दिया जा सके। न्यायालय द्वारा सख्ती दिखाते हुए कुछ गंभीर प्रकरण जैसे बस में प्रेशर हॉर्न का प्रयोग व नशा शराब में वाहन चलाने वाले चालक शामिल है।

ब्रीफ खबरें

वेदांत और सुचिर शर्मा उत्कृष्ट बाल सांसद के पुरस्कार से सम्मानित



जयपुर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक्शन प्लान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रमों की शृंखला के अंतर्गत बाल संसद एवं संविधान शपथ समारोह का आयोजन सुबोध पब्लिक स्कूल, जयपुर में किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पल्लवी शर्मा ने बताया कि संविधान दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों में संवैधानिक मूल्यों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बाल संसद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों को बाल अधिकार, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा का अधिकार, लिंगानुपात और बाल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय दिए गए, जिन पर बच्चों ने गंभीरता से विचार-विमर्श किया तथा सामाजिक एवं संवैधानिक पहलुओं पर सार्थक चर्चा प्रस्तुत की। बाल संसद के दौरान बच्चों ने विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखते हुए विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका, उसकी उपयोगिता तथा समाज में न्याय सुलभ कराने के प्रयासों को रेखांकित किया। बाल संसद के दौरान विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय पाराशर, स्कूल स्टाफ एवं प्राधिकरण के सदस्यों ने सहभागिता बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वेदांत पारीक और सुचिर शर्मा को उत्कृष्ट बाल सांसद के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

संविधान दिवस–2025 : डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने शपथ दिलाई



जयपुर। संविधान दिवस 2025 के अवसर पर पुलिस मुख्यालय राजस्थान में पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर न्याय, स्वतंत्रता,समानता और बंधुत्व के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई गई। इस कार्यक्रम में सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान में निहित मूल्यों को आत्मसात करने तथा जनसेवा में इन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।

पत्नी और प्रेमी ने मिलकर की थी भूप सिंह की हत्या

जयपुर। नारायण विहार थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गत चार दिनों पहले हुए सिक्योरिटी गार्ड भूप सिंह की हत्या का खुलासा करते हुए हत्या के आरोप में मृतक की पत्नी सहित उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि अवैध संबंधों के चलते पत्नी आशा और उसके प्रेमी योगेश शर्मा ने मिलकर भूप सिंह की हत्या की योजना बनाई और फिर सिर पर गैस सिलेंडर के पाइप से किया वार और गला दबाकर हत्या की थी। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि ने बताया कि नारायण विहार थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भूप सिंह की हत्या करने वाली उसकी पत्नी आशा और उसके प्रेमी योगेश शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी राज ऋषि राज ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक भूप सिंह अपनी पत्नी आशा और योगेश शर्मा के अवैध संबंधों के बीच रोड़ा बन रहा था। आरोपित महिला आशा अपने गांव में रह रही थी,लेकिन उसका प्रेमी योगेश उसे बार-बार जयपुर बुला रहा था। पति भूप सिंह के आपत्ति जताने के कारण आशा ने जयपुर आने से इनकार कर दिया था। इसके बाद पत्नी आशा और प्रेमी योगेश ने मिलकर भूप सिंह की हत्या की साजिश रची। साजिश के तहत योगेश ने पहले भूप सिंह के सिर पर गैस सिलेंडर के पाइप से वार किया। जब उन्हें लगा कि भूप सिंह मरा नहीं है तो उन्होंने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

थानाधिकारी गुंजन सोनी ने बताया कि हत्या के बाद आरोपित प्रेमी योगेश शर्मा तीन दिनों तक पुलिस को गुमराह करता रहा और मनगढ़ंत कहानियां बनाता रहा। उसने भूप सिंह के भाई और परिवार पर संपत्ति विवाद के चलते हत्या का शक जताया था। हालांकि पारंपरिक पुलिसिंग और तीन दिनों की कड़ी पूछताछ के बाद आरोपी ने हत्या करना स्वीकार किया।

पिंकसिटी नेशनल लिटरेचर-ड्रामा फेस्टिवल 12 से, पोस्टर किया लॉन्च

जयपुर। गुलाबी शहर किताबों, विचारों और सृजनात्मक अभिव्यक्तियों के एक बड़े महाकुंभ का गवाह बनने जा रहा है। पिंकसिटी प्रेस क्लब, पीपुल्स मीडिया थिएटर और राजस्थान साहित्य अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में पिंकसिटी नेशनल लिटरेचर ड्रामा फेस्टिवल 2025 का आयोजन 12, 13 और 14 दिसंबर को पिंकसिटी प्रेस क्लब, जयपुर में किया जाएगा। तीन दिवसीय आयोजन साहित्य, पत्रकारिता, नाटक, कला, संस्कृति और समसामयिक मुद्दों पर केंद्रित रहेगा। बुधवार को प्रेस क्लब में आयोजन का पोस्टर लॉन्च किया गया। फेस्टिवल में देश के प्रतिष्ठित साहित्यकार और पत्रकार शिरकत करेंगे, जिनमें वरिष्ठ साहित्यकार अशोक वाजपेयी, नंदकिशोर आचार्य, भानु भारती, ओम थानवी, पुष्पा माई, डॉ. सुरेश दैमन (लंदन), कथक गुरु चरण गिरधर चांद (सिंगापुर), शायर लोकेश कुमार सिंह साहिल, सहित लगभग 100 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय लेखक, रचनाकार और पत्रकार शामिल होंगे। पोस्टर लॉन्च के मौके पर वरिष्ठ पत्रकार अरुण शर्मा, पं रमेश शर्मा, लोकनाथ गुर्जर, कवि दिनेश नागर, रंगकर्मी प्रेरणा शर्मा, कवि नवल पांडे, सिनेमाकार संतोष व्यास, चिंतक भगवान कृपलानी, डॉ. एल.एल. शर्मा, अनूप सिंह, हेमंत शर्मा, रचना शर्मा, कविता मुखर, सहित अनेक युवा रचनाकार और कलाकार मौजूद रहे। इस फेस्टिवल में साहित्य, पत्रकारिता, राजनीति, आदिवासी चिंतन, शिक्षा, पर्यावरण, लोकनाट्य, अर्थशास्त्र और कला से जुड़े विषयों पर 15 सत्रों में चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा। फेस्टिवल में मुशायरा, काव्य गोष्ठी, ओपन माइक, संगीत संध्या, रंगमंचीय नाटकों का भी आयोजन होगा। प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा ने बताया कि इतिहास में पहली बार प्रेस क्लब में ऐसे बड़े साहित्यिक आयोजन की शुरुआत हो रही है।



सिस्टम में सुधार हो ताकि बीएलओ के साथ जनता का भी तनाव कम हो

उत्तरप्रदेश में दो दिन में दो बीएलओ की जान चली गई। इसके पीछे मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) में अफसरों का दबाव बताया जा रहा है। एसआईआर को लेकर अंदाजन एक पखवाड़े में करीब एक दर्जन से अधिक बीएलओ आत्महत्या कर चुके हैं। इसके अलावा कुछ की अत्यधिक तनाव की वजह हार्ट अटैक से मौत होने की बात भी कही जा रही है। उन पर अनावश्यक दबाव-तनाव क्या था, इस पर कुछ सामने नहीं आ पाया है। हालांकि उनके समर्थन में कई शिक्षक संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया, कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल भी इसकी आड़ में वोट चोरी की आशंका जताते हुए केन्द्र सरकार को गरिया रहे हैं। एसआईआर भी जरूरी है तो बीएलओ पर अनावश्यक प्रेशर ना पड़े, इसको भी देखा जाना चाहिए। यूपी में आत्महत्या करने वाले विपिन यादव के वायरल वीडियो में एसडीएम-लेखपाल के दबाव डालने की बात कही गई है। घटना के बाद हमेशा की तरह जांच के लिए एक कमेटी गठित कर दी गई है। इस तरह की पहले भी हो चुकी घटनाओं से एसआईआर प्रक्रिया और बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) पर काम के दबाव की समस्या पर सवाल कई बार खड़े हो चुके हैं। बीएलओ पर दबाव पर प्रशासनिक तंत्र की चुप्पी इसे और खतरनाक बना देती है। एसआईआर के दौरान जहां उन्हें घर-घर जाकर जानकारी जुटानी पड़ रही है, फॉर्म भरवाने के साथ बदलाव दर्ज करने पड़ते हैं और हर दिन तय लक्ष्य पूरा करना होता है। फिर लगातार बदलते निर्देश और कम समय, यह मुश्किल भरा काम लगने लगता है। तकनीक का बोझ भी कम नहीं। ऐप और पोर्टल अक्सर सही काम नहीं करते, डेटा अपलोड नहीं होता, सर्वर बार-बार डाउन होता है। गलती चाहे सिस्टम की हो, दोष बीएलओ पर ही मढ़ दिया जाता है। अधिकारी , लक्ष्य हर हाल में पूरा करने का आदेश देते हैं और देर या ग़लती पर फटकार लगाते हैं। कई बार तो रात देर तक फोन पर रिपोर्ट मांगी जा रही है। जनता की नाराजगी, गलतफहमियां और कभी-कभी फील्ड में बदसलूकी भी उनके बोझ को और बढ़ाती हैं। सबसे गंभीर मुद्दा यह है कि अधिकांश बीएलओ किसी विभाग में पहले से ही कर्मचारी होते हैं, जैसे शिक्षक, आशा सहयोगी, पटवारी, पंचायत कर्मचारी। उन्हें उनकी मूल नौकरी के साथ-साथ हर सरकारी सर्वे और चुनावी काम भी करना पड़ता है। यह तीन-तीन मोर्चों पर चलने जैसा है। दबाव, थकान, मानसिक टूटन, यह सब मिलकर कई बार ऐसी स्थिति पैदा कर देता है जहां वो हताश हो जाते हैं। हाल के दिनों में देश के विभिन्न राज्यों से ऐसी दर्दनाक घटनाएँ सामने आई हैं, जिन्हें नजरअंदाज करना लोकतंत्र के प्रति गंभीर लापरवाही होगी। बीएलओ की यह पीड़ा सिर्फ उनके व्यक्तिगत जीवन की त्रासदी नहीं है। यह हमारे चुनावी तंत्र की असल कमजोरी है। लोकतंत्र की विश्वसनीयता सिर्फ मशीनों, पोर्टलों और नियमों से नहीं बचती, वह उन लोगों की मजबूती पर टिकी है जो हर दरवाजे पर जाकर मतदाता सूची को जीवित रखते हैं। जरूरत इस बात की है कि हालात में सुधार हो।

यह केवल एक औपचारिक घटना नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक चेतना का नया शुभारंभ है

हिंदी में शपथः आत्मविश्वास से भरपूर नए भारत की भाषाई चेतना का निर्णायक उद्घोष



ललित गर्ग
लेखक

न्यायमूर्ति सूर्यकांत का हिंदी में शपथ लेना इस सत्य को पुनः उद्घाटित करता है कि भारतीय लोकतंत्र की संवैधानिक संस्थाएँ केवल कानून और प्रशासन की रक्षा ही नहीं करतीं, बल्कि भारतीयता और राष्ट्रीय अस्मिता को भी नई दिशा देती हैं। यह कदम यह संदेश देता है कि नई पीढ़ी की संस्थाएँ अब संकोच नहीं, आत्मविश्वास के साथ भारत की भाषा में अपने कर्तव्यों की शुरुआत कर रही हैं



भारत के 53वें प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत का हिंदी में शपथ लेना भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में केवल एक औपचारिक घटना नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक, राष्ट्रीय और मनोवैज्ञानिक चेतना का नया शुभारंभ है। यह वह क्षण है जिसने भाषा को लेकर दशकों से चले आ रहे संकीर्ण विवादों, राजनीतिक विरोधाभासों और कृत्रिम विभाजनों पर एक गहरी चोट की है। हिंदी में शपथ का यह निर्णय राष्ट्रीय मानस में इस भावना को पुनः स्थापित करता है कि भाषा का प्रश्न केवल संचार का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा का प्रतीक है। यह निर्णय उस विरोधाभास पर भी प्रकाश डालता है जिसमें विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा हिंदी को अपने ही देश में सबसे अधिक उपेक्षा, संकोच और राजनीतिक विरोध का सामना करना पड़ता रहा है। भारत में भाषा सदैव राजनीति का एक सुविधाजनक औज़ार रही है। कुछ दशकों से चले आ रहे भाषाई आंदोलन और हिंदी-विरोधी राजनीति ने देश की एकता को अक्सर चुनौती दी है। क्षेत्रवाद की आड़ में कुछ राजनीतिक दलों ने हिंदी को एक क्षेत्र विशेष की भाषा बताकर उसका महत्व कम करने का प्रयास किया। यह तर्क न तो व्यावहारिक था और न ही ऐतिहासिक। हिंदी किसी क्षेत्र की भाषा नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के हृदय की भाषा है, जनमानस की अभिव्यक्ति है, भारत की आत्मा की धड़कन है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा हिंदी में शपथ लेना इस सत्य को पुनः उद्घाटित करता है कि भारतीय लोकतंत्र की संवैधानिक संस्थाएं केवल कानून और प्रशासन की रक्षा ही नहीं करतीं, बल्कि भारतीयता और राष्ट्रीय अस्मिता को भी नई दिशा देती हैं। यह कदम यह संदेश देता है कि नई पीढ़ी की संस्थाएं अब संकोच नहीं, आत्मविश्वास के साथ भारत की भाषा में अपने कर्तव्यों की शुरुआत कर रही हैं। हिंदी को लेकर जो विरोधाभास पैदा किया जाता रहा है, वह वास्तव में एक कृत्रिम एवं आग्रह-दुराग्रहपूर्ण द्वंद्व है। आज के वैश्विक दौर में भाषा का महत्व उसकी लोकस्वीकृति और उपयोगिता से तय होता है। हिंदी वैश्विक भाषाओं की सूची में तेजी से ऊपर बढ़ रही है। करीब 113 करोड़ के साथ अंग्रेजी पहले स्थान पर है. 111 करोड़ के साथ चीनी दूसरे स्थान पर है, इसके बाद हिन्दी का स्थान आता है। करीब 61.5 करोड़ विश्व में, हिन्दी को बोलने वाल लोगों की संख्या के आधार पर तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा का स्थान प्राप्त है। हिंदी का प्रभाव विश्व में बढ़ रहा है और यह सोशल मीडिया व संचार माध्यमों में भी लगातार उपयोग हो रही है। दुनिया भर के 175 से अधिक विश्वविद्यालयों में हिंदी भाषा पढ़ाई जा रही है। देवनागरी लिपि को दुनिया की सबसे वैज्ञानिक लिपियों में से एक माना जाता है। भारत सरकार की पहल के बाद से, संयुक्त राष्ट्र ने भी साप्ताहिक हिंदी समाचार बुलेटिन शुरू किया है। अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, मोरिशस, दक्षिण अफ्रीका, खाड़ी देशों और यूरोप में हिंदी सीखने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। विश्व के कई विश्वविद्यालयों में हिंदी साहित्य, भाषाविज्ञान और अनुवाद अध्ययन का विस्तार हुआ है। हिंदी फिल्में, वेब प्लेटफॉर्म और मीडिया विश्व संस्कृति पर गहरा प्रभाव छोड़ रहे हैं। यह वह समय है जब हिंदी वैश्विक मंच पर उभर रही है, यही वह असंगति है जिसे न्यायमूर्ति सूर्यकांत की शपथ ने बड़े सौम्य किंतु तीव्र संदेश के साथ उजागर किया है कि जब दुनिया हिंदी को सम्मान दे रही है तो भारत में उसकी उपेक्षा किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं हो सकती। राष्ट्रीय प्रतीक केवल वस्तुएं नहीं होते, वे राष्ट्र की चेतना के वाहक होते हैं। राष्ट्रध्वज केवल कपड़े का टुकड़ा नहीं, करोड़ों लोगों के स्वाभिमान और बलिदान का प्रतीक है। राष्ट्रगान केवल धुन नहीं, बल्कि भारत की समष्टिगत भावना का सूत्र है। उसी प्रकार राष्ट्र की भाषा-चाहे उसे हम राजभाषा कहें या राष्ट्रभाषा भारतीय पहचान और राष्ट्रीय एकता का अदृश्य धागा है। नए भारत का निर्माण तभी संभव है जब हम इन प्रतीकों का सम्मान केवल संविधान की धाराओं में नहीं, बल्कि हृदय में करें। हिंदी को लेकर जो संकोच, झिझक और कृत्रिम विरोध दशकों से बना हुआ था, वह राष्ट्रीय आत्मविश्वास के लिए बाधक था। नया भारत आगे बढ़ रहा है, अपनी भाषा में, अपने स्वभाव में और अपनी अस्मिता में आत्मविश्वास से भरपूर।

व्यंग्य

पत्नी का चिंगारी स्वभाव और जीने की अनूठी कला




दिनेश विजयवर्गीय
वरिष्ठ व्यंग्यकार



भारतीय संस्कृति में पति-पत्नी के सात जन्मों तक साथ निभाने की बात कहीं जाती है। अब यह धारणा व सोच दूर दूर तक भी दिखाई नहीं देती। अब यह विश्वास गए गुजरे जमाने की बात हो गई। तब पत्नी अपने पति को भगवान से कम नहीं समझती थी। आज तेज भागती इस दुनिया में सारे नियम कायदे चिंतन प्यार से भरा अपनापन सब उलट पलट हो गये। हमारे सामाजिक मूल्य बिखर गए। अब पति पत्नी के बीच समर्पण के स्थान पर तर्क व बहस बाजी होने लगी । जिस घर में पत्नी की आवाज पति से अधिक होने लगती है वहां से सुख शांति के दरवाजे जीवन भर के लिए बंद हो जाते हैं। और जहां दुर्भाग्य से चूमटिया भरने वाली यानी घड़ी-घड़ी समस्या पैदा करने वाली पत्नी मिल जाए तो समझ लो कि बेचारे की जान ही सांसत में आ जाती है। और जब ऐसी स्थिति में पति अपना सकुशल जीवन चलाने के लिए, पत्नी की चिंगारी से बचने के लिए झूठ चंट चालाकी का सहारा लेकर आनंद मंगल की यात्रा करना पसंद करता है। जापान के ओसाका में छियासठ साल के एक रिटायर व्यक्ति के 34 करोड़ रुपए की लॉटरी खुल गई । अब वह बेचारा पत्नी के कंटीले और कड़वे स्वभाव के चलते दुविधा में पड़ गया । वह उसके सामने लॉटरी में इतनी बड़ी रकम पाने की खुशी जाहिर नहीं कर सका। उसने पत्नी को 28, 6 लाख रुपए मिलने की बात कह कर खुशियां मनाने का नाटक किया। उसने इन रुपयों से पत्नी कहीं कुछ अपने लिए खरीदारी नहीं कर ले, इसलिए उसने पहले ही इस धनराशि को अपने मकान की मरम्मत करा नया लुक देने में खर्च करने की बात कह दी। आखिर उसके भाग्य में यह राशि छप्पर फाड़ कर मिली है। घर बैठे आई लक्ष्मी का वह जी भर आनंद लेना चाहता था । सो पति ने अपनी लक्जरी लाइफ का सोच बनाए रख एक लक्जरी कार भी खरीद ली। अब वह कहीं दूसरे शहर में जाता तो महंगे रिजॉर्ट्स में ठहरता। वह पूरे जापान में घूमने का आनंद लेता रहा । पर कहते हैं न कि लक्ष्मी चंचल होती है वह टिकती कहां है? जैसे आती है वैसे ही चुप चुप हाथ से फिसलती भी जाती है । उसने छः माह में एक करोड रुपए खर्च कर दिए। पत्नी के डर से कार को भी अंडरग्राउंड पार्क में छिपाकर रखता और कोई शक न हो इसलिए पहले की तरह ही पुराने कपड़े धारण करता। इतना ही नहीं उसने अपने मित्रों से भी दूरी बना ली ताकि किसी कोई शंका न हो। पति जीती हुई धनराशि को पत्नी से छुपा कर चुप चुप अपना सुखद जीवन जीता रहा । वह सोचता रहता भगवान बचाए ऐसी घड़ी-घड़ी जुबान लड़ाकर अपना बर्चस्व कायम करने वाली पत्नी से ! बस उसने तो अब हर दिन चोरी चुपके अपना आनंददायी जीवन जीने की कला सीख ली। घर में गरीब बाहर अमीर।

स्वर्णिम पन्ने

नोबेल पुरस्कार की स्थापना की



अल्फ्रेड नोबेल ने अपनी वसीयत में 27 नवंबर 1895 को नोबेल पुरस्कार की स्थापना की थी, जिसमें उन्होंने अपनी संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा भौतिकी, रसायन विज्ञान, चिकित्सा/शरीर विज्ञान, साहित्य और शांति के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों के लिए वार्षिक पुरस्कारों के लिए दान करने का आदेश दिया। इन पुरस्कारों की शुरुआत 1901 में हुई थी। नोबेल पुरस्कार 5 भिन्न पुरस्कार हैं, जो आल्फ्रेंद नोबेल की 1895 की वसीयत के अनुसार, "उन लोगों को दिए जाते हैं, जिन्होंने पिछले वर्ष के दौरान, मानव जाति को सबसे बड़ा लाभ प्रदान किया है।" आल्फ्रेंद नोबेल की 1896 में उनकी मृत्यु हो गई। अपनी वसीयत में, उन्होंने अपनी "शेष वसूली योग्य संपत्ति" को 5 पुरस्कारों को स्थापित करने के लिए उपयुक्त किया, जिसे "नोबेल पुरस्कार" के रूप में जाना जाने लगा।

भेजें प्रतिक्रिया और जुड़ें हमसे

एडिट पेज का विशेष प्रयास आपको कैसा लगा इसके बारे में अपनी अमूल्य राय हमें जरूर दें

contact@jagoindiajago.news


98888 88130

सामयिक विमर्श

यातायात व्यवस्था को चुनौती दे रहे ई-रिक्शाओं पर ठोस कार्रवाई जरूरी



बलवंत राज मेहता
शिक्षाविद एवं विश्लेषक



जयपुर की सड़कों पर जो हलचल और आवाज़ें दशकों से शहर की पहचान रची थीं, आज वही सड़कें कुछ अलग ही सवाल पूछ रही हैं। तेज़ बढ़ती ई-रिक्शा संख्या ने न केवल ट्रैफिक व्यवस्था को चुनौती दी है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा और सड़क नियमों की साधारण शालीनता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। आरटीओ प्रथम राजेंद्र सिंह शेखावत के अनुसार राजधानी में आरजे-14 सीरीज के लगभग 30,000 ई-रिक्शाओं की फिटनेस अवधि समाप्त हो चुकी है और यही आंकड़ा शहर की नींदें तोड़ने के लिए काफी था। यह आंकड़ा केवल नंबर नहीं, यह उस व्यवस्था का आईना है जिसे लंबे समय तक अनदेखा किया गया। विभाग ने अब विशेष अभियान तेज़ कर दिया है। अब तक करीब 5,000 ई-रिक्शाओं के रजिस्ट्रेशन निलंबित किए जा चुके हैं और लगभग 20 हजार को नोटिस जारी किए जा चुके हैं; बाकी के लिए भी नोटिस भेजे जा रहे हैं। साथ ही प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि 15 दिसंबर तक फिटनेस नहीं कराई गई तो पंजीयन निलंबित कर दिए जाएंगे। लंबे समय से चल रही बेपरवाही पर यह कदम इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अनफिट वाहन सिर्फ ट्रैफिक जाम ही पैदा नहीं करते, वे यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ हैं। कई रिपोर्टों ने शहर में अवैध और अनियमित तरीके से चल रहे ई-रिक्शाओं की संख्या और फर्जी नंबर प्लेटों से जुड़ी घटनाओं का भी जिक्र किया है। जो स्पष्ट करता है कि समस्या केवल 'फिटनेस' का नहीं, बल्कि पहचान और नियंत्रण का भी है। इसीलिए परिवहन विभाग अब क्यूआर-कोड प्रणाली भी लागू कर रहा है। फिटनेस प्राप्त ई-रिक्शाओं को क्यूआर कोड दिया जाएगा और बिना क्यूआर के वाहन सड़क पर पाए जाने पर जब्त किए जाएंगे। पर सवाल दिल और दिमाग दोनों पर दहशत भरता है जिन बेगारों ने अपने परिवार चलाने के लिए यह काम चुना, उनके विकल्प क्या हैं? ई-रिक्शा न केवल रोजगार का साधन है, बल्कि कई परिवारों की अंतिम आशा भी बन चुका है। कई चालक कर्ज़ लेकर गाड़ी खरीदकर रोज़ी कमाते हैं; कुछ के पास फिटनेस कराने के लिए पैसे तक नहीं होते। सख्ती के साथ संवेदनशीलता की टक्कर यहां रोज़ की रोटी को प्रभावित कर सकती है। इसलिए प्रशासन की नीति में कठोरता के साथ साथ सहूलियतें भी जरूरी हैं। आसान किस्तों में फिटनेस फीस, मोबाइल फिटनेस शिविर, और अल्पकालिक वित्तीय सहायता/सब्सिडी जैसी व्यवस्थाएं तुरंत लागू की जानी चाहिए, वरना कई परिवार भूख और बेमौसम बेरोज़गारी की ओर धकेले जा सकते हैं। व्यवस्था सुधारने के लिए सिर्फ दंड ही पर्याप्त नहीं। जरूरी है कि आरटीओ और ट्रैफिक कंट्रोल बोर्ड की पहल सार्वजनिक संवाद में बदले। चालकों के साथ परामर्श शिविर, स्थानीय स्तर पर फिटनेस कैंप, और स्पष्ट मार्गदर्शिका जारी की जाए। शहर में पहले से चल रही जो योजनाएं (जैसे जोन-आधारित पार्किंग व चार्जिंग ज़ोन, क्यूआर-आधारित पहचान) का उद्देश्य सही है, अब उनकी तीव्रता और पहुंच बढ़ानी होगी ताकि अवैध संचालन खत्म हो।

सुरेश रैना

सुरेश रैना भारतीय पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी हैं। उन्होंने घरेलू क्रिकेट सर्किट उत्तर प्रदेश के लिए खेला। रैना एक आक्रामक बाएं हाथ के मध्य क्रम के बल्लेबाज और कभी-कभार ऑफ स्पिन गेंदबाज हैं। वह भारत की कप्तानी करने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात लायंस के कप्तान थे। चेन्नई सुपर किंग्स के उप-कप्तान के रूप में भी काम किया।



27 नवंबर, 1986
रैना का जन्म उत्तर प्रदेश के मुरादनगर में एक कश्मीरी पंडित परिवार में हुआ था। उनके माता-पिता मूल रूप से जम्मू और कश्मीर के श्रीनगर शहर के एक उपनगर रैनावाड़ी से थे।

15 अगस्त 2020 को रैना ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से 2020 इंडियन प्रीमियर लीग से नाम वापस ले लिया। 6 सितंबर 2022 को उन्होंने आईपीएल और घरेलू क्रिकेट सहित क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। रैना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज हैं।

लो, ये भी कम नहीं



नहीं मिली राह: सीएम-डिप्टी सीएम के बीच कुर्सी को लेकर चल रही जंग जारी, दोनों खुलकर कुछ नहीं कह रहे पर रणनीति तय करने में लगे हुए हैं

कर्नाटक में सरकार पर तकरार बढ़ी, सीएम के करीबी से शिवकुमार की मुलाकात

जागो इंडिया जागो
एजेंसी. बेंगलुरु

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों के बीच गुप्त बैठकों और बयानों ने हलचल बढ़ा दी है। बीती रात उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के करीबी सतीश जारकीहोली से मुलाकात की है। इसके बाद नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों को और बल मिल गया है। सतीश को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का बेहद करीबी और राजनीतिक उत्तराधिकारी माना जाता है। ऐसे में शिवकुमार से उनकी मुलाकात को बेहद अहम माना जा रहा है। शिवकुमार और



सतीश बीती रात एक अज्ञात स्थान पर गए और कई घंटों तक मुलाकात की। उनके करीबी सहयोगियों के अनुसार, सतीश ने कहा कि वह शिवकुमार के साथ अपने मतभेदों को दूर करने की कोशिश कर रहे थे। वहीं, शिवकुमार के करीबी सूत्रों ने कहा, "बातचीत सिद्धारमैया से आगे देखने के लिए पार्टी को तैयार करने पर केंद्रित थी, जो राजनीति से सेवानिवृत्ति की ओर देख रहे हैं।

ये कुछ लोगों के बीच गुप्त समझौता है

शिवकुमार ने बीते दिन पत्रकारों से बात करते हुए कहा, "मैं मुख्यमंत्री बदलाव पर सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कहूंगा। यह हम 4-5 लोगों के बीच का गुप्त समझौता है।" शिवकुमार ने दावा किया कि 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की भारी जीत के तुरंत बाद ये समझौता हुआ था। उन्होंने कहा कि यह समझौता गोपनीय था और इसके बारे में 5-6 नेता ही जानते हैं, जो वहां मौजूद थे। हालांकि अभी यह सामने नहीं आया कि इसके बाद कुछ हल निकलेगा या नहीं।

सिद्धारमैया बोले, आलाकमान लेगा फैसला

विवाद के बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि पार्टी आलाकमान को इस पूरे भ्रम पर अंतिम फैसला लेना चाहिए, ताकि यह मुद्दा खत्म हो सके। उन्होंने कहा, "आलाकमान तय करेगा कि मुझे मुख्यमंत्री पद पर बने रहना है या नहीं। अगर पार्टी नेतृत्व कहेगा कि मुझे जारी रखना है तो मैं जारी रखूंगा। अंतिम फैसला आलाकमान का होगा। मुझे भी और शिवकुमार को भी उस फैसले को मानना ही पड़ेगा।

खरगे बोले, विवाद सोनिया-राहुल के साथ सुलझाएंगे

कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि पार्टी हाईकमान इस समस्या को सुलझा लेंगे, जरूरत पड़ने पर मध्यस्थता भी करेंगे। इधर, कर्नाटक बीजेपी ने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का एआई वीडियो जारी किया। इसमें शिवकुमार लैपटॉप में ऑनलाइन मुख्यमंत्री कुर्सी खरीद रहे हैं, लेकिन जैसे ही वह इसे कार्ट में जोड़ते हैं, स्क्रीन पर "आउट ऑफ स्टॉक"



लिखा आता है। साथ ही कैप्शन में लिखा, डीके शिवकुमार अभी। उधर, कई विधायकों ने कहा है कि नेतृत्व बदलने की अटकलों से जो भ्रम पैदा हुआ है, उसे जल्द खत्म किया जाए, नहीं तो पार्टी की छवि को नुकसान हो सकता है।

भारतीय संविधान को अपनाए जाने की 76वीं वर्षगांठ पर संविधान सदन के केंद्रीय हॉल में शपथ ली

औपनिवेशिक सोच को खारिज करता है संविधान: मुर्मू

जागो इंडिया जागो
एजेंसी. नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को भारतीय संविधान को अपनाए जाने की 76वीं वर्षगांठ पर संविधान सदन (पुरानी संसद) के केंद्रीय हॉल में सदस्यों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने की सराहना की और संविधान को एक ऐसा ग्रंथ बताया जो औपनिवेशिक सोच को खारिज करता है। उन्होंने मलयालम, बोडो, तेलुगु, नेपाली, पंजाबी, ओडिया, असमिया और मराठी सहित 9 भाषाओं में भारतीय संविधान संस्करण जारी किया। पहली बार कश्मीरी संस्करण भी जारी हुआ है। राष्ट्रपति मुर्मू ने दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय एकता और सामाजिक न्याय को मजबूत करने के लिए उठाए गए ऐतिहासिक कदमों पर जोर दिया। उन्होंने कहा, तीन तलाक से जुड़े सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगाकर संसद ने हमारी बहनों-बेटियों के सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। देश के आर्थिक एकीकरण के लिए स्वाधीनता के बाद सबसे बड़ा कर सुधार वस्तु और सेवा कर



एकसाथ पढ़ी प्रस्तावना, कश्मीरी भाषा का पहला संस्करण जारी

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू के साथ उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राज्यसभा नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे मंच पर मौजूद रहे। इस मौके पर केंद्रीय हॉल में मौजूद सभी सांसदों ने संविधान की प्रस्तावना को जोर से पढ़ा। बता दें कि कश्मीरी और बोडो भाषा में संविधान पहला संस्करण जारी हुआ है।

(जीएसटी) के रूप में किया गया है। उन्होंने कहा, अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करके देश के सामने गौरव और राजनीतिक एकीकरण के मार्ग में बने हुए अवरोध को दूर किया है। हमारा संविधान हमारी राष्ट्रीय अस्मिता का ग्रंथ है। ये औपनिवेशिक सोच को खारिज करता है और राष्ट्रवादी मानसिकता से देश को आगे बढ़ाने का ग्रंथ है। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता के संसद से पारित होने की सराहना की है।

मोदी का देशवासियों को पत्र, लिखा- राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों को निभाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 'संविधान दिवस' पर देशवासियों के लिए एक खुला पत्र लिखा है। उन्होंने संविधान के अंगीकृत होने की 76वीं वर्षगांठ को कई मायनों में खास बताया। उन्होंने लिखा कि हमारा संविधान एक ऐसा पवित्र दस्तावेज है, जो निरंतर देश के विकास का सच्चा मार्गदर्शक बना हुआ है। उन्होंने इस मौके पर लोगों से राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपना योगदान देने को कहा। पत्र में मोदी ने लिखा, 'ये भारत के संविधान की ही शक्ति है जिसने मुझ जैसे गरीब परिवार से निकले साधारण व्यक्ति को प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचाया है। संविधान की वजह से मुझे 24 वर्षों से निरंतर सरकार के मुखिया के तौर पर काम करने का अवसर मिला है।

आरएसएस-बीजेपी संविधान को कमजोर कर रहे हैं: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने बुधवार को आरएसएस-बीजेपी पर संविधान पर हमला करने और उसे कमजोर करने का आरोप लगाया। पार्टी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सुनियोजित तरीके से संवैधानिक सिद्धांतों को कमजोर कर रहे हैं। पार्टी ने कहा कि वह पूरे देश में संविधान दिवस को "संविधान बचाओ दिवस" के रूप में मना रही है। उधर, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा,नागरिकता अधिकारों के



नाम पर, डर का माहौल बनाया गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट में लोगों से यह प्रतिज्ञा लेने का आग्रह किया कि "हम संविधान पर कोई हमला नहीं होने देंगे।

ब्रीफ खबरें

पश्चिम बंगाल में 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद शिलान्यास के पोस्टर लगे



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में मंगलवार देर रात बाबरी मस्जिद के शिलान्यास के पोस्टर लगाए गए। इन पर लिखा है- 6 दिसंबर को बेलडांगा में बाबरी मस्जिद का शिलान्यास समारोह होगा। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक हुमायूं कबीर को आयोजनकर्ता बताया गया है। खुद कबीर ने मंगलवार को कहा, हम 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद की नींव रखेंगे। तीन साल में इसका निर्माण पूरा होगा। कार्यक्रम में कई मुस्लिम नेता शामिल होंगे। अयोध्या में विवादित ढांचा 6 दिसंबर 1992 को कार सेवकों ने ध्वस्त कर दिया था। अगले महीने बाबरी विध्वंस के 33 साल पूरे हो जाएंगे। टीएमसी विधायक का कहना है कि इसी मौके पर यह आयोजन किया जाएगा। विधायक का यह बयान तब सामने आया है जब मंगलवार को अयोध्या में पीएम मोदी ने राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण का मतलब है मंदिर अब पूर्ण हो गया। 22 जनवरी, 2024 को राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी।

बिहार सरकार लालू के परिवार से आवास वापस लेगी, नोटिस जारी



पटना। बिहार की राजधानी पटना के पॉश इलाके में बने 10 सर्कुलर रोड आवास से अपनी राजनीति चलाने वाले लालू प्रसाद यादव के परिवार को अब यह बंगला खाली करना होगा। विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के बाद लौटी नीतीश कुमार सरकार ने 20 साल बाद लालू की पत्नी राबड़ी देवी के नाम पर आवंटित इस बंगले को खाली करने का नोटिस दिया है। बिहार में 2005 से पहले करीब 15 साल लालू यादव और उनकी पत्नी राबड़ी का शासन था। जब राबड़ी मुख्यमंत्री थीं, तब उन्हें 1 अणे मार्ग स्थित सरकारी आवास मिला था। वर्ष 2005 में हार के बाद लालू-राबड़ी विपक्ष में आए। तब नीतीश मुख्यमंत्री के तौर पर अणे मार्ग स्थित आवास में शिफ्ट हुए और राबड़ी को बतौर नेता प्रतिपक्ष 10 सर्कुलर रोड आवास दिया गया। यह आवास मुख्यमंत्री आवास के ठीक बगल में है। तब से लेकर आज तक लालू यादव का पूरा परिवार लगातार 10 सर्कुलर रोड आवास पर ही रहता आ रहा है। राबड़ी की राजनीतिक भूमिका चाहे जो भी रही हो, लेकिन यह बंगला उनसे नहीं लिया गया। यह धीरे-धीरे राज्य में सबसे ज्यादा राजनीतिक रूप से देखे जाने वाले ठिकानों में से एक बन गया। मुख्यमंत्री आवास के ठीक बगल में होने से कामकाज पर पूरी नजर होती है। वर्ष 2015 में जब महागठबंधन सत्ता में आया, तो तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री बने और उन्हें 5 देशरत्न मार्ग स्थित आवास मिला।

दुलार : ममता ने बच्चों को लगाया गले



कोलकाता: पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी कोलकाता में लोगों से मिलते हुए, एक बच्चे को कुछ यूं पुचकारा।

'विदेश भागे आरोपी को वापस लाना देश का अधिकार'

जागो इंडिया जागो
एजेंसी. नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि कानून से बचने के लिए विदेश भागे आरोपियों को वापस लाने का देश को पूरा अधिकार है। कोर्ट ने दुबई में रहने वाले विजय मुरलीधर उधवानी की याचिका पर सुनवाई करने से मना कर दिया। इसमें उधवानी ने भारत से यूएई को भेजी गई उन्हें वापस लाने की रिक्वेस्ट (एक्सट्रडिशन रिक्वेस्ट) हटाने की मांग की थी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सुनवाई के दौरान पिटीशनर की दलीलें मानने से इनकार कर दिया और कहा कि अगर उसे एफआईआर की पूरी जानकारी चाहिए तो उसे भारत आकर लेनी होगी। उधवानी पर गुजरात में 153 आपराधिक केस दर्ज हैं, जिनमें शराब की तस्करी और गैंग की



तरह गैर-कानूनी काम करने के आरोप भी शामिल हैं। वह जुलाई 2022 में दुबई जाने के बाद से भारत नहीं लौटा है। उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया है। आरोपी के वकील ने कहा कि उसके पास पासपोर्ट नहीं है और वह भारत वापस आना चाहता है। इस मामले में एक सह-आरोपी की पुलिस कस्टडी में मौत हो चुकी है, इसलिए उधवानी अपनी सुरक्षा को लेकर डरा हुआ है। ऐसे में वो वापस आने से मना कर रहा है।

टेरर फंडिंग के लिए हो रहा ऑनलाइन मनी गेमिंग का इस्तेमाल: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। ऑनलाइन मनी गेमिंग पर बैन लगाने के फैसले को सही ठहराते हुए केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि इस अनियंत्रित क्षेत्र के तार टेरर फंडिंग और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े हुए हैं। मंगलवार को सर्वोच्च अदालत में पेश हलफनामे में सरकार ने यह भी कहा कि ऑनलाइन गेमिंग प्रमोशन और रेगुलेशन एक्ट की वैधता पर सुनवाई करना जल्दबाजी होगा, क्योंकि राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद भी इसे अभी तक नोटिफाई नहीं किया गया है। केंद्र सरकार ने अदालत को बताया कि यह कानून खासकर युवाओं और कमजोर वर्ग को ऑनलाइन मनी गेमिंग के सामाजिक, आर्थिक, मनोवैज्ञानिक और प्राइवेसी से जुड़े बुरे असर से बचाने के लिए लाया गया है। साथ ही, यह देश की वित्तीय व्यवस्था, सुरक्षा और संप्रभुता को भी सुरक्षित रखेगा। सुप्रीम कोर्ट में पेश किए गए हलफनामे में कहा गया कि 'ऑनलाइन मनी गेमिंग के अनियंत्रित विस्तार को वित्तीय धोखाधड़ी, मनी लॉन्ड्रिंग, टैक्स चोरी और कुछ मामलों में आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए इस्तेमाल किया गया है। इससे राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और राज्य की अखंडता को खतरा है। इसके लिए कुछ हो।

इंटरव्यू: पूर्व सीजेआई गवई ने कहा कि आज आम नागरिक को सीधा कोर्ट का दरवाजा खटखटाने से कोई नहीं रोक सकता

किसी का प्रेशर नहीं झेलना पड़ा, घर गिराए जाने के खिलाफ: गवई

जागो इंडिया जागो
एजेंसी. नई दिल्ली

पूर्व सीजेआई बीआर गवई ने बुधवार को कहा कि उन्हें अपने करियर में कभी भी नेताओं या पॉलिटिकल पॉर्टियों की तरफ से कोई प्रेशर नहीं झेलना पड़ा। बल्कि हमने नागरिकों को आजादी दी कि जहां भी नियमों का उल्लंघन हो वे कोर्ट का दरवाजा खटखटाएं। गवई ने एक इंटरव्यू में अपने चर्चित बुलडोजर एक्शन के खिलाफ दिए गए फैसले का भी जिक्र किया। गवई ने कहा, यह कतई सही नहीं माना जा सकता कि कोई व्यक्ति क्रिमिनल है तो उसके घर को गिरा दिया जाए। यह उस घर में रहने वालों के अधिकारों का उल्लंघन होता। सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर 2024



न्यायिक सक्रियता टैररिज्म में नहीं बदले

न्यायिक दखल के दायरे और सीमाओं पर सोचते हुए, जस्टिस गवई ने एक चेतावनी दोहराई जो उन्होंने पहले भी कही थी, कुछ सीमाएं हैं जिनके अंदर न्यायिक सक्रियता को काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, जैसा कि मैं हमेशा कहता हूं, न्यायिक सक्रियता न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदलनी चाहिए। उन्होंने समझाया कि न्यायपालिका को उन कमजोर नागरिकों की रक्षा के लिए कदम उठाना चाहिए। इस शक्ति का इस्तेमाल संवैधानिक सीमाओं के अंदर किया जाना चाहिए।

में बुलडोजर एक्शन पर फैसला सुनाया था। कोर्ट ने कहा था कि अफसर जज नहीं बन सकते। वे तय न करें कि दोषी कौन है। घर गिराने से 15 दिन पहले नोटिस देना होगा। अगर पहले कार्रवाई की तो अफसरों को हर्जाना देना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सीजेआई और सुप्रीम कोर्ट के जजों के लिए फिक्स्ड टेन्योर होना जरूरी नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें कभी एग्जीक्यूटिव या नेताओं से कोई प्रेशर झेलना पड़ा, तो उन्होंने कहा, "नहीं, सच में नहीं.। ज्यूडिशियरी की आजादी की वकालत करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का संविधान लेजिस्लेचर, एग्जीक्यूटिव और ज्यूडिशियरी के बीच पावर के साफ बंटवारे पर टिका है। जस्टिस गवई का कार्यकाल छह महीने और 10 दिन का था। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में गर्मी की छुट्टियां, दशहरा की छुट्टियां और दिवाली की छुट्टियां शामिल थीं। लेकिन मैंने जो भी सोचा था और प्लान किया था, मैं वह कर सका। मुझे नहीं लगता कि यह जरूरी है। उन्होंने यह बात उस सवाल के जवाब में कही जब उनके पूछा गया कि क्या सीजेआई और सुप्रीम कोर्ट के जजों के लिए कोई तय कार्यकाल होना चाहिए।

अंतिम नागरिक को भी मिले न्याय

पूर्व चीफ जस्टिस ने ये भी साफ किया, 'कई मौकों पर, नागरिक अपनी सामाजिक-आर्थिक बाधाओं के कारण, अपनी शिकायतों के निवारण और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सीधे अदालत का दरवाजा खटखटाने की स्थिति में नहीं होते। ऐसी स्थिति में, अगर किसी व्यक्ति को न्यायपालिका अदालत का दरवाजा खटखटाने की अनुमति देती है तो ये गलत नहीं है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका के पास आकर सीधा इंसाफ मांगने के इस विकल्प के मौजूद होने से अंतिम नागरिक को आर्थिक और सामाजिक न्याय दिलाने का वादा पूरा होता है।

दो करोड़ से ज्यादा मृतकों के आधार नंबर कर दिए निष्क्रिय

नई दिल्ली। आधार से जुड़ी एक बड़ी खबर आई है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने 2 करोड़ से ज्यादा ऐसे लोगों के आधार नंबरों को डिएक्टिवेट कर दिया है जो अब इस दुनिया में नहीं रहे। यह अहम कदम रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया, राज्यों और केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों से मिली जानकारी के आधार पर उठाया गया है। अब परिवार के सदस्य भी आधार पोर्टल पर अपने किसी परिजन की मृत्यु की सूचना दे सकते हैं। इससे आधार डेटाबेस को तुरंत अपडेट करने में मदद मिलेगी। यूआईडीएआई ने यह फैसला आधार डेटाबेस को हमेशा अपडेट रखने और किसी भी तरह के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए लिया है। मरे हुए लोगों के आधार नंबरों को



हटाने से यह सुनिश्चित होगा कि सरकारी योजनाओं का लाभ सिर्फ उन्हीं लोगों तक पहुंचे जो इसके हकदार हैं। यूआईडीएआई का यह प्रयास आधार प्रणाली को और ज्यादा सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह सुनिश्चित करता है कि हर आधार नंबर सही व्यक्ति से जुड़ा हो। किसी भी आधार नंबर को दोबारा किसी और को नहीं दिया जाता है। लेकिन, किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद, उसके आधार नंबर को निष्क्रिय करना बहुत जरूरी है।

ब्रीफ खबरें

'ऑपरेशन लादेन', एमएलए स्टीकर लगी कार के साथ 17 गुर्गे गिरफ्तार



कोटपूतली। राजस्थान में पुलिस लगातार क्रिमिनल्स की कमर तोड़ने में लगी हुई है ताकि अपराधिक एक्टिविटीज पर रोक लगाई जा सके। इसी सिलसिले में सोमवार को कोटपूतली-बहरोड़ डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने कुख्यात गैंगस्टर विक्रम उर्फ लादेन गैंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। इसमें टीम ने सात गाड़ियां जब्त कीं और 17 संदिग्धों को गिरफ्तार किया। एसपी बिश्नोई ने इस कार्रवाई के बारे में बताया कि पुलिस को खास जानकारी मिली थी कि विक्रम उर्फ लादेन गैंग के एक्टिव सदस्य इलाके में मौजूद हैं और कोई बड़ा जुर्म करने की योजना बना रहे हैं। इस टिप के बाद पुलिस ने इलाके के पहाड़ी गांव की ओर जाने वाले सभी रास्तों पर ए-कैटेगरी की नाकाबंदी कर दी और रेड की।

दबिश के दौरान, पुलिस ने लादेन के घर और संभावित ठिकानों पर लावारिस हालत में मिली स्कॉर्पियो, स्कॉर्पियो, बोलेरो और एक और गाड़ी जब्त की। जब्त की गई गाड़ियों में एक स्कॉर्पियो पर राजस्थान विधानसभा के एमएलए का स्टिकर लगा हुआ था। इसके अलावा, नाकाबंदी तोड़ने वाली तीन अन्य गाड़ियों को जब्त कर लिया गया। कुल सात गाड़ियां जब्त की गईं।

यूरिया लेने पहुंचे हजारों किसान, घंटों इंतजार के बाद भी मारामारी



कोटपूतली। जिले में यूरिया खाद की सप्लाई की जानकारी मिलते ही जीएसएस पर किसानों की भारी भीड़ जमा होने लगी। बुधवार सुबह होते ही जिले के जीएसएस पर नजारा बहुत ही चौंकाने वाला था। सुबह से ही लोग ट्रॉलियों और बाइकों पर जीएसएस पर पहुंचने लगे और यूरिया लेने के लिए लाइन में लगने लगे। जिससे सेंटर पर लंबी-लंबी लाइनें लग गईं। इस लाइन में महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल थे। वे भी जल्दी खाद मिलने की उम्मीद में लंबी लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। दूसरी ओर, जीएसएस पर किसानों की लगातार बढ़ती भीड़ के कारण वाहनों को आने-जाने में काफी परेशानी हुई। खाद लेने के लिए बड़ी संख्या में किसानों के पहुंचने के कारण सर्विस लेन पर लंबा जाम लग गया। जिसके कारण घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही। वाहनों की रफ्तार थम गई और सड़क से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी हुई।

खाटूश्यामजी में चेन स्नेचिंग गिरोह चला रही थी महिला, किया गिरफ्तार



सीकर। खाटूश्यामजी मंदिर में बढ़ती चेन स्नेचिंग की घटनाओं के बीच पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने पुणे की एक महिला श्रद्धालु की दो सोने की चेन तोड़ने के आरोप में एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी मंदिर के 52 बीघा पार्किंग क्षेत्र से की गई है। थानाधिकारी पवन कुमार चौबे ने बताया कि चेन स्नेचिंग की यह वारदात 22 नवंबर को हुई थी। पुणे निवासी नमिता कुमारी, अपने परिवार के साथ बाबा श्याम के दर्शन के लिए आई थीं। 22 नवंबर की सुबह दर्शन के दौरान, मंदिर के एग्जिट गेट पर, भीड़ में महिला श्रद्धालु को तीन से चार अन्य महिलाओं ने घेर लिया। इस दौरान नमिता कुमारी की दो सोने की चेन तोड़ ली गईं, जिनका कुल वजन लगभग 30 ग्राम था। मामला दर्ज होने के बाद, खाटूश्यामजी पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने चेन स्नेचिंग की बढ़ती वारदातों को देखते हुए विशेष टीम गठित की और मंदिर परिसर तथा आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी महिलाओं को आइडेंटिफाई किया। सीसीटीवी से मिली लीड के आधार पर पुलिस ने आरोपी बबली बावरिया चिकसाना, भरतपुर को 52 बीघा पार्किंग से हिरासत में लिया।

विधायक की बेटी के फर्जी दिव्यांग पत्र की शिकायत की थी, हुआ हमला



ब्यावर। ब्यावर शहर में सोमवार रात एक चौंकाने वाली घटना हुई जब फनीश सोनी पर नकाबपोश बदमाशों ने हमला कर दिया। सांकेत नगर थाना पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तेजी से कार्रवाई की और मात्र 24 घंटे में पांचों आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस का कहना है कि इस हमले में एक ऐसा अपराधी भी शामिल है जो पहले से कई मामलों में लिप्त रहा है। यह घटना अब राजनीतिक रंजिश की ओर इशारा कर रही है जो पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गई है। थाना प्रभारी जितेन्द्र फौजदार ने बताया कि फनीश सोनी शाम को अपने रास्ते पर जा रहे थे तभी कुछ नकाब पहने युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया और उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। सोनी को गंभीर चोटें आईं और उन्होंने तुरंत पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच के लिए कई टीमें बनाईं। तकनीकी सबूतों जैसे सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की जानकारी के आधार पर आरोपियों को ट्रैक किया। अगले दिन सभी पांचों को गिरफ्तार कर लिया गया।

तस्करों में मचा हड़कंप : स्थानीय लोग पुलिस की सक्रियता से उम्मीद कर रहे हैं कि यह मुहिम जारी रहेगी

पुलिस की चेक पोस्ट पर बड़ी कार्रवाई, 3 करोड़ की अफीम जब्त

जागो इंडिया जागो

बांसवाड़ा

बांसवाड़ा जिले में पुलिस ने मोनाडूंगर चेक पोस्ट पर ट्रक से 23 क्विंटल अवैध अफीम डोडा चुरा जब्त किया। यह जिले की अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी है, जिसकी कीमत 3.7 करोड़ रुपये है। जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चल रही मुहिम ने एक बड़ा झटका दिया है। सल्लोपाट थाने की पुलिस ने मोनाडूंगर चेक पोस्ट पर अब तक की सबसे बड़ी सफलता हासिल की। उन्होंने एक ट्रक से भारी मात्रा में अवैध अफीम डोडा चुरा बरामद किया। इस कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मच गया है और पुलिस की सतर्कता की हर तरफ तारीफ हो रही है। बांसवाड़ा जिले में पुलिस ने मोनाडूंगर चेक पोस्ट पर ट्रक से 23 क्विंटल अवैध अफीम डोडा चुरा जब्त किया। यह जिले की अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी है, जिसकी कीमत 3.7 करोड़ रुपये है।



तस्कर गिरफ्तार, खुलासा किया

पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के नेतृत्व में थानाधिकारी देवीलाल खटीक और उनकी टीम ने रात के समय नाकाबंदी की। एक ट्रक को रोककर चालक से पूछताछ की गई। चालक का व्यवहार देखकर संदेह हुआ तो पूरी तलाशी ली गई। ट्रक में सफेद यूरिया खाद के कट्टों के नीचे 117 काले प्लास्टिक के कट्टे मिले। पुलिस ने ट्रक चालक नरेश नैण विश्नोई को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। वह केलनसर फलौदी का रहने वाला है। शुरुआती पूछताछ में उसने कबूल किया कि ट्रक प्रतापगढ़ जिले के हथुनिया से सोमराज ईशरवाल विश्नोई ने लोड करवाया था। इसे गुजरात के रास्ते मारवाड़ ले जाया जा रहा था। पुलिस अब अन्य सदस्यों की तलाश में जुट गई है। यह कार्रवाई युवाओं को नशे से बचाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। स्थानीय लोग इससे खुश हैं।

युवती को वापस लाने की मांग : विश्व हिंदू परिषद ने कहा, मामला गंभीर

धर्मांतरण? मां बोली- बेटी पर दबाव डाला गया

जागो इंडिया जागो

अजमेर

राजस्थान में धर्मांतरण कानून पर सियासी घमासान के बीच अजमेर में शादी के नाम पर धर्मांतरण को लेकर एक मामला गरमा गया है। एक युवती के परिवार ने शादी के नाम पर धर्मांतरण का आरोप लगाया है। साथ ही प्रशासन से मामले में कार्रवाई करके युवती वापस लाने की मांग की है। उधर मामले को विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने भी गंभीर बताया है। उनका कहना है कि राजस्थान में हाल ही में लागू किए गए नए धर्मांतरण कानून के अनुसार, किसी भी हिंदू लड़की का धर्म परिवर्तन तय प्रक्रिया के बिना नहीं किया जा सकता है। पीड़िता की मां ने जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया कि उनकी बेटी तीन महीने पहले नाराज होकर घर से निकल गई थी और अब एक मुस्लिम युवक के साथ रहने की बात सामने आ रही है। शिकायत में दावा किया गया है कि विवाह और साथ रहने की प्रक्रिया नियम अनुसार नहीं की गई और बेटी पर दबाव डाला जा रहा है। मामले को विश्व हिंदू परिषद ने भी गंभीर बताया है।




जिला कलेक्टर से अपील की

शिकायतकर्ता लेखराज प्रांत शहर प्रमुख विश्व हिंदू परिषद ने बताया कि परिवार ने जिला कलेक्टर से अपील की है कि धर्मांतरण कानून के तहत उचित कार्रवाई की जाए और बेटी को सुरक्षित वापस लाया जाए। मामला धार्मिक संगठन, परिवार और पुलिस के अलग-अलग दावों के कारण लगातार गरमाता जा रहा है। प्रशासन अब पूरे प्रकरण की जांच कर रहा है। ताकि यह स्पष्ट हो सके कि मामला सच में धर्म परिवर्तन का है या केवल रिश्ते को लेकर उत्पन्न विवाद है। शिकायतकर्ता का कहना है कि 15 नवंबर को रिश्तेदारों से सूचना मिली कि उनकी बेटी बंगाली कॉलोनी के एक युवक के साथ है। इसके बाद उन्होंने बेटी को समझाने और घर लाने की कोशिश की, लेकिन वह युवक के प्रभाव में बताई जा रही है। लड़की की मां ने आरोप लगाया कि यह पूरा मामला शादी के नाम पर धर्मांतरण का है, जिस पर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। विहिप के अनुसार इस प्रकार की घटनाएं आए दिन होने से हिंदू समाज बर्दास्त नहीं करेगा। वहीं एक पुराने मामले में बताया गया कि एक महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें वह अपनी बेटी से जुड़ी घटना को लेकर पुलिस से गुहार लगाती हुई नजर आ रही है। महिला कहती है कि उनकी बेटी को जेल भेज दे, लेकिन गैर धर्म के युवक से शादी स्वीकार नहीं कर सकतीं।

तथ्य-बयान के आधार पर ही कानूनी कार्रवाई

राजस्थान में हाल ही में लागू किए गए नए धर्मांतरण कानून के अनुसार किसी भी हिंदू लड़की का धर्म परिवर्तन तय प्रक्रिया के बिना नहीं किया जा सकता। उनका आरोप है कि यह पूरा प्रकरण कानून के सीधे उल्लंघन जैसा प्रतीत होता है और प्रशासन को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर पुलिस का रुख इससे अलग है। जांच अधिकारियों ने बताया कि लड़की ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि उसने अपनी इच्छा से मुस्लिम युवक के साथ रहने का फैसला किया है और उस पर किसी का दबाव नहीं है। पुलिस के अनुसार, लड़की बालिग है और उसने बयान में खुद को सुरक्षित बताया है। ऐसे में मामले में कानूनी कार्रवाई तथ्यों और बयान के आधार पर ही आगे बढ़ेगी।

स्टियरिंग लॉक होने से कार तालाब में गिरी, 1 की मौत



जालोर। जिले के एक गांव में बुधवार को एक दुखद हादसा हुआ जो सबको हिला गया। यहां एक बोलेरो गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर पास के तालाब में जा गिरी। इस हादसे में चालक डूंगाराम उर्फ डूंगा महाराज की मौके पर ही मौत हो गई। डूंगाराम 40 साल के थे और भोमाराम मीणा के बेटे थे। वे कंवला गांव के रहने वाले थे और घर लौट रहे थे जब यह घटना हुई। घटना के समय मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गाड़ी का स्टियरिंग अचानक लॉक हो गया। सड़क पर ढलान होने से वाहन तेजी से फिसला और सीधा तालाब में गिर पड़ा। आसपास के लोग दौड़े लेकिन पानी में डूबने से डूंगाराम की जान नहीं बच सकी। यह हादसा इतना तेज हुआ कि गांव वाले स्तब्ध रह गए। पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची। उन्होंने पहले बोलेरो फिर शव को बाहर निकाला। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।

अवैध कॉलोनियों पर चला पंजा, सीएम से गुहार को बनाई कमेटी



जागो इंडिया जागो

भरतपुर

भरतपुर जिले में भरतपुर विकास प्राधिकरण (बीडीए) द्वारा अवैध कॉलोनियों के खिलाफ शुरू की गई सख्त कार्रवाई ने रियल एस्टेट और प्रॉपर्टी डीलरों के बीच हड़कंप मचा दिया है। बीडीए ने हाल ही में 7 अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाकर स्पष्ट संकेत दिया है कि अवैध निर्माण और प्लॉटिंग को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से सकते में आए प्रॉपर्टी डीलरों ने अब एकजुट होकर राज्य सरकार और प्रशासन के सामने अपनी बात रखने के लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया है। बीडीए की सख्त कार्रवाई से घबराए प्रॉपर्टी डीलरों ने तत्काल एक आपातकालीन बैठक आयोजित की। इस बैठक में डीलरों ने एकजुटता दिखाते हुए अपनी मांगों को सरकार और प्रशासन के सामने मजबूती से रखने का फैसला किया। सर्वसम्मति से समस्याओं को अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए कमेटी का गठन किया है।

नाबालिग का अपहरण, कपड़े उतरवाकर पीटा

हनुमानगढ़। जिले के रेलवे जंक्शन स्टेशन पर एक चौंकाने वाली घटना हुई है। यहां से 15 साल की एक नाबालिग लड़की को अगवा कर लिया गया। आरोपियों ने उसे बंधक बनाकर बुरी तरह मारा-पीटा। इस मामले में पीड़िता की मां ने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि एक अज्ञात महिला और तीन अज्ञात युवकों ने उसे चोरी का इल्जाम लगाया। वे उसे जबरदस्ती अपने घर ले गए। वहां उसके कपड़े उतरवाकर उसे बंधक बना लिया। फिर मारपीट शुरू कर दी। आरोपी चोरी कबूल करवाने के लिए दबाव डालते रहे। लेकिन लड़की ने साफ कहा कि उसने कोई चोरी नहीं की।

गूंजी लोकतंत्र की आवाज, संविधान दिवस पर मॉक पार्लियामेंट की आकर्षक प्रस्तुति

जागो इंडिया जागो

उदयपुर

शहर में संविधान दिवस के अवसर पर एमडीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल की हिरण मगरी और प्रताप नगर शाखाओं में विद्यार्थियों द्वारा ज्ञानवर्धक एवं लोकतांत्रिक मूल्यों से भरपूर संयुक्त मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दोनों शाखाओं में छात्रों ने अपने-अपने विषयों पर अत्यंत प्रभावशाली ढंग से बहस और प्रस्तुति दी। कैंपस में कक्षा 8 के छात्रों ने एक प्रेरणादायक मॉक पार्लियामेंट का संचालन किया, जिसका मुख्य एजेंडा था- "मतदान की आयु 18 वर्ष से घटाकर 16 वर्ष की जाए या नहीं?" छात्रों ने सत्तापक्ष, विपक्ष, स्पीकर और विभिन्न मंत्रियों की भूमिकाएं निभाते हुए बिल्कुल वास्तविक संसद जैसी कार्यवाही प्रस्तुत की। बहस के दौरान बच्चों ने पक्ष और विपक्ष में अपने विचार अत्यंत प्रभावशाली, तार्किक और आत्मविश्वास के साथ रखे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि दिशा भार्गव, अधीक्षक, बालिका गृह एवं संजय भटनागर, जिला न्यायाधीश उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों के ज्ञान, नेतृत्व क्षमता और प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को लोकतंत्र की गहरी समझ प्रदान करते हैं। निदेशक डॉ. शैलेन्द्र सोमानी ने सभी छात्रों, शिक्षकों तथा विशिष्ट अतिथियों का आभार जताया।



क्राइम की रीढ़ की हड्डी पर हमला, पुलिस ने किया हवाला ट्रांजैक्शन और फर्जी नेटवर्क में शामिल गैंग का भंडाफोड़

'साइबर हवाला' का सिंडिकेट पकड़ा, लाखों का कैश-चांदी बरामद

जागो इंडिया जागो

श्रीगंगानगर

जिले में पुलिस ने क्राइम की रीढ़ की हड्डी पर हमला करते हुए साइबर क्राइम, हवाला ट्रांजैक्शन और फर्जी बैंकिंग नेटवर्क में शामिल एक बड़े गैंग का भंडाफोड़ किया है। इस ऑपरेशन में जवाहरनगर पुलिस स्टेशन की टीम ने दो क्रेटा कारों से तीन युवकों को गिरफ्तार किया और उनके पास से भारी मात्रा में कैश, चांदी, बैंकिंग डॉक्यूमेंट्स, सिम कार्ड, लैपटॉप और दूसरा संदिग्ध सामान बरामद किया। कार्रवाई के बारे में पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि शुरुआती जांच में यह पूरा नेटवर्क ऑर्गनाइज्ड साइबर फ्रॉड, हवाला ट्रांजैक्शन और नकली अकाउंट चलाने में शामिल पाया गया है।आरोपियों के पास से 21,10,000 रुपये कैश, 21514 ग्राम चांदी, 90 चेक बुक, 13 पासबुक, 64 एटीएम कार्ड, 44 सिम कार्ड समेत बड़ी संख्या में नकली डॉक्यूमेंट्स जब्त किए गए हैं। एसपी दुहन ने बताया कि एडिशनल सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस रघुवीर प्रसाद और असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस सिटी विशाल जांगिड़ (आईपीएस) की देखरेख में, स्टेशन हाउस ऑफिसर देवेंद्र सिंह की लीडरशिप में पुलिस टीम को एक मुखबिर से सूचना मिली थी। जांच के बाद पता चला कि अबोहर रोड पुलिस लाइन के पास दो सफेद क्रेटा गाड़ियां खड़ी थीं, जिनमें तीन युवक शक के घेरे में साइबर फ्रॉड से जुड़ी एक्टिविटीज कर रहे थे।

सूचना के आधार पर सब-इंस्पेक्टर नरेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंकर कार्रवाई शुरू की। पुलिस को देखते ही दोनों क्रेटा गाड़ियों (गाड़ी नंबर पीबी 91- 7131 सहित) में बैठे संदिग्ध युवक घबरा गए और मौके से भागने की कोशिश की। पुलिस ने तुरंत दोनों क्रेटा गाड़ियों को जब्त कर लिया और उनमें बैठे तीन युवकों को हिरासत में ले लिया।



फर्जी सामान सहित 3 को किया गिरफ्तार

पूछताछ के दौरान जब युवकों ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया, गाड़ियों की तलाशी ली गई, जिसमें कार से 21 लाख रु. नकद, लगभग 21 किलो चांदी बरामद की गई। इसके अलावा 90 चेकबुक,13 पासबुक, 64 एटीएम /डेबिट कार्ड, 44 सक्रिय सिम कार्ड, फर्जी कंपनियों के जीएसटी नंबर, मुहरें,हवाला और साइबर फ्रॉड के कागजात मिले। आरोपियों में चन्द्रकुमार बंसल (29), संदीप चौहान (25) और दीपक है।

पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए

पुलिस ने एक बड़े संगठित वित्तीय अपराध नेटवर्क का मुख्य आरोपी चंद्र कुमार हवाला, ऑनलाइन गेमिंग और क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े संदिग्ध लेन-देन को मैनेज करता था वहीं, संदीप और दीपक गरीब तथा असहाय व्यक्तियों के नाम पर खाते खुलवाकर, उनकी पासबुक और एटीएम का दुरुपयोग करते थे। यह शातिर गिरोह फर्जी फर्मों के दस्तावेजो का उपयोग कर जमे हुए खातों को अनफ्रीज भी करवाता था। प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि इन फर्जी खातों का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर साइबर ठगी और हवाला नेटवर्क चलाने के लिए हो रहा था।

तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर लगा विराम, विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से उछाला मार्केट

चौतरफा लिवाली से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 1,022 अंक चढ़ा

जागो इंडिया जागो
एजेंसी. मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और चौतरफा लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 1,000 अंक से अधिक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी ने फिर से 26,000 अंक के स्तर को प्राप्त कर लिया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर घटाने की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से घरेलू बाजार में उछाल आया। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,022.50 अंक चढ़कर 85,609.51 अंक




पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 1,057.18 अंक तक चढ़ गया था। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 320.50 अंक बढ़त के साथ 26,205.30 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी अपने अबतक के उच्चतम स्तर से केवल 10 अंक कम है। कारोबार के दौरान, निफ्टी 330.35 तक चढ़ गया था। विशेषज्ञों के अनुसार, रूस और यूक्रेन के बीच संभावित युद्धविराम को लेकर बढ़ती उम्मीद ने भी निवेशकों की धारणा को मजबूत किया। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मा, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, एक्सिस बैंक और इन्फोसिस प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल और एशियन पेंट्स के शेयर नुकसान में रहे। बाजार में भागीदारी व्यापक रही। धातु, ऊर्जा और आईटी सूचकांकों में बढ़त दर्ज की गई।

शंघाई कम्पोजिट गिरावट के साथ बंद

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में रहे। हालांकि, चीन का शंघाई कम्पोजिट गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए। ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि बुधवार को भारतीय बाजारों में जोरदार तेजी आई। सभी क्षेत्रों में व्यापक लिवाली हुई। यह वैश्विक शेयर बाजारों में जोखिम की तीव्र धारणा को बताती है। उन्होंने कहा कि इस तेजी को दिसंबर में अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की बढ़ती उम्मीदों से बल मिला है। इसका कारण ताजा अमेरिकी आंकड़ों से.... मांग में नरमी और मुद्रास्फीति में कमी का संकेत है।

एक्सेलसॉफ्ट टेक का शेयर 12.5% चढ़कर सूचीबद्ध



जागो इंडिया जागो
एजेंसी. नई दिल्ली

सॉफ्टवेयर समाधान प्रदाता एक्सेलसॉफ्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयर बुधवार को अपने निर्गम मूल्य के मुकाबले 12.5 प्रतिशत चढ़कर सूचीबद्ध हुए। कंपनी का शेयर बीएसई और एनएसई दोनों पर 135 रुपए के भाव पर सूचीबद्ध हुआ जो 120 रुपए के निर्गम मूल्य से 12.5 प्रतिशत अधिक है। बाद में भी इसके शेयरों में तेजी जारी रही और बीएसई पर यह 18.87 प्रतिशत की उछाल के साथ 142.65 रुपये तक पहुंच गया। इस तरह सुबह के कारोबार में कंपनी का बाजार मूल्यांकन 1,600.25 करोड़ रुपए रहा। कंपनी के 500 करोड़ रुपए के आईपीओ को निवेशकों से जोरदार प्रतिक्रिया मिली थी। इसे पिछले शुक्रवार को बोली के अंतिम दिन 43.19 गुना अभिदान मिला था। आईपीओ के तहत 180 करोड़ रुपए के ताजा शेयर और 320 करोड़ रुपए के मौजूदा शेयरों की बिक्री पेशकश की गई थी।

रेयर अर्थ मैग्नेट्स के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 7,280 करोड़ की योजना को मंजूरी

भारत के प्लान से चीन को मिलेगी तगड़ी चुनौती

जागो इंडिया जागो
नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश में रेयर अर्थ मैग्नेट्स के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 7,280 करोड़ रुपए की एक बड़ी योजना को मंजूरी दे दी है। इसका नाम रेयर अर्थ मैग्नेट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम है। इसका मकसद महत्वपूर्ण खनिजों के लिए दूसरे देशों पर भारत की निर्भरता कम करना है। साथ ही, यह उन्नत मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्रों के लिए सप्लाई चेन को मजबूत करेगी। इस योजना से करीब 6,000 टन दुर्लभ पृथ्वी चुंबक बनाने की क्षमता विकसित होने की उम्मीद है। ये चुंबक इलेक्ट्रिक वाहनों, इलेक्ट्रॉनिक्स, पवन टर्बाइनों, रक्षा उपकरणों और अन्य हाई-टेक चीजों के लिए बहुत जरूरी हैं। इसमें एक एकीकृत दुर्लभ पृथ्वी स्थायी चुंबक मैन्युफैक्चरिंग संयंत्र स्थापित करने के लिए दो साल की तैयारी का समय शामिल है। इसके बाद पांच साल तक प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। वित्त मंत्रालय ने पहले ही इस योजना को हरी झंडी दे दी थी। इसके बाद आज दोपहर 12:30 बजे शुरू हुई कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लगी।



पांच मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स का मिलेगा जबरदस्त सपोर्ट

इस योजना के तहत नियोडिमियम-प्रैसेओडिमियम ऑक्साइड से लेकर नियोडिमियम-आयरन-बोरोन मैग्नेट तक बनाए जाएंगे। ये मैग्नेट इलेक्ट्रिक वाहनों, रिन्यूएबल एनर्जी और इलेक्ट्रॉनिक्स में बहुत जरूरी हैं। सरकार हर साल 1,200 टन की क्षमता वाली पांच मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स को सपोर्ट करेगी। कंपनियां 600 से 1,200 टन की क्षमता के लिए आवेदन कर सकेंगी। अभी भारत में हर साल 4,010 टन रेयर अर्थ मैग्नेट की जरूरत है, जो 2030 तक बढ़कर 8,220 टन हो सकती है। इस योजना से न सिर्फ घरेलू मांग पूरी होगी, बल्कि भविष्य में निर्यात की संभावना भी बनेगी। रेयर अर्थ मैग्नेट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम को मिलाकर केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 19,919 करोड़ की कुल लागत वाली चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी है। ये देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विकास को रफ्तार देंगी। इन फैसलों में सबसे बड़ी राशि 9,858 करोड़ पुणे मेट्रो के विस्तार के लिए आवंटित की गई है, जो शहरी परिवहन को सुगम बनाएगी।

चीन पर निर्भरता होगी खत्म

खास बात यह है कि इस योजना के तहत, भारत में ही प्रोसेसिंग, रिफाइनिंग और चुंबक बनाने की क्षमता विकसित की जाएगी। अभी भारत दुर्लभ-पृथ्वी स्थायी चुंबकों के लिए काफी हद तक चीन पर निर्भर है। यह नई योजना इस निर्भरता को कम करने में मदद करेगी। यह योजना सरकार के उस बड़े एजेंडे का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य महत्वपूर्ण खनिजों की सप्लाई चेन को सुरक्षित करना और उभरते हुए क्षेत्रों में तकनीकी आत्मनिर्भरता बढ़ाना है। इस योजना का उद्देश्य वैश्विक और घरेलू कंपनियों को आकर्षित करना, भारत में वैल्यू एडिशन को बढ़ावा देना और रणनीतिक सामग्रियों की दीर्घकालिक उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इस की निगरानी के लिए एक कमेटी बनाई जाएगी, जिसका नेतृत्व भारी उद्योग मंत्रालय का सचिव करेगा। यह कमेटी सुनिश्चित करेगी कि योजना सही दिशा में चले। इससे न सिर्फ चीन पर निर्भरता कम होगी, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था को भी नई ताकत मिलेगी।

दो सप्ताह के उच्चस्तर 1,30,100 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा सोना, चांदी भी मजबूत

जागो इंडिया जागो
एजेंसी. नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेजी के चलते दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 1,200 रुपए बढ़कर लगभग दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 1,30,100 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि यह बढ़त मुख्य रूप से अगले महीने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की नई उम्मीदों के कारण हुई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 1,200 रुपए बढ़कर 1,29,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। 13 नवंबर को, 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत



वाला सोना क्रमशः 1,30,900 रुपए और 1,30,300 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि फेडरल रिजर्व के संभावित ब्याज दर कटौती की बढ़ती उम्मीद के बीच बुधवार को सोने में बढ़त जारी रही और यह दो सप्ताह के उच्चस्तर पर पहुंच गया। बुधवार को चांदी की कीमतों में भी लगातार दूसरे दिन तेजी आई और यह 2,300 रुपए बढ़कर 1,63,100 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। वैश्विक बाजार में, हाजिर सोना 33.50 डॉलर बढ़कर 4,164.30 डॉलर प्रति औंस हो गया।

देश में ही एमआरओ कामकाज होने से बचेगी 15 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा

जागो इंडिया जागो
एजेंसी. हैदराबाद

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बुधवार को कहा कि भारत में विमानों के रखरखाव, मरम्मत एवं देखभाल (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल -एमआरओ) का बाजार वर्ष 2031 तक लगभग चार अरब डॉलर होने का अनुमान है, जिससे आने वाले समय में करीब 15 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा की बचत हो सकेगी। नायडू ने यहां एमआरओ केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम में कहा कि भारत विमानों की रखरखाव गतिविधियों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनता जा रहा है। हैदराबाद में स्थापित सैफरान एयरक्राफ्ट इंजन सर्विसेज इंडिया का यह संयंत्र अगले साल से परिचालन



में आ जाएगा, जिससे देश की तेजी से बढ़ती विमानन क्षमता को मजबूती मिलेगी। नायडू ने कहा कि देश के ही भीतर विमानों एवं उसके इंजनों के रखरखाव, मरम्मत एवं देखभाल यानी एमआरओ गतिविधियां संचालित होने से आने वाले वर्षों में विदेशी मुद्रा में लगभग 15 अरब डॉलर की बचत हो सकेगी। उन्होंने कहा कि स भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में शामिल है। घरेलू एयरलाइंस ने अब तक 1,500 से अधिक विमानों की आपूर्ति के ऑर्डर दिए हुए हैं। नागर विमानन मंत्री ने कहा कि भारत वैश्विक विमानन केंद्र बनने की राह पर है।

दुनियाभर के अरबपतियों की लिस्ट में हुआ बड़ा उलटफेर लैरी पेज ने बेजोस को पछाड़ा, करीब 24 डालर का हुआ अंतर

हर सेकेंड 40 लाख की कमाई! जेमिनी 3 की लॉन्चिंग से बरसा पैसा

जागो इंडिया जागो
एजेंसी. नई दिल्ली

दुनियाभर के अरबपतियों की लिस्ट में पिछले 24 घंटे के दौरान ही बड़ा फेरबदल हुआ। फेरबदल इतना कि कोई भी देखकर हैरान रह जाए। कल सुबह तक जो जेफ बेजोस दुनिया के तीसरे सबसे अमीर शख्स थे। शाम तक लैरी पेज ने उन्हें 14 अरब डॉलर पीछे छोड़ दिया। खबर लिखे जाने तक दोनों की संपत्ति के बीच का अंतर बढ़कर करीब 24 अरब डॉलर हो गया है। लैरी की संपत्ति तेजी से बढ़ने की पीछे का कारण है गूगल के नए एआई मॉडल जेमिनी 3 की लॉन्चिंग। जेमिनी 3 की लॉन्चिंग होते ही अल्फाबेट के शेयर 3% चढ गए और लैरी पेज की नेटवर्थ



में 7.5 अरब डॉलर का इजाफा हो गया। यह महज आंकड़ों की बात नहीं, लैरी पेज की असल कहानी, उनके आगे बढ़ने का किस्सा इससे ज्यादा मजेदार और हैरान करने वाली है। चलिये आपको बताते हैं लैरी पेज की वो कहानी, जो इससे पहले शायद ही आपने किसी से सुनी हो। 25 नवंबर को जारी अपडेट के अनुसार लैरी पेज की संपत्ति बढ़कर 272 अरब डॉलर हो गई है। दुनियाभर के टेक दिग्गजों की संपत्ति में हो रहे इजाफे से यह साफ है कि एआई (एआई) के जरिए अमीरों का खेल बदलने वाला है। यह सुनकर शायद आपको हैरानी होगी कि लैरी पेज ने साल 2019 में गूगल और अल्फाबेट के सीईओ की कुर्सी को छोड़ दिया था। आज तक उनके कंपनी के हेड ऑफिस में एक भी बार नहीं देखा गया। न वह किसी तरह की मीटिंग में शामलि होते, न ही किसी तरह की प्रेजेंटेशन देते हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार वह अपना फोन भी बहुत कम रिसीव करते हैं। इतना ही नहीं, गूगल के टॉप एग्जीक्यूटिव्स को भी उनके असिस्टेंट से ही बात करनी पड़ती है। फिर भी हर नया प्रोडक्ट लॉन्च होते ही उनकी दौलत में अरबों डॉलर का इजाफा हो जाता है।

आज भी गूगल में 6 प्रतिशत की है हिस्सेदारी

सबसे मजे की बात यह है कि लैरी पेज आज भी उसी 6% शेयर के मालिक हैं, जो उन्होंने कंपनी शुरू करते समय रखा था। उन्होंने कभी एक भी शेयर बेचकर 'कैश आउट' नहीं किया। जेमिनी 3 के लॉन्च होने के बाद उन्हें 7.5 अरब डॉलर का फायदा केवल एक ही दिन में हुआ है। इसका मतलब हुआ 24 घंटे में करीब 62,000 करोड़ रुपए का फायदा। यानी हर सेकंड करीब 40 लाख रुपए का फायदा लैरी को हुआ।

कई प्राइवेट आइलैंड के मालिक हैं लैरी

आपको बता दें लैरी पेज पैसा कमाने से ज्यादा उड़ने वाली कार बनाने के शौकीन हैं। उनकी कंपनी 'Zee Aero' और 'Kitty Hawk' ने कई फ्लाइंग कार तैयार की हैं। वह कई प्राइवेट आइलैंड के मालिक हैं-एक आइलैंड तो उन्होंने पूरा खरीद लिया है। वह वहां पर पत्नी-बच्चों के साथ रहते हैं। न ही वो किसी तरह का फोटो नहीं खिंचवाते हैं और न ही कोई इंटरव्यू देते। लैरी और सर्जेई ब्रिन स्टैनफोर्ड ने साथ मिलकर 1998 में एक गैरेज से गूगल को शुरू किया था। आज दोनों टॉप-5 अमीरों की लिस्ट में शामिल है।

ब्रीफ खबरें

डेटा सेंटर की स्थापना पर 11 अरब का निवेश करेगी डिजिटल कनेक्शन



नई दिल्ली। डिजिटल अवसंरचना कंपनी डिजिटल कनेक्शन ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में वर्ष 2030 तक लगभग 11 अरब डॉलर (करीब 98,000 करोड़ रुपए) का निवेश कर एक गीगावॉट क्षमता वाले डेटा सेंटर विकसित करने की घोषणा की। ब्रुकफील्ड, रिलायंस इंडस्ट्रीज और अमेरिकी कंपनी डिजिटल रियल्टी के संयुक्त उद्यम डिजिटल कनेक्शन ने एक बयान में कहा कि विशाखापत्तनम में कृत्रिम मेधा सक्षम डेटा सेंटर अगले पांच वर्षों के भीतर करीब 400 एकड़ क्षेत्र में स्थापित किए जाएंगे। कंपनी ने आंध्र प्रदेश आर्थिक विकास बोर्ड के साथ इस संबंध में एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। डिजिटल कनेक्शन ने कहा कि उसके डेटा सेंटर उन्नत एआई कार्यभार को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इनमें मजबूत सबस्टेशन, दोहरी बिजली फीड व्यवस्था और उच्च कंप्यूटिंग क्षमता जैसी सुविधाएं शामिल होंगी, जो अगले दशक की डिजिटल नवाचार आवश्यकताओं को पूरा कर सकेंगी। विशाखापट्टनम में यह निवेश उस समय सामने आया है जब गूगल ने भी एआई हब और डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए 15 अरब डॉलर का निवेश करने की घोषणा की थी।

आईसीआईएल ने 0.56% हिस्सेदारी 7,189 करोड़ में बेची, गिरा शेयर



नई दिल्ली। दूरसंचार उद्योग के दिग्गज सुनील भारती मित्तल के पारिवारिक कार्यालय से जुड़ी प्रवर्तक इकाई इंडियन कॉन्टिनेंट इन्वेस्टमेंट लिमिटेड ने बुधवार को भारती एयरटेल में अपनी 0.56 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 7,189 करोड़ रुपए में बेच दी। थोक सौदे के रूप में हुई इस बिक्री में भारती एयरटेल के 3.43 करोड़ शेयरों को 2,096.70 प्रति शेयर के आधार मूल्य पर बेचा गया। यह कीमत मंगलवार को एनएसई पर एयरटेल के बंद भाव 2,161.60 रुपए प्रति शेयर से लगभग तीन प्रतिशत कम थी। इस सौदे का कुल मूल्य 80.6 करोड़ डॉलर यानी करीब 7,189.19 करोड़ रुपए रहा। सौदा संपन्न होने के बाद एयरटेल का शेयर दबाव में आ गया और एनएसई पर यह तीन प्रतिशत गिरकर 2,097.50 रुपए प्रति शेयर पर आ गया। वहीं बीएसई पर 2.81 प्रतिशत टूटकर 2,100 रुपए प्रति शेयर पर आ गया। लेनदेन के बाद एयरटेल में आईसीआईएल की हिस्सेदारी 1.48 प्रतिशत से घटकर 0.92 प्रतिशत रह गई।

थाना हरित ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश और रोजगार की अपार संभावनाएं



नई दिल्ली। भारत 2047 तक संचयी रूप से 4,100 अरब डॉलर का हरित निवेश आकर्षित कर सकता है और इससे 4.8 करोड़ नौकरियों के बराबर एफटीई सृजित होने की संभावना है। ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद के एक स्वतंत्र अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया। अध्ययन में यह भी अनुमान लगाया गया है कि इसी अवधि तक भारत 1,100 अरब डॉलर के वार्षिक हरित बाजार का भी उपयोग कर सकता है। देश के पहले इस तरह के राष्ट्रीय मूल्यांकन में ऊर्जा परिवर्तन, संसाधनों का महत्तम उपयोग करने वाली अर्थव्यवस्था, जैव-अर्थव्यवस्था तथा प्रकृति-आधारित समाधान जैसे क्षेत्रों में 36 हरित मूल्य श्रृंखलाओं की पहचान की गई है, जो मिलकर 'विकसित भारत' की दिशा में एक निर्णायक हरित आर्थिक अवसर प्रस्तुत करती हैं। अक्सर हरित अर्थव्यवस्था को सिर्फ सौर पैनल और इलेक्ट्रिक वाहन तक सीमित समझा जाता है, लेकिन अध्ययन के मुताबिक इसका दायरा बहुत व्यापक है। इसमें जैव-आधारित सामग्री, कृषि-वानिकी, हरित निर्माण, सतत पर्यटन, विनिर्माण, कचरे से मूल्य सृजन उद्योग और प्रकृति-आधारित आजीविका जैसे क्षेत्र शामिल हैं। ये सभी अगले दो दशक में अरबों डॉलर के क्षेत्र बन सकते हैं।

समर्थन मूल्य पर मूंग, मूंगफली, उड़द एवं सोयाबीन खरीद की शुरुआत



जयपुर। खरीफ वर्ष 2025-26 हेतु कृषि जिन्स मूंग, मूंगफली, उड़द एवं सोयाबीन की पंजीकरण प्रक्रिया ई-मित्र के माध्यम से 18 अक्टूबर 2025 से प्रारम्भ की जा चुकी है तथा समर्थन मूल्य पर खरीद 24 नवंबर 2025 से सुचारू रूप से जारी है। क्षेत्रीय अधिकारी सुलक्षणा ढेबाना ने बताया कि भारत सरकार द्वारा एफएक्यू मानकों के अनुरूप मूंग का समर्थन मूल्य 8768 रुपए प्रति क्विंटल, उड़द 7800 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली 7263 रुपए प्रति क्विंटल तथा सोयाबीन (पीली) 5328 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। खरीद से संबंधित किसी भी समस्या के निवारण हेतु टोल-फ्री नंबर 1800-180-6001 उपलब्ध है। उन्होंने पंजीकृत किसानों से आग्रह किया कि वे अपनी एफएक्यू मानकों के अनुरूप उपज को मोबाइल पर प्राप्त संदेश के अनुसार निर्धारित तिथि पर या अधिकतम 10 दिनों के भीतर संबंधित क्रय केंद्र पर लाकर तुलाई करवाएं, ताकि उपज का भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जा सके।

दो दशक बाद भारत में राष्ट्रमंडल खेलों की होगी वापसी, भारत की मेजबानी में इन खेलों का 100वां वर्ष मनेगा, ओलंपिक का दावा मजबूत

अहमदाबाद में होंगे 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स, मेजबानी पर लगी औपचारिक मुहर

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . ग्लास्गो

अहमदाबाद को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों का मेजबान चुने जाने की औपचारिक घोषणा बुधवार को यहां हो गई, जिससे दो दशक बाद भारत में इन खेलों की वापसी होगी और 2036 ओलंपिक की मेजबानी की देश की आकांक्षा को भी बल मिलेगा।

राष्ट्रमंडल खेलों का यह सौवां वर्ष भी होगा। पहली बार ये खेल कनाडा के हैमिल्टन में 1930 में हुए थे। पिछले महीने 'कॉमनवेल्थ स्पोर्ट (राष्ट्रमंडल खेल)' के कार्यकारी बोर्ड द्वारा राष्ट्रमंडल खेलों के शताब्दी वर्ष में प्रस्तावित मेजबान के रूप में अहमदाबाद की सिफारिश के बाद 74 सदस्यों की आमसभा के लिए भारत की बोली पर मुहर लगाना महज एक औपचारिकता थी।

भारत ने पिछली बार 2010 में दिल्ली में इन खेलों की मेजबानी की थी।

इस फैसले से अहमदाबाद में 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी की भारत की इच्छा को भी बल मिलेगा। गुजरात के उपमुख्यमंत्री और खेलमंत्री हर्ष सांघवी ने आमसभा के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'हम खेलों का विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार कर रहे हैं जिसमे सरदार वल्लभभाई पटेल खेल एंक्लेव और गुजरात पुलिस अकादमी शामिल है। यह ऐसा शहर है जहां विरासत का आकांक्षाओं से, आस्था का आधुनिकता से और इतिहास का उम्मीद से संगम होता है।' उन्होंने कहा कि अहमदाबाद में आधुनिक परिवहन, आवास सुविधा और मजबूत सहायता तंत्र उपलब्ध है।



नाइजीरिया से मिली कड़ा टक्कर

राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी के लिए भारत को नाइजीरिया के शहर अबुजा से कड़ी टक्कर मिल रही थी, लेकिन कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने 2034 के खेलों की मेजबानी के लिए अफ्रीका के इस शहर के नाम पर विचार करने का फैसला किया। भारत ने 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेज़बानी पर लगभग 70,000 करोड़ रुपए खर्च किए थे, जो शुरुआती अनुमान 1600 करोड़ रुपए से कहीं अधिक था। इन खेलों में भ्रष्टाचार को लेकर काफी आलोचना हुई थी। भारतीय राष्ट्रमंडल खेल संघ और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने जो भरोसा दिखाया है, उससे हम बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं। 2030 खेलों से हम सिर्फ राष्ट्रमंडल आंदोलन के 100 साल पूरे होने का जश्न ही नहीं मनाएंगे, बल्कि अगली सदी की नींव भी रखेंगे।

पीएम ने देशवासियों को दी हार्दिक बधाई

पीएम मोदी ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी भारत को मिलने पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ हम अपार उत्साह से इन ऐतिहासिक खेलों का जश्न मनाने को तैयार हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि भारत को राष्ट्रमंडल खेलों के शताब्दी वर्ष 2030 खेलों की मेजबानी मिलने पर हर्षित हूं।

ब्रीफ खबरें

पाकिस्तान दौरा छोड़ने पर छिन सकती है असलांका से कप्तानी



कोलंबो। श्रीलंका के कप्तान चरित असलांका का पाकिस्तान का दौरा बीच में छोड़ना देश के क्रिकेट बोर्ड को नागवार गुजरा है, जिससे अगले साल के शुरू में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उनकी कप्तानी खतरे में पड़ गई है। उनकी जगह दासुन शनाका को कप्तान नियुक्त किया गया है। असलांका पाकिस्तान में द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला में टीम की कप्तानी कर रहे थे। वह दौरा बीच में रद्द करने के पक्ष में थे और उन्होंने इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती बम विस्फोट के बाद कथित तौर पर अपने कुछ साथियों को टूर्नामेंट से हटने और स्वदेश लौटने के लिए प्रोत्साहित किया था। यह बात श्रीलंका क्रिकेट को रास नहीं आई और उसने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। श्रीलंका की टीम को पाकिस्तान में रुकने के लिए मना दिया गया था।

विश्व युवा टेटे में भारत ने जीते रजत और कांस्य



नई दिल्ली। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने रोमानिया में आयोजित आईटीटीएफ विश्व युवा चैम्पियनशिप में दमदार पदार्पण करते हुए अंडर-19 लड़कों और अंडर-15 लड़कियों की टीम स्पर्धाओं में क्रमशः एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। अंडर-19 लड़कों की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे को 3-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, लेकिन उन्हें जापान से 0-3 से हार का सामना कर दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। अंकुर भट्टाचार्य ने रयूसेई कावाकामी को कड़ी चुनौती दी, लेकिन 17-15, 6-11, 12-10, 4-11, 11-13 से हार गए। जापान के कजाकी योशियामा ने अभिनंद को 11-7, 11-8, 11-6 से हराया।

सैयद मोदी इंटरनेशनल में आगे बढ़े श्रीकांत-उन्नति



लखनऊ। शीर्ष वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा और पूर्व चैंपियन किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को आसान जीत दर्ज करते हुए भारत के कई अन्य खिलाड़ियों के साथ सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहे। हुड्डा ने हमवतन आकर्षि कश्यप को 21-13, 21-18 से हराया, जबकि इस साल की शुरुआत में मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचने वाले श्रीकांत ने दमदार प्रदर्शन करते हुए बाबू बनारसी दास इंडोर स्टेडियम में कविन थंगम को 21-13, 21-10 से शिकस्त दी। भारत के अन्य खिलाड़ियों में सातवीं वरीयता प्राप्त रक्षिता श्री संतोष रामराज ने महिला एकल में श्रेया लेले पर 21-12, 21-14 से जीत के साथ आगाज किया।

डिप्टी सीएम दिया ने किया स्टेट गेम्स एथलेटिक्स का उद्घाटन

जयपुर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को जयपुर सैन्य स्टेशन में विशेष धावकों के लिए आयोजित 'स्टेट गेम्स एथलेटिक्स–2025' का उद्घाटन किया। इन खेलों का आयोजन सेना की दक्षिण पश्चिम कमान की 'आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन' और 'स्पेशल ओलंपिक इंडिया' राजस्थान चैप्टर ने संयुक्त रूप से किया। उपमुख्यमंत्री ने विशेष आवश्यकताओं वाले धावकों के उत्साह और जज़्बे की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे खेल मंच उनके लिए प्रेरणादायक अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत 20 जिलों के विशेष धावकों के मार्च-पास्ट से हुई, जिसमें एनसीसी कैडेट्स ने ड्रम बीट किया। आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने पारंपरिक राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया।

दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 408 रन से हराया, श्रृंखला में 2-0 से किया क्लीन स्वीप

शर्मनाक! टेस्ट क्रिकेट में भारत की बड़ी हार, 25 साल में द. अफ्रीका की पहली सीरीज जीत

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . गुवाहाटी

ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर के छह विकेट की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को यहां दूसरे एवं अंतिम टेस्ट मैच में भारत को 408 रन से हराकर श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली।

यह हार भारत के टेस्ट इतिहास में एक और शर्मनाक अध्याय है क्योंकि रन के लिहाज़ से यह उनकी सबसे बड़ी हार है। इससे पहले रनों के हिसाब से भारत की सबसे बड़ी हार 342 रनों की थी, जब ऑस्ट्रेलिया ने 2004 में नागपुर में भारत को मात दी थी। अगर हम टेस्ट में भारत की 10 सबसे बड़ी हार पर नजर डालें तो उस लिस्ट में 5 बार ऑस्ट्रेलिया ने भारत को बड़े मार्जिन से मात दी है। जबकि दक्षिण अफ्रीका ने तीन बार, इंग्लैंड और पाकिस्तान ने एक-एक बार भारत को बड़े अंतर से हराया है। दक्षिण अफ्रीका की पिछले 25 वर्षों में भारत में टेस्ट श्रृंखला में यह पहली जीत है। भारत के सामने 549 रन का असंभव लक्ष्य था और उसकी पूरी टीम मैच के पांचवें और अंतिम दिन 140 रन पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 489 रन बनाए थे जिसके जवाब में भारतीय टीम 201 रन पर आउट हो गई थी। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी पांच विकेट पर 260 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। भारत की तरफ से रविंद्र जडेजा ही कुछ संघर्ष कर पाए। उन्होंने 87 गेंदों में 54 रन बनाए। हार्मर ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 37 रन देकर छह विकेट तथा मैच में कुल नौ विकेट लिए। एडेन मार्क्रम ने नौ कैच लेकर एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक कैच का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने भारत के अजिंक्य रहाणे के 2015 में लिए गए आठ कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने कोलकाता में खेला गया पहला टेस्ट मैच 30 रन से जीता था।



दो साल में दो घरेलू टेस्ट सीरीज में मिली करारी हार

अपने घर में दक्षिण अफ्रीका से मिली ये शर्मनाक हार भारत को पिछले साल न्यूजीलैंड से मिला हार की याद ताजा कर दी। ये भारत की लगातार दो सालों में दूसरी होम सीरीज है जिसमें उनको व्हाइटवॉश का सामना करना पड़ा। पहले 2024 में टॉम लाथम की अगुवाई वाली न्यूजीलैंड की टीम से 0-3 से हारे और अब टेम्बा बावुमा की टीम दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से हार गए। ये प्रोटियाज टीम की भारत में 25 साल बाद कोई टेस्ट सीरीज जीत है। इससे पहले 2000 में उन्होंने भारत को 2-0 से हराया था। उस समय उनकी टीम के कप्तान हैंसी क्रोनिए थे। होम ग्राउंड पर भारत का टेस्ट में व्हाइटवॉश 2000 में दक्षिण अफ्रीका ने 2-0 से किया। 2024 में न्यूजीलैंड ने 3-0 से किया व्हाइटवॉश और अब वर्तमान सीरीज फिर 2-0 से हार गई टीम इंडिया। गंभीर के नेतृत्व में भारत ने 18 टेस्ट मैचों में से 10 में हार का सामना किया है, जिसमें पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ और अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर मिली हार भी शामिल है।

लगातार बदलाव पर उठाए सवाल



पूर्व खिलाड़ियों अनिल कुंबले और वेंकटेश प्रसाद ने दक्षिण अफ्रीका से टेस्ट श्रृंखला में 0-2 से मिली हार के बाद भारतीय टीम के रवैये, स्थिरता के अभाव और हरफनमौलाओं पर अत्यधिक निर्भरता की आलोचना की है। कुंबले ने मुख्य कोच गौतम गंभीर की टीम में लगातार बदलाव की रणनीति पर भी सवाल उठाए, जिनके मार्गदर्शन में भारत को न्यूजीलैंड से पिछले साल 0-3 से पराजय झेलनी पड़ी। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में हार मिली और अब 25 साल में पहली बार अपनी सरजमीं पर दक्षिण अफ्रीका से टीम हारी है। पूर्व तेज गेंदबाज प्रसाद ने कहा किटेस्ट क्रिकेट में भारत के रवैये से निराश हूं। हरफनमौलाओं पर इतना जोर देना समझ से परे है खासकर जब आप उनसे गेंदबाजी नहीं करा रहे। खराब रणनीति, खराब कौशल और हाव भाव से हम दो श्रृंखलाओं में सूपड़ा साफ करवा चुके हैं।

भविष्य का फैसला अब बीसीसीआई करेगा : गंभीर



गुवाहाटी। आलोचनाओं से घिरे भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बुधवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में मिली करारी हार के बाद उनके भविष्य पर फैसला भारतीय क्रिकेट बोर्ड को करना है, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने याद दिलाया कि उनके कार्यकाल में टीम ने कितनी सफलता हासिल की है। गंभीर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मेरे भविष्य का फैसला बीसीसीआई को करना है। लेकिन मैं वही व्यक्ति हूं जिसने इंग्लैंड में आपको अनुकूल परिणाम दिलाए और मैं चैंपियंस ट्रॉफी में भी कोच था।' उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की खिताबी जीत और इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ उसकी धरती पर 2-2 से ड्रॉ रही श्रृंखला का जिक्र किया। गंभीर ने कहा, 'दोष सभी का है और इसकी शुरुआत मुझसे होती है। हमें बेहतर खेल दिखाना होगा। पहली पारी में एक समय हमारा स्कोर एक विकेट पर 95 रन था जो सात विकेट पर 122 रन हो गया। यह स्वीकार्य नहीं है।'

डब्ल्यूटीसी में पांचवें स्थान पर खिसका भारत

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका से दोनों टेस्ट मैच में हार झेलने के बाद भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में पांचवें स्थान पर खिसक गया है, जिससे उसकी फाइनल में पहुंचने की संभावनाओं को करारा झटका लगा है। इस साल के शुरू में इंग्लैंड में श्रृंखला बराबर करने वाली भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका से मिली हार के बाद पाकिस्तान से नीचे पांचवें स्थान पर खिसक गई है और उसका पीसीटी 48.15 पर आ गया है। भारत ने मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में नौ टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें से चार जीते, चार हारे और एक ड्रॉ रहा।

ट्रैप निशानेबाज नीरू ढांडा ने चौथा स्वर्ण पदक जीता, मनीषा कीर को मिला रजत

जागो इंडिया जागो
सिटी रिपोर्टर . जयपुर

ट्रैप निशानेबाज नीरू ढांडा और आदित्य भारद्वाज ने बुधवार को यहां खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी को शॉटगन के चारों पदक दिलाकर क्लीन स्वीप किया, जबकि उनके साइक्लिस्ट एथलीट ने दोनों व्यक्तिगत रोड रेस खिताब जीते। मौजूदा एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता नीरू ने 47 के फाइनल स्कोर के साथ लगातार चौथा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। मनीषा कीर (39) और नंदिका सिंह (30) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। तीनों ने मिलकर 344 के स्कोर के साथ टीम स्वर्ण पदक भी जीता। नीरू ने पहली बार 2020 में खेलो इंडिया युवा खेलों में हिस्सा लिया था जिसमें उन्होंने रजत पदक जीता था। तब से यूनिवर्सिटी खेलों में उनका दबदबा रहा है। भारद्वाज ने अपने विश्वविद्यालय की पुरुष ट्रैप टीम का स्वर्ण पदक भी दिलाया, उन्होंने फाइनल में 45 का स्कोर किया।



चैंपियंस लीग में बार्सिलोना व मैनचेस्टर सिटी को मिली हार

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . लंदन

टीम में बदलाव, गलतियों और रक्षात्मक चूक के कारण मैनचेस्टर सिटी और बार्सिलोना को चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में हार का सामना करना पड़ा। मैनचेस्टर सिटी कोच के रूप में पेप गार्डियोला के चैम्पियंस लीग में 100वें मैच में उनकी टीम बायर लेवरकुसेन से 2-0 से हार गई, जबकि बार्सिलोना को चेल्सी के खिलाफ 3-0 की हार में आत्मघाती गोल और रेड कार्ड का सामना करना पड़ा। गार्डियोला ने शनिवार को प्रीमियर लीग में न्यूकैसल से मिली हार के बाद अपनी शुरुआती लाइनअप में 10 बदलाव किए, जिसमें एर्लिंग हालैंड को बेंच पर रखा गया, लेकिन इसका विपरीत प्रभाव पड़ा। एलेजांद्रो ग्रिमाल्डो ने 23वें मिनट में लेवरकुसेन की तरफ से पहला और पैट्रिक स्किच ने 54वें मिनट में दूसरा गोल किया। चेल्सी ने स्टैमफोर्ड ब्रिज में बार्सिलोना को 3-0 से आसानी से हराया।



सैयद मुश्ताक अहमद ट्रॉफी : दीपक हुड्डा के नाबाद अर्धशतक के दम पर जीता राजस्थान, महाराष्ट्र को शिकस्त

कर्नाटक की जीत में चमके स्मरण, राजस्थान ने तमिलनाडु को हराया

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . अहमदाबाद

रविचंद्रन स्मरण ने सही समय पर अर्धशतक लगाकर अपनी काबिलियत का नमूना पेश किया, जिससे कर्नाटक ने बुधवार को यहां सैयद मुश्ताक अहमद ट्रॉफी के ग्रुप डी के पहले मैच में उत्तराखंड को पांच विकेट से हरा दिया। उत्तराखंड ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 197 रन बनाए जिसमें कप्तान कुणाल चंदेला और आंजनेया सूर्यवंशी ने चौथे विकेट के लिए 122 रन जोड़े। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कर्नाटक ने करुण नायर और केएल श्रीजीत के विकेट गिरने के बाद 15 रन पर दो विकेट गंवा दिए। प्रवीण दुबे और शुभांग हेगड़े ने कर्नाटक को मैच की आखिरी गेंद पर लक्ष्य तक पहुंचा दिया। सोनू यादव के नाबाद 43 रन और एन जगदीशन के 29 रन की मदद से तमिलनाडु ने आठ विकेट पर 169 रन बनाए। लेकिन राजस्थान ने दीपक हुड्डा के नाबाद 76 रन की मदद से हासिल किया।



पांच विकेट से जीता जम्मू-कश्मीर

जम्मू कश्मीर ने बुधवार को यहां ईडन गार्डन्स में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप बी के अपने पहले मैच में अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत महाराष्ट्र को पांच विकेट से हरा दिया। गेंदबाज औकिब नबी की अगुवाई में जम्मू कश्मीर ने महाराष्ट्र को 19.5 ओवर में 130 रन से कम स्कोर पर समेट दिया। इसके बाद 18.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के पूर्व अंडर-19 विकेटकीपर-बल्लेबाज आर्यन जुयाल ने 57 गेंद में 11 चौके और तीन छक्के से नाबाद 93 रन की शानदार पारी खेली और गोवा के 173 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उत्तर प्रदेश को छह विकेट से जीत दिलाई।

'एक घंटे की कीमत...' अश्लील तस्वीरें वायरल, एक्ट्रेस को मिले थे गंदे मैसेज

एआई ने दिया 'नेशनल क्रश' को दर्द!

अभिनेत्री गिरिजा ओक हाल ही में नीली साड़ी में अपनी तस्वीरों के लिए खूब वायरल हुई। कई लोगों ने उन्हें भारत की सिडनी स्वीनी और मोनिका बेलुची कहा। सोशल मीडिया पर उनकी एआई से छेड़छाड़ करके बनाई गई अश्लील तस्वीरें वायरल होने के बाद उन्हें 'नेशनल क्रश' भी कहा गया। अब इस मामले पर गिरिजा ने और बात की और बताया की इसके बाद उन्हें किस तरह के घटिया मैसेजेस मिलने लगे थे। मराठी और हिंदी फिल्मों की हसीना गिरिजा ओक ने बॉलीवुड में अपने 20 साल लंबे करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, लेकिन पिछले दिनों एक इंटरव्यू के वायरल होने के बाद मिली 'ओवरनाइट फेम' ने उनकी जिंदगी का एक डार्क साइड भी दिखाया है। गिरिजा ने खुलासा किया है कि 'नेशनल क्रश' का टैग मिलने के बाद उन्हें सोशल मीडिया पर कई डरावने और अश्लील मैसेज मिले हैं।



कई फैंस ने पार की सीमा, कुछ भी कर सकने का वादा किया

गिरिजा ने खुलासा किया कि उन्हें ऑनलाइन कई पुरुषों से अजीबोगरीब मैसेज मिले, जिनमें से कुछ ने तो उनका रेट भी पूछा। एक न्यूज पोर्टल से बात करते हुए गिरिजा ने बताया,'किसी ने मुझसे कहा कि मैं आपके लिए कुछ भी कर सकता हूं, मुझे एक मौका दीजिए। किसी ने तो मेरा रेट भी पूछा और कहा एक घंटा बिताने की कीमत क्या है? ऐसे कई मैसेज हैं मेरे पास।'गिरिजा ने आगे कहा कि अगर वही पुरुष उन्हें असल जिंदगी में देख लेगा तो कभी ऐसी बात नहीं करेगा, लेकिन घूंघट के पीछे लोग कुछ भी कह देते हैं। हालांकि, आमने-सामने होने पर वे प्यार और सम्मान से बात करते हैं। बता दें कि कुछ समय पहले गिरिजा की एआई से मॉर्फ्ड की गई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी जिसके बारे में सीमने आकर उन्होंने खुद जानकारी दी थी। इससे उनको परेशानी हुई।

गिरिजा को मराठी सिनेमा से मिली अधिक पहचान

गिरिजा को मराठी और हिंदी सिनेमा में उनके काम के लिए जाना जाता है। गिरिजा ने गुलमोहर, लज्जा और नवरा मजा भावरा सहित कई मराठी फिल्मों में काम किया है। इसके अलावा वो एक कन्नड़ फिल्म में भी नजर आईं जिसका नाम हाउस फुल है। वहीं बॉलीवुड में गिरिजा ओक ने आमिर खान की 2007 की हिट फिल्म 'तारे जमीन पर'में जबीन का किरदार निभाया था। इसके अलावा वह साल 2010 में आई शोर इन द सिटी और शाहरुख खान की 'जवान'(2023) में भी नजर आईं। वह सोनी टीवी के शो लेडीज स्पेशल में मुख्य भूमिका निभाने वालों में से एक थीं जो मुंबई की 'लेडीज स्पेशल' लोकल ट्रेन में यात्रा करने वाली चार महिलाओं के जीवन पर आधारित था।

'120 बहादुर' ने पकड़ी रफ्तार, 'दे दे प्यार दे 2' की कमाई बढ़ी



बीते शुक्रवार को सिनेमाघरों में दो फिल्में रिलीज हुई। इनमें से एक फिल्म की कहानी देश के लिए शहीद हुए जवानों की '120 बहादुर' है और वहीं दूसरी एडल्ट कॉमेडी फिल्म 'मस्ती 4' भी रिलीज हुई। इन दोनों फिल्मों के अलावा पिछले 12 दिनों से सिनेमाघरों में 'दे दे प्यार दे 2' भी चल रही है। हालिया रिलीज '120 बहादुर' को लेकर दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं। वहीं 'मस्ती' फ्रेंचाइजी की इस नई फिल्म को लेकर भी ऐसा माना जा रहा था कि ये फ़न लविंग फैन्स के लिए एक मजेदार सरप्राइज साबित होगी। हालांकि, दोनों की शुरुआत धीमी रही। वहीं अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह की फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' धीरे-धीरे 100 करोड़ रुपए करीब पहुंच चुकी है। करीब 135 करोड़ के बजट में तैयार उम्र के फासलों पर बुनी गई प्यार की कहानी 'दे दे प्यार दे 2' धीरे-धीरे 100 करोड़ के आसपास पहुंच रही है। ये फिल्म 12वें दिन मंगलवार को 1.75 करोड़ रुपए की कमाई की। कुल मिलाकर देसी बॉक्स ऑफिस पर 64.95 करोड़ रुपए की कमाई हो चुकी है।

चीटिंग की अफवाहों के बीच पलाश की बहन ने तोड़ी चुप्पी



क्रिकेटर स्मृति मंधाना और म्यूजिक कंपोजर पलाश मुच्छल की शादी स्मृति के पिता की हेल्थ इश्यूज की वजह से पोस्टपोन होने के बाद अफवाहों का बाजार गरम है। कुछ यूजर्स बिना वेरिफिकेशन के यह दावा कर रहे हैं कि पलाश ने स्मृति को धोखा दिया है। मामला तब और बिगड़ गया जब मैरी डी'कोस्टा नाम की एक इंस्टाग्राम यूजर ने रेडिट पर कुछ स्क्रीनशॉट पोस्ट किए, दावा करते हुए कि यह उनकी और पलाश की प्राइवेट चैट है। हालांकि अकाउंट अब डीएक्टिवेट कर दिया गया है, लेकिन स्क्रीनशॉट तेजी से वायरल हो रहे हैं और नए अफवाहों को हवा दे रहे हैं। इसी बीच, पलाश की कजिन बहन नीति टाक उनके बचाव में सामने आई हैं। टाक ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर नोट शेयर करते हुए कहा कि लोगों को बिना सच जाने पलाश को जज नहीं करना चाहिए, क्योंकि वह इस समय बेहद क्रिटिकल हालत से गुजर रहे हैं।

धमाकेदार कॉमेडी के साथ लौटे कपिल शर्मा, ट्रेलर में दिखा तिहरा कन्फ्यूजन

टेलीविजन और ओटीटी पर सबको हंसाने और गुदगुदाने वाले कॉमेडियन कपिल शर्मा अपनी अगली फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' को लेकर हाजिर हो चुके हैं। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें एक बार फिर उनका वही अंदाज है कि ...किस किसको प्यार करूं? बता दें कि ये फिल्म कपिल की पिछली हिट फिल्म 'किस किस को प्यार करूं' का सीक्वल है।



ट्रेलर मजेदार और कॉमेडी से भरपूर। कपिल की पहली फिल्म 'किस किस को प्यार करूं' लोगों को पसंद आई थी। उस फिल्म में कपिल के काम की तारीफ हुई थी और एक बार फिर वो कुछ वैसा ही धमाल मचाने दिख रहे हैं। कपिल शर्मा के साथ मनजोत सिंह का किरदार काफी जंच रहा है। इस फिल्म में कॉमेडी के साथ-साथ कपिल की शादी को लेकर कन्फ्यूजन की भरमार है। इस ट्रेलर की शुरुआत में कपिल कहते दिख रहे हैं, 'एक लड़की से प्यार करता हूं, उसके लिए हिंदू से मुसलमान बना और मुसलमान से क्रिश्चियन बना लेकिन फिर भी वो मुझे नहीं मिली। बल्कि तीनों धर्मों से एक-एक बीवी मिल गई फादर।' यानी साफ है कि कपिल की जिंदगी में वो तूफान आ चुका है जिससे अब पीछा छुड़ाना उनके लिए बेहद मुश्किल है। मजेदार ये देखना होगा कि अब वो अपनी इन तीन बीवियों को वो किस तरह अपनी लाइफ में एडजस्ट करते हैं। उनके साथ जिंदगी बार-बार मजाक करती दिख रही। ये फिल्म 12 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। अनुकल्प गोस्वामी के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म 'किस किस को प्यार करूं 2' को रतन जैन, गणेश जैन और अब्बास-मस्तान ने वीनस वर्ल्डवाइड एंटरटेनमेंट के तहत अब्बास मस्तान फिल्म प्रोडक्शन के सहयोग से प्रड्यूस किया है। फिल्म में कपिल शर्मा एक बार फिर अपने लीड किरदार में लौट रहे हैं और अपनी सिग्नेचर कॉमेडी टाइमिंग और चार्म के साथ धमाल मचा रहे हैं।

"हम सभी के अंदर एक ऐसी अलौकिक शक्ति का भंडार जो तभी बाहर आता है जब वक्त हमारा इम्तिहान लेता है। - **अमिताभ बच्चन, अभिनेता**



तब तक काम करिए जब तक आपका बैंक बैलेंस फोन नंबर की तरह न दिखने लगे। - **लियोनार्डो डिकैप्रियो**, हॉलीवुड अभिनेता

स्टडी परमिट पर सरकार नया फरमान, 2025 की तुलना में मिलेंगे करीब 7% कम स्टडी परमिट

कनाडा में अब सिर्फ 1.55 लाख नए स्टूडेंट्स को एंट्री!



जागो इंडिया जागो
एजेंसी . नई दिल्ली

कनाडा में 2026 में हायर एजुकेशन हासिल करने की सोच रहे स्टूडेंट्स को मालूम होना चाहिए कि कितने लोगों को स्टडी परमिट दिया जाएगा। बिना स्टडी परमिट के स्टूडेंट्स कनाडा में पढ़ाई नहीं कर सकते हैं। कनाडाई सरकार ने ऐलान कर दिया है कि 2026 में कितने लोगों को स्टडी परमिट जारी किया जाएगा। हर साल लाखों की संख्या में विदेशी स्टूडेंट्स कनाडा में हायर एजुकेशन के लिए जाते हैं, जिसमें भारतीय छात्र भी शामिल हैं। यहां पर पहले से ही 4 लाख भारतीय छात्र हैं। कनाडा में स्टडी वीजा लेकर स्टूडेंट्स पहले देश में एंट्री लेते हैं, क्योंकि इसके जरिए सिर्फ दाखिल होने की इजाजत मिलती है। देश में पढ़ने के लिए स्टूडेंट्स को स्टडी परमिट लेना पड़ता है। वैसे तो कनाडा जाने से पहले ही स्टूडेंट्स को स्टडी परमिट के लिए आवेदन करना पड़ता है। इसके बाद उसे अप्रूवल लेटर मिल जाता है। अप्रूवल लेटर और वीजा लेकर जब स्टूडेंट देश में जाता है, तो उसे एंट्री पोर्ट पर स्टडी परमिट मिल जाता है या फिर कनाडा में उसके दिए हुए पते पर डाक के जरिए भेज दिया जाता है।

शैक्षणिक संस्थानों पर ये प्रभाव

इस कदम से भावी अंतरराष्ट्रीय छात्रों और शैक्षणिक संस्थानों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। आव्रजन, शरणार्थी और नागरिकता कनाडा (आईआरसीसी) केवल सीमा तक पहुंचने तक अध्ययन परमिट आवेदनों पर कार्रवाई करेगा। सीमा पूरी होने के बाद, किसी भी अन्य आवेदन को बिना प्रसंस्करण के वापस कर दिया जाएगा और आवेदन शुल्क वापस कर दिया जाएगा। आपको बता दें कि, 2022 में, जिसके लिए देश-वार डेटा उपलब्ध है, कनाडा ने 184 देशों के 5.5 लाख नए छात्रों को प्रवेश दिया था। 2.2 लाख नए छात्रों के साथ भारत अब तक का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत देश था, इसके बाद 52,000 नए छात्रों के साथ चीन था।

कॉम्पिटिशन बढ़ने से परेशानी

इमिग्रेशन, रिफ्यूजी एंड सिटिजनशिप कनाडा ने बताया है कि 2026 में विदेशी स्टूडेंट्स के लिए 4,08,000 स्टडी परमिट जारी किए जाएंगे। 2025 की तुलना में इस संख्या में 7% की कमी है। इस साल 4,37,000 स्टडी परमिट जारी करने का टारगेट रखा गया है। इसी तरह से 2024 की तुलना में 2026 में जारी होने वाले स्टडी परमिट की संख्या 16% तक कम है। उस साल 4,85,000 स्टडी परमिट जारी किए गए थे। कम संख्या में स्टडी परमिट जारी होने से एडमिशन के लिए कॉम्पिटिशन भी बढ़ेगा, जिससे छात्र परेशान होंगे।

इस तरह बांटे जाएंगे स्टडी परमिट

2026 में जारी होने वाले 4,08,000 स्टडी परमिट में से 1,55,000 सिर्फ उन लोगों के लिए रिजर्व होंगे, जो पहली बार कनाडा में पढ़ने आ रहे हैं। इमिग्रेशन लेवल प्लान 2026-2028 में पहले ही इसका ऐलान किया जा चुका है। इसी तरह से बचे हुए 2,53,000 स्टडी परमिट उन लोगों को दिए जाएंगे, जो परमिट एक्सटेंशन चाहते हैं या दोबारा पढ़ने आ रहे हैं। सरकार ने ये भी बताया है कि सबसे ज्यादा स्टडी परमिट ब्रिटिश कोलंबिया और अल्बर्टा राज्य में पढ़ने आने वाले स्टूडेंट्स को दिया जाएगा।

ब्रीफ खबरें

स्टेट एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटीज में नौकरी पाने का है मौका



जागो इंडिया जागो
एजेंसी . नई दिल्ली

इंजीनियरिंग, डॉक्टर, वकालत को छोड़कर अगर आपको खेती बाड़ी से प्रेम है, तो आप इसी में अपना करियर भी बना सकते हैं। स्टेट एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी ने जूनागढ़ एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, आनंद एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी और नवसारी एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में एग्रीकल्चरल असिस्टेंट की नई वैकेंसी निकाली है। इस भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवार आखिरी तारीख 12 दिसंबर तक ऑफिशियल वेबसाइट aau.in पर फॉर्म अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए अभ्यर्थी की आयु सीमा 18-33 वर्ष तक रखी गई है। लिखित परीक्षा के माध्यम से चयन प्रक्रिया पूरी होगी।

यह योग्यता होना जरूरी

आवेदकों ने किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एग्रीकल्चर, हॉर्टिकल्चर, एग्रो प्रोसेसिंग, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, न्यूट्रीशन एंड कम्युनिटी साइंस, फूड टेक्नोलॉजी एंड न्यूट्रीशन, फूड न्यूट्रीशन एंड डायटेटिक्स, एग्रीकल्चर को-ऑपरेशन, बैंकिंग एंड मार्केटिंग या होमसाइंस में 2-3 साल का डिप्लोमा किया हो। इसके साथ DOEACC CCC या इसके समकक्ष कोई कंप्यूटर परीक्षा पास की हो। योग्यता से जुड़ी ये डिटेल्स अभ्यर्थी विस्तार से भर्ती के आधिकारिक नोटिफिकेशन से भी चेक कर सकते हैं।

ऐसे करें फॉर्म अप्लाई

आवेदन करने के लिए सबसे पहले यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट aau.in पर जाएं। यहां Recruitment सेक्शन में विज्ञापन संख्या 04/2025 में आवेदन के लिंक पर क्लिक करें। अपना नाम, जन्मतिथि जैसी बेसिक डिटेल्स के जरिए रजिस्ट्रेशन प्रोसेस पूरा करें। अब पंजीकरण संख्या के जरिए वेबसाइट पर पुन: लॉगइन करें। पता, शैक्षिक योग्यता, अंक, जैसी जो-जो डिटेल्स आपसे मांगी जाती है वो ध्यानपूर्वक भर दें। फॉर्म अप्लाई करने के लिए सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों को 1000 रुपए आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा। वहीं ईडब्ल्यूएस, एससी, एसटी, एसईबीसी अभ्यर्थियों के लिए यह शुल्क 250 होगा। इसके अलावा बैंक ट्रांजेक्शन चार्ज लगेगा।

ड्रोन को कंट्रोल करने, उड़ाने, उसमें ऑटोमेशन जोड़ने, सेंसर मैनेज करने और मिशन प्लानिंग के बनें एक्सपर्ट

ड्रोन प्रोग्रामिंग से बन सकते हैं हाई-टेक हीरो, होगी तगड़ी कमाई

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . नई दिल्ली

आज के समय में ड्रोन सिर्फ मजे के लिए उड़ाने वाला गैजेट नहीं रहा है बल्कि यह खेती, डिलीवरी, फिल्ममेकिंग, सर्वे, ट्रैफिक मॉनिटरिंग और डिफेंस जैसे कई बड़े सेक्टर्स में इस्तेमाल होने लगी है। ऐसे में ड्रोन प्रोग्रामिंग सीखने वालों की मांग भी तेजी से बढ़ गई है। अगर आप टेक्नोलॉजी से जुड़े करियर की तलाश में हैं तो ड्रोन प्रोग्रामिंग कोर्स आपकी स्किल्स को नेक्स्ट लेवल पर ले जाने का शानदार मौका है। ड्रोन प्रोग्रामिंग कोर्स में आपको ड्रोन को कंट्रोल करने, उड़ाने, उसमें ऑटोमेशन जोड़ने, सेंसर मैनेज करने और मिशन प्लानिंग जैसे काम सिखाए जाते हैं। यह कोर्स आपको सिखाता है कि ड्रोन किस तरह कोड से चलता है, कौन-कौन से कमांड पर कौन-सी फंक्शनिंग होती है और किन-किन सॉफ्टवेयर के जरिए ड्रोन को कस्टमाइज किया जाता है। ड्रोन प्रोग्रामिंग कोर्स आमतौर पर 2 से 6 महीने में पूरा हो जाता है।



ड्रोन कोर्स के लिए इंस्टीट्यूट्स

ड्रोन प्रोग्रामिंग के लिए पॉयथन, C++, मेटलैब, आरओएस और मिशन प्लेनर जैसे टूल्स सिखाए जाते हैं। मतलब आप ड्रोन को सिर्फ उड़ाएंगे नहीं बल्कि उसके अंदर दिमाग भी डालेंगे। कुछ इंस्टीट्यूट इससे जुड़े कोर्स करा रहे हैं। इसमें प्रमुख है आईआईटी कानपुर। इस संस्थान को ड्रोन टेक्नोलॉजी और यूएवी रिसर्च में भारत का सबसे मजबूत सेंटर माना जाता है। यहां ड्रोन डिजाइन, कंट्रोल और प्रोग्रामिंग से जुड़े कोर्स और ट्रेनिंग उपलब्ध होती है। इसी प्रकार इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ड्रोन्स बेंगलुरु का भी बड़ा नाम है।

आवाज़ आपकी, पहचान आपकी

जागो इंडिया जागो

पिंकसिटी के पर्याय के रूप प्रदेश की राजधानी जयपुर से नई उमंग, ऊर्जा और उम्मीद के साथ शुरू हुआ यह अखबार आपकी आवाज़ और पहचान बनेगा।

हमसे जुड़ने, समाचारों को भेजने और सूचनाओं को साझा करने के लिए ई-मेल करें -

news@jagoindiajago.news

आपका साथ और विश्वास ही बनेगा हमारी ताकत

ब्रीफ खबरें

ताइवान, चीन से मुकाबले की तैयारी में रक्षा खर्च बढ़ाएगा



ताइपे। चीन के बढ़ते सैन्य दबाव को देखते हुए ताइवान भी तैयारी में जुट गया है। उसने अपना रक्षा खर्च 40 अरब डॉलर (करीब 3.5 लाख करोड़ रुपये) तक बढ़ाने की योजना बनाई है। ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने कहा कि देश चीन से बढ़ते खतरे का सामना करने के लिए अपनी रक्षा के दृढ़ संकल्प को रेखांकित कर 40 अरब डॉलर का पूरक रक्षा बजट पेश करेगा। उन्होंने कहा, "राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने की कोई गुंजाइश नहीं है। राष्ट्रपति लाई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राष्ट्रीय संप्रभुता, स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल मूल्य हमारे राष्ट्र की नींव हैं। उन्होंने कहा कि यह लोकतांत्रिक ताइवान की रक्षा करने और 'चीन का ताइवान' बनने से इनकार करने के बीच का संघर्ष है, न कि केवल वैचारिक संघर्ष या 'एकीकरण बनाम स्वतंत्रता' का विवाद। ताइवान के रक्षा मंत्री वेलिंगटन कू ने कहा कि 2026-2033 के बजट में मिसाइलों और ड्रोन के साथ-साथ नई 'टी-डोम' वायु रक्षा प्रणाली भी शामिल होगी। इससे पहले राष्ट्रपति लाई ने एक लेख लिखकर ताइवान की रक्षा के प्रति अपने पक्के इरादे को जाहिर किया था। इस तैयारी के बाद चीन भी अपनी रणनीति तैयार करेगा।

राजश्री के मालिक की बहू ने आत्महत्या की



नई दिल्ली। वसंत विहार में कमला पसंद और राजश्री पान मसाला बनाने वाली कंपनी के मालिक कमल किशोर की 40 वर्षीय बहू दीप्ति चौरसिया ने मंगलवार शाम को आत्महत्या कर ली है। दीप्ति का शव उनके घर में दुपट्टे से लटका हुआ मिला। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद होने की खबर है। मृतका के भाई ने प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। दीप्ति के परिवार ने पुलिस में आत्महत्या के लिए उकसाने की शिकायत दर्ज कराई है। अभी तक सामने आया है कि दीप्ति ने अपने पति हरप्रीत की दूसरी शादी के कारण जान दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पाक-अफगान में बढ़ा तनाव, सीमा पर सुरक्षा कड़ी



काबुल। पाक-अफगान के बीच तनाव फिर बढ़ने लगा है। दोनों देशों ने विवादित सीमा डूरंड रेखा पर अपनी अग्रिम चौकियों पर भारी तोपें तैनात कर दी हैं। साथ ही सैनिकों और दूसरे सैन्य उपकरणों की भी भारी तैनाती ने पहले से चल रहे तनाव में नाटकीय वृद्धि के संकेत दिए हैं। चमन-स्पिन बोल्डिक, अंगूर अड्डा, कुर्रम-नंगाहर और तोरखम समेत सीमा से सटे कई इलाकों में पाकिस्तान ने अपने ड्रोन की गश्त भी बढ़ाई है। दोनों देश संभावित टकराव की तैयारी कर रहे हैं। प्रमुख सीमा चौकियों पर तोपखाने की तैनाती इसके संकेत दे रही है, जिससे स्थिति गंभीर बनी हुई है।

इटली में महिला हत्या पर उम्र कैद तो पीछा करने पर भी कड़ी सजा



रोम। इटली की संसद ने एक विशेष कानून को मंजूरी दी है, जो महिला हत्या को देश के आपराधिक कानून में शामिल करता है। इस कानून के तहत अपराधी को उम्र कैद की सजा मिल सकती है। यह कानून इटली के निचले सदन में 237 मतों से पारित हुआ। अंतिम मतदान में कानून को केंद्र-दक्षिणपंथी बहुमत और केंद्र-वामपंथी विपक्ष का द्विदलीय समर्थन मिला था। इसे आमतौर पर हत्या से जुड़ा कानून मान सकते हैं, लेकिन ये उतना ही अलग है जितना नस्लीय हत्या को 'नफरती हत्या' और बच्चों की हत्या को 'गंभीर' अपराध माना गया है। यह कानून लिंग से प्रेरित होकर किसी महिला की हत्या के अपराध को गंभीर बताता है। अगर कोई पुरुष पत्नी, प्रेमिका, पूर्व-पत्नी या पूर्व-प्रेमिका को महिला होने के नाते नफरत, नियंत्रण, ईर्ष्या, सम्मान या अपनी संपत्ति समझने की मानसिकता से मारता है तो इसे महिला-हत्या माना गया है। कानून के तहत महिलाओं का पीछा करना और बदला लेने वाली पोर्नोग्राफी जैसे लिंग-आधारित अपराधों के खिलाफ भी कड़े कदम उठाए गए हैं। प्रधानमंत्री मेलोनी ने कहा, "ये ठोस कदम हैं, लेकिन हम यहीं नहीं रुकेंगे। हमें और भी बहुत कुछ करना जारी रखना होगा। इसका विरोध शुरू हो गया है।

26/11 हमले की सत्रहवीं बरसी: कई पुलिस जवानों ने जान देकर बचाई थी हजारों जिंदगियां









मुंबई। मुंबई 26/11 आतंकी हमले के बुधवार को 17 साल पूरे हो गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, पीएम नरेंद्र मोदी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपाअध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस के राहुल गांधी समेत अनेक नेताओं ने हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। मुंबई में शहीदों को पुष्पांजलि देते पुलिस जवान और शहीदों के परिजन। वर्ष 2008 में हुए इस हमले में 166 लोग मारे गए थे जबकि तीन सौ से अधिक लोग घायल हुए थे।

'गोली लगने पर बोले थे मेजर संदीप, मैं संभाल लूंगा'


जागो इंडिया जागो
एजेंसी .मुंबई

मुंबई में सत्रह साल पहले हुआ यह हमला कभी नहीं भुलाया जा सकता। पूरा देश थम सा गया था, आतंकियों ने नरसंहार किया पर जवानों ने जान देकर बहुत से लोगों की जिंदगी बचाई। हमले में मुंबई आतंकवाद रोधी यूनिट (एटीएस) प्रमुख हेमंत करकरे भी शहीद हो गए। हमले की सूचना मिलते ही वे एसपी अशोक काम्टे और इंस्पेक्टर विजय सालस्कर के साथ पुलिस वाहन में सवार होकर कामा अस्पताल जा रहे थे। यहां दो आतंकियों के होने की सूचना थी। करकरे जैसे ही अस्पताल वाली गली के पास पहुंचे, आतंकवादी अजमल कसाब और अबू इस्माइल ने उन पर हमला कर दिया। करकरे की पुलिस वाहन के अंदर ही मौत हो गई। एसीपी अशोक काम्टे और इंस्पेक्टर विजय सालस्कर भी करकरे के साथ ही थे। कामा अस्पताल के बाहर ही आतंकी इस्माइल ने अशोक पर अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं। एक गोली उनके सिर में लगी। इसके बावजूद गंभीर रूप से घायल अशोक ने एक आतंकी को ढेर कर दिया। अपने दोनों साथियों के मारे जाने के बाद एनकाउंटर स्पेशलिस्ट विजय सालस्कर अकेले आतंकियों से लोहा लेने लगे। हालांकि, वे भी शहीद हो गए। आतंकियों ने उनकी बंदूक भी छीन ली। जब-जब मुंबई हमलों का जिक्र होगा, एएसआई तुकाराम का नाम जरूर आएगा। गिरगांव चौपाटी पर तुकाराम और उनकी टीम ने कसाब और इस्माइल की स्कोडा कार का टायर पंक्चर कर दिया था। आतंकवादी गोलीबारी करने लगे, तो तुकाराम केवल एक लाठी लेकर आतंकियों से भिड़ गए और जान दे दी। बावजूद कसाब को पकड़े रखा।

घायल होने के बाद भी लड़ते रहे

राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के मेजर संदीप उन्नीकृष्णन हमले के दौरान 'ऑपरेशन ब्लैक टॉरनेडो' का नेतृत्व कर रहे थे। वे ताज होटल में लगातार एक के बाद एक मंजिलों पर आतंकियों का सफाया करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जब उनके एक साथी कमांडो को गोली लगी, तो संदीप आतंकवादियों का ध्यान भटकाने के लिए आगे बढ़े। इस मुठभेड़ के दौरान उन्हें गोली लग गई। अपनी टीम के लिए उनके आखिरी शब्दे थे, "ऊपर मत आना, मैं संभाल लूंगा। नरीमन हाउस पर एनएसजी जवान गजेंद्र सिंह गोलीबारी के बीच रस्सी से ऊपर चढ़े और साथियों को घुसने में मदद की। इस दौरान वे शहीद हो गए। इसके अलावा इंस्पेक्टर शशांक शिंदे, पीएसआई कपिल कश्यप, बापूजी सोनवणे, बालासाहेब भोसले, कांस्टेबल अंबादास पवार, कांस्टेबल बालासाहेब बनकर, कांस्टेबल अरविंद नाथमवार, कांस्टेबल गोविंद सांखे, कांस्टेबल प्रकाश मोरे, समेत कई जवानों ने शहादत दी थी।

आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस: शाह



नई दिल्ली। मुंबई आतंकवादी हमले की 17वीं बरसी पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त नीति की बात की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर 26/11 हमले को अमानवीय और कायराना कृत्य बताया और अपनी जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने हमले में शहीद जवानों को नमन किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की स्पष्ट नीति है। शाह ने एक्स पर लिखा, 'वर्ष 2008 में आज के दिन आतंकियों ने मुंबई पर कायराना हमला कर वीभत्स और अमानवीय कृत्य किया था। हमले का सामना करते हुए बलिदान वीर जवानों को नमन और अपनी जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। आतंकवाद किसी एक देश के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानव जाति के लिए बहुत बड़ा अभिशाप है और मोदी सरकार की आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की स्पष्ट नीति को पूरा विश्व सराह रहा है।

गुस्साए छात्रों ने तोड़फोड़ कर लगाई वाहनों को आग



जागो इंडिया जागो
एजेंसी . भोपाल

मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में स्थित वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) विश्वविद्यालय के छात्र हिंसक प्रदर्शन कर रहे हैं। यहां छात्रों ने कई बसों-वाहनों को आग लगा दी और परिसर में तोड़फोड़ की। इसके बाद विश्वविद्यालय 5 दिन के लिए बंद कर दिया गया है। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय में पानी और भोजन खराब गुणवत्ता का है, जिससे कई छात्र बीमार हो गए हैं और उन्हें पीलिया हो गया है। वछात्रावास में रह रहे करीब चार हजार छात्रों ने परिसर में बस और कारों में आग लगा दी और भारी तोड़फोड़ की। छात्रों ने एंबुलेंस और चांसलर के बंगले को भी नहीं बख्शा। हालात बिगड़ते देख आसपास के 5 थानों का बल मौके पर पहुंचा और छात्रों को समझाया। अग्निशमन दल को भी मौके पर भेजा गया। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने 30 नवंबर तक अवकाश घोषित कर दिया है। कई छात्र छात्रावास छोड़कर जा चुके हैं। छात्र लंबे समय से पानी और खाने की गुणवत्ता को सुधारने की मांग कर रहे थे। छात्रों का कहना है कि खराब पानी के चलते 100 से ज्यादा छात्रों को पीलिया हो गया है। सुनवाई नहीं होने पर छात्रों ने विरोध किया, तो गार्ड्स ने उनके साथ मारपीट की। इसके कुछ वीडियो भी सामने आए हैं, जिसमें गार्ड छात्रों को पीटते दिख रहे हैं। इसके बाद छात्रों का गुस्सा भड़क गया। भड़की हिंसा के बाद पुलिसकर्मियों ने छात्रों को समझाइश देकर मामला शांत करा दिया था। हालांकि, आज सुबह फिर परिसर में हिंसा भड़क उठी और छात्रों ने एक इमारत में आग लगा दी। अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है।

महिला की प्रताड़ना पर भारत ने चीन को फटकारा



जागो इंडिया जागो
एजेंसी . नई दिल्ली

चीन के शंघाई हवाई अड्डे पर अरुणाचल प्रदेश की महिला पेमा वांगजोम थोंगडोक को परेशान किए जाने का मामला बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को पड़ोसी देश द्वारा अरुणाचल प्रदेश को चीन का अभिन्न अंग बताने के बाद उसे भारत की ओर से दो-तरफा जवाब मिला है। पीड़ित थोंगडोक ने कहा कि अरुणाचल-भारत एक है और सब एक-दूसरे के लिए खड़े हैं। दूसरी तरफ, भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी कहा कि अरुणाचल भारत का 'अभिन्न और अविभाज्य' राज्य है। थोंगडोक ने एक्स पर इस कूटनीतिक मुद्दे के समर्थन में बोलने वाले सभी लोगों को धन्यवाद दिया और कहा कि उनके पास ट्रोलर्स को जवाब देने के लिए समय नहीं है। उन्होंने दूसरे पोस्ट में लिखा, 'मैं भारत में रहती भी नहीं, इसलिए भारत सरकार जो कदम उठाएगी, वह भारतीय और अरुणाचलियों के फायदे और गर्व के लिए होगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार देर रात बयान जारी कर कहा, "हमने अरुणाचल प्रदेश की भारतीय नागरिक को मनमाने ढंग से हिरासत में लेने के बारे में चीनी विदेश मंत्रालय के बयान देखे हैं, जिसके पास वैध पासपोर्ट था और वह जापान जाने के लिए शंघाई से गुजर रही थीं। अरुणाचल भारत का अहम हिस्सा है। चीनी पक्ष के किसी भी इनकार से यह पक्की सच्चाई नहीं बदलेगी। मंत्रालय ने आगे कहा, महिला की हिरासत का मुद्दा चीनी पक्ष के सामने ज़ोरदार तरीके से उठाया गया है। चीनी अधिकारी अभी भी अपने कामों के बारे में सफाई नहीं दे पाए हैं, जो अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा को नियंत्रित करने वाले कई नियमों का उल्लंघन है। भारत इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।

चक्रवात 'सेनयार' दक्षिण भारत में असर दिखाएगा



जागो इंडिया जागो
एजेंसी . नई दिल्ली

पिछले दिनों आंध्र प्रदेश और ओडिशा में चक्रवात 'मोंथा' का असर दिखा था। अब एक और चक्रवात 'सेनयार' आगे बढ़ रहा है, जिसके चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है। मौसम विभाग ने बुधवार को बताया कि 2 मौसम प्रणालियां, मलक्का जलडमरूमध्य के ऊपर एक गहरा अवदाब क्षेत्र और बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण श्रीलंका के समीपवर्ती क्षेत्रों के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र पाया गया है। मलक्का जलडमरूमध्य उत्तरपूर्वी हिंद महासागर के अंडमान सागर और पश्चिमी प्रशांत महासागर के दक्षिण चीन सागर को जोड़ता है। इन दोनों मौसम प्रणालियों के कारण चक्रवात का असर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के अलावा तमिलनाडु, पुडुचेरी, आंध्र प्रदेश और केरल के कुछ हिस्सों में दिख सकता है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, चक्रवात के मद्देनजर आसपास के क्षेत्रों में पूरे दिन 60 किमी प्रति घंटे से लेकर 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती हैं। अगर मलक्का जलडमरूमध्य पर बना दबाव चक्रवाती तूफान में बदल जाता है, तो इसे 'सेनयार' कहा जाएगा। 26 और 27 नवंबर को निकोबार द्वीप समूह के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा और कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है।

आक्रोश: भाई से मिलने जेल पहुंची बहनों को पहले तो वहां से भगा दिया, बाद में जब विरोध किया तो उनसे अभद्रता की

पाक के पूर्व पीएम इमरान खान की बहनों को बुरी तरह पीटा

जागो इंडिया जागो
एजेंसी . इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान 2023 से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं, लेकिन उनका कोई अता-पता नहीं है। सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तानी सरकार ने उनका लोगों से मिलना-जुलना बंद कर दिया है। मंगलवार रात उनकी बहन नोरीन खान, अलीमा खान और उजमा खान उनसे मिलने गई थीं, लेकिन उनको बाल पकड़कर घसीटा गया और पीटा गया। रात भर जेल के सामने इमरान के समर्थकों का हंगामा हुआ है। इमरान की बहनों ने पंजाब पुलिस प्रमुख उस्मान अनवर को पत्र लिखकर पुलिसकर्मियों पर बिना उकसावे के क्रूर और सुनियोजित हिंसा का आरोप लगाया है। उन्होंने लिखा, हमने इमरान की स्वास्थ्य स्थिति को लेकर शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन किया था। न सड़कें जाम कीं, न गैरकानूनी आचरण में शामिल रहे। फिर भी, इलाके की स्ट्रीट लाइटें बंद कर दी गईं। इसके बाद पंजाब पुलिसकर्मियों ने 71 साल की उम्र में, मेरे बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया और सड़क पर घसीटा। इमरान के परिजनों को एक साल से उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा है। अंतिम बार उनकी तीनों बहनों ने परिवार के साथ 30 अक्टूबर, 2024 को अदियाला जेल के कॉन्फ्रेंस रूम में इमरान से मुलाकात की थी। पाकिस्तान सरकार इमरान की जेल की बिजली काट रही है, उन्हें घटिया खाना दे रही है।



अगस्त 2023 से जेल में बंद हैं इमरान

इमरान को अप्रैल 2022 को संसदीय अविश्वास प्रस्ताव से हटाया गया था। इसके बाद अगस्त, 2023 को लाहौर में टोशाखाना मामले (राजकीय उपहारों को अवैध रूप से बेचना) में उनको 3 साल की सजा हुई। फिर अल-कादिर ट्रस्ट मामले में पद के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के आरोपों में 14 साल की सजा हुई। नवंबर 2024 में भ्रष्टाचार मामले में उनको जमानत मिली, लेकिन 9 मई हिंसा के मामले में फिर गिरफ्तार हो गए। उनके ऊपर 186 से अधिक मामले हैं।

स्वामी जागो इंडिया जागो ट्रस्ट के लिए मुद्रक व प्रकाशक प्रतीक चौवे द्वारा जागो इंडिया जागो दैनिक हिन्दी अखबार, प्लाट नं. 23 कृष्णा एन्कलेव, पत्रकार कॉलोनी, धौलाई, मानसरोवर, जयपुर - 302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित। **संपादक** : * प्रतीक चौवे । RNI. No. : RJHIN/25/A3518 **फोन नं. :** 9888888130, **ईमेल-** contact@jagoindiajago.news *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।